दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 182 | जयपुर | बुधवार, 07 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष दशमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### गृह मंत्रालय की बैठक में लिए गए अहम फैसले, भारत की बढ़ेगी समुद्री ताकत

# पाकिस्तान से तनाव के बीच आज 244 जिलों में होगी मॉक ड्रिल, नोटम जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभर रहे 'नये और जटिल खतरों' के मद्देनजर सभी राज्यों से सात मई को 'मॉक ड्रिल' आयोजित करने को कहा है। मॉक ड्रिल को लेकर गृह मंत्रालय की आज बड़ी बैठक हुई है, जो कि गृहसचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई है। ऐसी बैठक करीब 54 साल बाद हुई है। बता दें ये मॉक ड्रिल 244 जिलों में की जाएगी। जिन जिलों में ये मॉक ड्रिल की जाएगी उसकी लिस्ट भी जारी कर दी गई है। दिल्ली में ये मॉक ड्रिल दिल्ली कैंट में आयोजित की जाएगी।

## बैठक में किन बातों पर हुई चर्चा

1. **नागरिक सुरक्षा अवसंरचना का आकलनः** बैठक के दौरान 244 नागरिक सुरक्षा इकाइयों की परिचालन स्थिति का मूल्यांकन किया गया है.
2. **प्रशिक्षण और जन जागरुकताः** आपातकालीन प्रोटोकॉल में नागरिकों को प्रशिक्षित करने की रणनीतियों और हवाई हमले के सायरन का जवाब देने और ब्लैकआउट स्थितियों को संभालने के तरीके पर जोर दिया गया है।
3. **आपातकालीन तैयारी के उपायः** बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा तत्परता का महत्व और हर घर में एक चालू मशाल और पर्याप्त मोमबत्तियां रखने की सिफारिश की गई है। इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल भुगतान विफलताओं के दौरान प्रबंधन के लिए नकद आरक्षित रखने की सलाह भी दी गई है।
4. **उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करनाः** 244 जिलों में से 100 से अधिक को अत्यधिक संवेदनशील के रूप में पहचाना गया है और तैयारी और बुनियादी ढांचे के उन्नयन के संदर्भ में उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



**सभी** राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को गृह मंत्रालय की ओर से भेजे गए परिपत्र में कहा गया है कि 'मॉक ड्रिल' के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, नागरिकों को 'किसी भी हमले' की सूरत में खुद को बचाने के

## 'मॉक ड्रिल' के लिए कमर कसी

लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना और बंकरों एवं खाइयों की साफ-सफाई शामिल है। अन्य उपायों में दुर्घटना की स्थिति में 'ब्लैकआउट' के उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा निकासी योजनाओं को अद्यतन करना एवं उनका पूर्वाभ्यास करना शामिल है। 'मॉक ड्रिल' में वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो-संचार लिंक का संचालन, नियंत्रण कक्षों और छाया नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का परीक्षण भी शामिल है। अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, 'मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में नये और जटिल खतरे/चुनौतियां उभरी हैं, इसलिए यह समझदारी होगी कि राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों में हर समय इष्टतम नागरिक सुरक्षा तैयारियां बनाए रखी जाएं।'

## एक्शन में भारत सरकार

**पहलगाम** में 22 अप्रेल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा अपने विकल्पों पर विचार करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई उच्चस्तरीय बैठकें कर रहे हैं। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। पीएम मोदी ने हमले को अंजाम देने वालों और इसकी साजिश रचने वालों का 'दुनिया के आखिरी छोर तक पीछा करने' और उन्हें 'उनकी कल्पना से भी' ज्यादा कठोर सजा देने का संकल्प जताया है।

## राजस्थान के 28 शहरों में आज होगा ब्लैकआउट

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद राजस्थान के 28 शहरों में भी युद्ध के दौरान होने वाले हमले से बचने के लिए कल (7 मई) मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल में सायरन बजते ही आधे घंटे के लिए सभी 28 शहर अंधेरे में डूब (ब्लैकआउट) जाएंगे। यह सायरन हवाई हमले से सतर्क करने के लिए बजाए जाते हैं। केंद्र सरकार ने युद्ध के दौरान बचाव के लिए सिविल डिफेंस की तीन कैटेगरी में शहरों को बांटा है। इनमें कोटा और रावतभाटा (चित्तौड़गढ़) को सबसे संवेदनशील शहरों वाली कैटेगरी में रखा गया है। वहीं, जयपुर सहित 18 शहरों को कम संवेदनशील वाली दूसरी कैटेगरी में रखा गया है। सबसे कम संवेदनशील वाली कैटेगरी में 8 शहर शामिल हैं। इन शहरों में रात में सायरन बजेंगे और ब्लैकआउट भी होगा। जयपुर में शाम 4 बजे मॉक ड्रिल होगी। वहीं जोधपुर, जैसलमेर समेत कई शहरों में मॉक ड्रिल के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जैसलमेर, जोधपुर,बीकानेर में हवाई हमले से अलर्ट करने वाले सायरन बजाकर देखे गए।

## रूस से इसी महीने आ जाएगा जंगी जहाज तमल

**नई दिल्ली (बढ़ता राजस्थान)।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध की संभावनाओं के बीच भारत की समुद्री ताकत बढ़ने वाली है। रूस में बने एक मॉडर्न स्टील्थ युद्धपोत 'तमल' को भारतीय नौसेना को मई के अंत (28 मई) में सौंपा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लैस होगा। जो रडार की पकड़ में भी नहीं आएगा। तमल युद्धपोत 2016 में हुए भारत-रूस रक्षा समझौते का हिस्सा है, जिसके तहत चार तलवार-क्लास स्टील्थ फ्रिगेट बनाए जा रहे हैं। इनमें से दो रूस के यंतर शिपयार्ड में और दो भारत के गोवा शिपयार्ड में बन रहे हैं। तमल रूस में बनने वाला दूसरा फ्रिगेट है। इससे पहले INS तुशिल को दिसंबर 2024 में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में कमीशन किया था।

### पहले हमारा पानी बाहर जा रहा था, अब हमारे लिए रुकेगा और काम आएगा

# भारत का पानी भारत के हक में बहेगा: पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम समिट में कहा, 'दशकों तक हमारी नदियों का पानी झगड़े का मुद्दा रहा। हमारी सरकार ने नदियों को जोड़ने का बड़ा फैसला किया है। आजकल मीडिया में पानी को लेकर बहुत बातें चल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा, हक में रुकेगा और भारत के ही काम आएगा।' पीएम ने यह बात सिंधु जल समझौते के संदर्भ में कही। दरअसल, पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। भारत ने सिंधु जल समझौते को खत्म करने के अलावा कई सख्त फैसले लिए हैं।



## बैंकिंग सिस्टम मजबूत किया, एअर इंडिया को बचाया

2014 से पहले हमारे बैंक बर्बाद होने की कगार पर थे। आज भारत का बैंकिंग सेक्टर दुनिया के सबसे मजबूत सिस्टम में से एक है। रिकॉर्ड फायदे में है। जमा करने वालों को इसका फायदा है। हमारी सरकार ने बैंकिंग में रिफॉर्म किए। छोटी बैंक को मर्जर किया। एअर इंडिया डूब रही थी। देश के हजारों करोड़ रुपए डूब रहे थे। हमारी सरकारी ने एअर इंडिया को बचाया। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

## आपका पैसा बचा, गाली मोदी ने खाई

**हमारे** पूर्व पीएम ने माना था अगर सरकार 1 रुपया गरीब को भेजती है, तो 85 पैसा लूट जाता है। सरकारें बदलती रहीं, लेकिन गरीब की दिशा में ठोस काम नहीं हुआ। हमारी सरकार ने तय किया कि 1 रुपया पूरा गरीबों को मिले। इसके लिए डायरेक्टर अकाउंट में भेजा। 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी ऐसे थे जिनका कभी जन्म तक नहीं हुआ था। पहले वाले यही सिस्टम बना कर गए थे। हमारी सरकार ने इन 10 करोड़ फर्जी नामों को हटाया। डीबीटी के जरिए पूरा पैसा गरीबों के बैंक खातों में भेजा। इससे साढ़े 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा गलत हाथों में जाने से बचा है। मतलब आपका पैसा बचाया है। पैसा आपका बचा, गाली मोदी ने खाई।

## वन रैंक वन पेंशन दी

**वन** रैंक वन पेंशन का मामला दशकों से लटका हुआ था। तर्क था कि इससे सरकारी खजाने पर बोझ पड़ेगा। हमारी सरकार ने जीवन खपाने वालों के हित को सर्वोपरि रखा। अब तक हमारी सरकार सवा लाख करोड़ रुपए से ज्यादा वन रैंक वन पेंशन में दे चुकी है।

## ट्रिपल तलाक और वक्फ का कानून बनाया

**ट्रिपल** तलाक के मामले पर बात नहीं की जाती थी। मुस्लिम परिवारों, महिलाओं के हित में ट्रिपल तलाक का कानून बनाया। वक्फ कानून में बदलाव की मांग दशकों से की जा रही थी। इसमें जरूरी बदलाव किए गए। इससे गरीब मुस्लिमों, परमांदा मुस्लिमों को फायदा मिलेगा।

## इंडिया-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ

**इंडिया-यूके** फ्री ट्रेड एग्रीमेंट फाइनल हो चुका है। विश्व की दो बड़ी ओपन मार्केट इकोनॉमी के बीच दोनों देशों के विकास में नया अध्याय जुड़ेगा। इससे भारत में इकोनॉमिक एक्टिविटी को बूस्ट मिलेगा। कुछ समय पहले हमने यूएई, मॉरीशस के साथ ट्रेड साइन किए। भारत आज रिफॉर्म नहीं कर रहा, बल्कि दुनिया के साथ एक्टिवली एंगेज करके हब बना रहा है।

## हमारी एक ही पॉलिसी, नेशन फर्स्ट

देश का हित सर्वोपरि रखा जाए, ये जरूरी है। देश के सामर्थ्य पर भरोसा किया जाए, लेकिन दशकों से देश में विपरीत धारा बही, इसका देश ने बहुत नुकसान उठाया। पहले कोई भी बड़ा कदम उठाने के पहले ये सोचा जाता था कि दुनिया क्या सोचेगी। वोट मिलेगा या नहीं मिलेगा, कुर्सी मिलेगी या नहीं, वोट बैंक छिटकेगा तो नहीं। अलग-अलग स्वार्थ के कारण बड़े फैसले टलते ही जा रहे थे। कोई भी देश ऐसे आगे नहीं बढ़ता है। देश तब आगे बढ़ता है जब एक पॉलिसी हो, नेशन फर्स्ट, राष्ट्र प्रथम। बीते एक दशक में इसी नीति को लेकर भारत आगे बढ़ रहा है। जो हमने देखा है।

## चिनाब नदी का पानी रोकने से पाकिस्तान में जलसंकट

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद।** भारत ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पर बने सियाल और बगलिहार बांध के गेट बंद कर दिए हैं। इसके चलते पाकिस्तान जाने वाला चिनाब का पानी रुक गया है और वाटर लेवल घटकर 15 फीट रह गया है। पाकिस्तान में चिनाब का पानी 22 फीट था जो 24 घंटे में 7 फीट घट गया। चिनाब के लगातार सिकुड़ने से 4 दिन बाद पंजाब के 24 अहम शहरों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ सकता है।

पाकिस्तान के फैसलाबाद और हाफिजाबाद जैसे घनी आबादी वाले शहरों की 80 फीसदी आबादी पेयजल के लिए चिनाब के सतही पानी पर निर्भर है। सिंधु जल प्राधिकरण ने आशंका जताई कि भारत के इस कदम से खरीफ की फसलों के लिए पानी में 21त्न की कमी आएगी। पाकिस्तानी संसद ने इसे युद्ध छेड़ने की कार्रवाई बताया है।

## एक दिन में सोना 1,606 महंगा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 6 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,606 बढ़कर 96,888 पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 95,282 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,754 बढ़कर 95,854 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 94,100 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रेल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सड़क हादसे के घायलों का 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज

**नई दिल्ली ( बढ़ता राजस्थान )।** सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों और उनके परिवारजनों के लिए बड़ी राहत का ऐलान हुआ है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.5 लाख तक की कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम की घोषणा की है। सड़क परिवहन मंत्रालय की एक गैजेट अधिसूचना के मुताबिक- कोई सड़क हादसा मोटर वाहन की वजह से होता है, तो उसमें घायल व्यक्ति का इलाज कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के तहत किया जाएगा। पीड़ित के साथ हादसा चाहे किसी भी सड़क पर हुआ हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए किए जाने की भी तैयारी चल रही है। किसी सड़क हादसे के बाद का एक घंटा 'गोल्डन ऑवर' कहलाता है। इस दौरान इलाज न मिल पाने से कई मौतें हो जाती हैं। इसी को कम करने के लिए यह योजना शुरू की जा रही है।




### नवीकरणीय ऊर्जा के क्षितिज पर चमकता राजस्थान का सूरज

# कुसुम योजना में 1 हजार मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता का बनाया नया कीर्तिमान: मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सूरज भले ही हर दिन पूरब से उदित होता हो लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सौर ऊर्जा का सूर्य निश्चित तौर पर देश के पश्चिमी राज्य राजस्थान में चमक रहा है। सूर्य भगवान की विशेष कृपा से प्रदेश की सुनहरी रेतीली धरती में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिनके दोहन के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा पहले दिन से ही निरंतर प्रयासरत हैं। राजस्थान को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य की दिशा में पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से एक बड़ी कामयाबी मिली है तथा राजस्थान ऐसा अग्रणी राज्य बन गया है जहां इस योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत सौर ऊर्जा उत्पादन 1 हजार मेगावाट से अधिक हो गया है। सौर ऊर्जा का उपयोग कर किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति की दिशा में भी राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है जिससे आज प्रदेश में 1 लाख 70 हजार से अधिक किसानों को दिन में बिजली सुलभ होने लगी है।

पीएम कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के तहत ही 560 ग्रिड कनेक्टेड विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर 70 हजार से अधिक कृषि उपभोक्ताओं को दिन में बिजली दी जा रही है। वहीं इस योजना के कम्पोनेंट-बी में लगभग 1 लाख किसानों के कृषि पम्पों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है। राज्य द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुसुम-ए में दो बार में कुल 6 हजार मेगावाट क्षमता के संयंत्रों के अतिरिक्त आवंटन को स्वीकृति दी है तथा कम्पोनेंट-सी में 2 लाख सोलर पम्पों का अतिरिक्त आवंटन किया है। इस प्रकार इस योजना में प्रदेश में लगभग 12 हजार मेगावाट क्षमता के प्लांट स्थापित किए जाने का लक्ष्य रख कार्य किया जा रहा है।



## हर दिन ग्रिड से जुड़ रहा एक नया सौर ऊर्जा संयंत्र

**पूर्ववर्ती** सरकार के अंतिम तीन सालों में जहां केवल 92 प्लांट ही स्थापित किए जा सके थे। वहीं आज प्रदेश में कम्पोनेंट-सी में लगभग हर दिन औसतन एक नया सौर ऊर्जा संयंत्र ग्रिड से जुड़ रहा है। बीते 6 माह में प्लांटों के क्रियाशील होने की गति में और तेजी आई है। इस अवधि में कम्पोनेंट-ए में 183 मेगावाट क्षमता के 134 तथा कम्पोनेंट-सी में 514 मेगावाट क्षमता के 196 प्लांट स्थापित हुए हैं। यह प्रगति इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि जबसे यह योजना प्रारंभ हुई उसके बाद से ऊर्जा उत्पादन में प्रतिदिन औसतन चार से पांच मेगावाट क्षमता की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो रही है।

## अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बन रहे किसान

**योजना** के तहत यह प्लांट मुख्यतः राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हो रहे हैं जहां कृषि कनेक्शन अधिक संख्या में हैं। खेत के समीप भूमि पर लग रहे अधिकतम 5 मेगावाट क्षमता तक के इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से किसानों को खेती से जुड़े कार्यों के लिए दिन में बिजली सुलभ होने लगी है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के एक नए युग की शुरूआत हुई है। अपनी भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर किसान अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता भी बन रहे हैं जिससे उन्हें आमदनी का एक अतिरिक्त जरिया भी मिला है। योजना में फीडर लेवल सोलराइजेशन के अन्तर्गत 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन के लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाने का प्रावधान है। कंपोनेंट-ए में अधिकतम 2 मेगावाट क्षमता तक तथा कंपोनेंट-सी में अधिकतम 5 मेगावाट क्षमता तक के ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# खमनोर सीएचसी में सरकारी आदेशों की अनदेखी

## सरकारी के बजाय बाहर की दवाइयों से किया जा रहां है उपचार






### मरीज बाहर से महंगी दवाइयां खरीदने पर मजबूर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** खमनोर राज्य सरकार द्वारा निन्शुल्क दवा योजना चलाए जाने के बावजूद, खमनोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मरीजों के परिजनों का मानना कि कुछ डॉक्टर कमीशन के चक्कर में मरीजों को बाहर की दवाइयां लिख रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर और मेहनतकश लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। सरकार की ओर से दवाईयों के नाम पर दी जा रही रियायत गरीब, किसान, मजदूर के लिए नहीं के बराबर है। सक्षम व्यक्ति पैसे देकर कहीं भी इलाज करवा सकता है।

लेकिन ग्रामीण परिवेश में ऐसे लोग भी मिलेंगे जिनके पास खाने के लिए दो वक्त कि रोटी नहीं लेकिन उस दो वक्त की रोटी के लिए कड़ी धूप में मेहनत करने वाला लाचार व्यक्ति अपने स्वास्थ्य का इतना ध्यान नहीं दे पाता। शायद इसीलिए अस्पताल में नि:शुल्क दवा काउंटर पर इनकी भीड़ ज्यादा दिखाई देती है। लेकिन खमनोर उस्पताल में इसका उल्टा ही होता है। यहां चिकित्सक सरकारी दवाओं से उपचार करने से परहेज कर, सरकारी पर्ची पर बाहर से महंगी दवाएं मंगवाकर मरीजों का इलाज कर रहें है। बिमार व्यक्ति की बिमारी से परेशान परिजन पहले ही परेशान रहते है, उनको फ्री या महंगी दवाओं से उपचार करने वाले चिकित्सकों को सरकारी नियमों का हवाला देने का मौका नहीं होता है। उनका केवल यहीं ध्येय रहता है कि मरीज का समय पर व सही उपचार हो जाए। शायद इसी बात का फायदा ये सरकारी अस्पताल के चिकित्सक उठाते है और नि:शुल्क की बजाय मंहगी दवाओं से उपचार किया जाता है।

### ऑफीस में आकर मिलना

इस गंभीर मुद्दे पर जब खमनोर सीएससी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ओम प्रकाश लाठी से उनके द्वारा ही जारी किए गए पूर्व के आदेश के बावजूद स्वयं और अन्य चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाइयां लिखने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कार्यालय में आकर मिलने की बात कहकर फोन काट दिया।, उसके बाद उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### इनका कहना है...

खमनोर अस्पताल में नि:शुल्क की बजाय बाहर से दवा मंगवाने का मामला संज्ञान में आया है, कल मामले की जांच करवाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगवाता हूं। अगर कोई दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

डॉ हेमंत कुमार बिंदल,
सीएमएचओ, राजसमंद

### आदेश निकालने वाले ही लिख रहें है बाहर से दवा

यह चौंकाने वाली बात है कि सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कुछ समय पहले ही स्वयं ने कार्यालय से एक आदेश जारी किया था, जिसमें चिकित्सकों को अस्पताल के अंदर मुख्यमंत्री निन्शुल्क दवा योजना के तहत उपलब्ध दवाइयां ही लिखने के निर्देश दिए गए थे। आदेश में यह भी स्पष्ट रूप से लिखा था कि किसी भी दवा की अनुपलब्धता की स्थिति में फार्मासिस्ट से संपर्क किया जाए और उपलब्ध विकल्प लिखा जाए। आदेश की अवहेलना करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। हालांकि, दैनिक नवज्योति खमनोर संवाददाता को ऐसी 10 से 15 पर्चियां मिली हैं, जिन पर बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां लिखी गई हैं। जब इस संबंध में अस्पताल में पहुंचकर वास्तविकता की जानकारी ली तो, स्थिति और भी चिंताजनक पाई गई। वार्ड में भर्ती मरीजों को बाहर से इंजेक्शन लाकर लगाए जा रहे थे, और वार्ड में रखा डस्टबिन भी बाहर की दवाइयों के खाली रैपरों से भरा पड़ा था, जो इस बात की गवाही दे रहा था।

### आखिर स्वयं ने क्या लिखा आदेश में?

क्या नियम सिर्फ कागजों में ही चलते हैं। शायद यहीं वजह रही खमनोर सीएचसी कि यहां पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सीएससी खमनोर ने कुछ समय पूर्व आमजन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा की गई शिकायतों का हवाला देते हुए एक कार्यालय आदेश जारी किया। जिसकी प्रतिलिपि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजसमंद को भी प्रेषित की। जिसमें स्पष्ट तौर पर लिखा हुआ था चिकित्सकों द्वारा मरीजों को बाहर की दवाई लिखी जा रही है, जो नियम के विरुद्ध है। इस संबंध में सभी को आदेशित किया था कि ओपीडी पर्ची पर सभी प्रकार की दवाइयां चिकित्सालय के अंदर मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना में उपलब्ध दवाइयां से ही लिखी जाए। किसी भी तरह की दवाई न उपलब्ध होने पर फार्मासिस्ट से संपर्क करें एवं उस दवाई का उपलब्ध विकल्प लिखा जाए, इसके साथ ही उसमें लिखा के आदेशों की अवहेलना करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह है कि यह कार्यालय आदेश लोगों की शिकायतों से ध्यान भटकने के लिए ही होते या इन आदेशों की धज्जियां उड़ने पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होती है। या चिकित्सकों के लिए कमीशन ही सब कुछ है उन्हें ऐसे आदेशों से कोई फर्क नहीं पड़ता।

## इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने राजकीय विद्यालय को बनाया हैप्पी स्कूल




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने देवरा मगरी भुवाणा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को हैप्पी स्कूल में परिवर्तित किया।

क्लब की प्रेसिडेंट नयना जैन ने बताया कि, क्लब ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को बदलने के लिए एक व्यापक सौंदर्यीकरण परियोजना शुरू की, जिसमें दीवारों पर पेंटिंग, शैक्षिक चित्रकला तथा शौचालयों का नवीनीकरण शामिल थे। क्लब ने छात्रों को स्कूल यूनीफॉर्म , स्कूल बैग्स, स्टेशनरी, जूते, खाद्य पैकेट, सफाई उपकरण और पानी के कैम्पर प्रदान किए तथा हाथ धोने के लिए एक नया वॉश बेसिन लगवाया। इस प्रोग्राम में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियों से सबको आकर्षित किया। हैप्पी स्कूल प्रोग्राम का उद्देश्य शैक्षिक प्रदर्शन, छात्र संलग्नता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है।

क्लब की फाउंडर प्रेसीडेंट रेखा भाणावत ने बताया कि इस पहल से छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, और विद्यालय का वातावरण अधिक आकर्षक और शैक्षिक बनेगा। इस अवसर पर आशा श्रीमाली, डॉ सुलेखा मोगरा, ललिता बापना, आशा नवेडिया, कविता जैन, ज्योति साहू, प्रीति श्रीमाली, अनीता सरावगी, विनीता पामेचा, मीना बोकडिया, सुनीता बोकडिया, विंकल मोगरा, वंदना जैन शामिल हुए।

## नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर 11 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्री रामचरित मानस समिति द्वारा 11 मई को बीइंग मानव व नक्षत्र ज्योतिष संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 11 मई को अशोका पैलेस के मधुश्री बैंक्वट हॉल में नि:शुल्क ज्योतियष परामर्श शिविर आयोजित किया जोगा। समिति के संस्थापक पं. सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि पं. सत्यनाराण चौबीसा ने बताया कि इस शिविर में कुण्डली मिलान,कालसर्प दोष,मांगलिक कुण्डली,वास्तु दोष को अनेक ज्योतिषियों द्वारा नि:शुल्क देखा जायेगा।

बीईंग मानव के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि जनोपयोगी रूप से महत्वपूर्ण यह शिविर पूर्ण रूप से नि:शुल्क रहेगा। ज्योतिष संबंधी किसी प्रकार की समस्या का समाधान पण्डितों द्वारा किया जायेगा।

नक्षत्र शोध संस्थान के अध्यक्ष डॉ. भगवती शंकर व्यास ने बताया कि इस शिविर में आने वाले नागरिक की हर समस्या का समाधान पण्डितों द्वारा निकालनें का पूरा प्रयास किया जायेगा। शिविर संयोजक पं सुरेश जोशी ने बताया कि मधुश्री बेंक्वेटहॉल में प्रात: 9 से 2 बजे आयोजित किया जायेगा। शिविर में ज्योतिष वार्ता भी आयोजित होगी। जिसके विशिष्ठ अतिथि कुलदीप चतुर्वेदी होंगे।पं. सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि शिविर में आने वाले लोग अपने साथ अपनी कुण्डली अवश्य ले कर आए। शिविर में पं. भगवती शंकर व्यास, पं. गणेशलाल नागदा,पं. सुरेश जोशी, पं. गणपतलाल शास्त्री, डॉ.कुंजन आचार्य, शंकरलाल साहु, डॉ.मंजू शर्मा, माथुर, मीना शर्मा, मुमल मेनारिया, आदि पण्डित अपनी सेवायें देंगे।

## वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान ने सीमा वेद को वृक्षम नारी सम्मान से किया सम्मानित



**उदयपुर (नि.स.)।** वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान ने भारत की आजादी के महासंग्राम में मातंगिनी हाजरा प्रीति लता अंबिका चक्रवर्ती लक्ष्मी सहगल रानी चेन्नम्मा दुर्गावती देवी तारा रानी श्रीवास्तव सरोजिनी नायडू जैसी महिलाओं की उनके पराक्रम बलिदान की वीरगाथाकाल को 21000 फीट कपड़े पर लिखकर 70 से अधिक वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट में अपना नाम दर्ज कर चुकी डॉक्टर सीमा वेद को वृक्षम नारी सम्मान से नवाजा।

अध्यक्ष गोपेश शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल पारीक, सचिव यशवंत त्रिवेदी ने ताज, शाल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया इस अवसर पर संस्थान के एग्जीक्यूटिव सदस्य महेश उपाध्याय, लविश चपलोत भी उपस्थित थे।

# राजसमंद में कुंवारिया पावर ग्रिड पर लगी आग, प्रशासन ने किया मॉकड्रिल

## कलेक्टर, एसपी सहित फायर बिग्रेड पहुंची मौके पर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में कुंवारिया के पास पावर ग्रिड स्टेशन पर मंगलवार को अचानक आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर कलेक्टर, एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।दरअसल, राज्य सरकार की एडवाइजरी पर जिला प्रशासन द्वारा आज मॉकड्रिल की गई थी, जिसका उद्देश्य जिले में किसी भी आपात स्थिति पर प्रशासनिक अधिकारियों के रिस्पॉन्स और टीम की सतर्कता की जांच करना था।कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा मॉकड्रिल की जाती है। इसके तहत आज राजसमंद के कुंवारिया कस्बे के पास स्थित पावर ग्रिड स्टेशन पर मॉकड्रिल किया गया।

इस पावर ग्रिड स्टेशन से राजसमंद में बिजली आपूर्ति होती है।आपात काल में यदि पावर ग्रिड स्टेशन पर यदि कोई ब्लास्ट होता या आगजनी होती है, तो कैसे निपटेंगे। इसी को ध्यान में रखकर राजसमंद प्रशासन द्वारा मॉकड्रिल की गई।मॉकड्रिल स्टेशन पर आगजनी की घटना की सूचना के बाद पहुंचे विभागीय अधिकारियों का रिस्पॉन्स टाइम नोट किया गया।

इसके अलावा पावर स्टेशन का आल्टरनेट पावर सप्लाई सिस्टम भी चेक किया गया, जिसमें बाइपास पावर सप्लाई करके राजसमंद में कैसे बिजली आपूर्ति हो सके, उसकी जांच की गई। इस दौरान विभागों का रिस्पॉन्स टाइम सही रहा और फायर ब्रिगेड की टीम भी समय पर पहुंची।घटना के बाद सबसे पहले 1 बजकर 5 मिनट पर कलेक्टर और एसपी पर मौके पर पहुंचे।

उसके बाद कुल 25 डिपार्टमेंट के अधिकारी एक के बाद एक पहुंचते रहे। 1 बजकर 40 मिनट पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर और एसपी ने सभी को हमेशा अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

## आयुग स्वामी को दिल्ली में फैशन अवार्ड समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री रिमी सेन ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (कृष्ण कुमार)।** दिल्ली में आयोजित फैशन अवार्ड समारोह में साहवा निवासी हाल जयपुर के आयुग स्वामी को बॉलीवुड अभिनेत्री रिमी सेन ने डायनैमिक पर्सनालिटी अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर रिमी सेन ने उन्हें सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। आयुग स्वामी के पिता नितेश कुमार स्वामी, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, ने बताया कि आयुग पहले भी मॉडलिंग और फैशन की दुनिया में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्हें कई बॉलीवुड सितारों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

आयुग स्वामी वर्तमान में कई दिग्गज कंपनियों के साथ फोटो शूट और मॉडलिंग का काम कर रहें है और फैशन इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। इसके साथ-साथ आयुग शैक्षणिक स्तर भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। कुछ समय पहले ही आयुग इण्डिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अचिवर की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। उनके इस सम्मान से जयपुर और राजस्थान को गर्व की अनुभूति हुई है।

## विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

### जीवन की सबसे ज्यादा खुशी मानव सेवा : नित्येन्द्र मानव

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** जीवन बचाओ आंदोलन और शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विराटनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन मंगलवार प्रात: 09 से दोपहर 01 बजे तक किया गया। शिविर संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता नित्येन्द्र मानव ने बताया कि शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर व विराटनगर सीएचसी में कार्यरत चिकित्सकों ने अपनी सेवायें दी।

शिविर में कुल 115 मरीजों की नि:शुल्क आंखों की जांच की गई तथा एक दर्जन मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों का ऑपरेशन जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क किया जायेगा। मानव ने कहा कि जीवन में सबसे ज्यादा खुशी मानव सेवा से ही संभव है। इस कैंप द्वारा लोगों की आंखों को फिर से रोशनी मिल सकेगी, इससे बढ़कर कोई खुशी नहीं है।

सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत मीणा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इंसान का सच्चा धर्म मानव सेवा होना चाहिये। ग्रामीणों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विनोद सुरजपुरा, राजेश कुमार हाडिया, विक्रम जितरवाल, राजेन्द्र यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** नई मंडी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 315 बोर के देशी कट्टे बरामद हुए हैं। नई मंडी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया-पहली कार्रवाई में हिंडौन बायपास से हनुमान कॉलोनी निवासी आशीष गुर्जर को पकड़ा। उसके पास से एक देशी कट्टा मिला। दूसरी कार्रवाई में गोवर्धन नगर से दिलसुख सिकलीगर को गिरफ्तार किया। उसके पास से भी 315 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अवैध हथियारों के स्रोत और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जिसमें विशेष भूमिका उप निरीक्षक सोहन सिंह रामवीर सिंह, जोगेंद्र, भागीरथ सिंह, राजेश, पारस की विशेष भूमिका रही।

## उदयपुर के दीपांकर चक्रवर्ती ने विश्व मास्टर्स लॉन टेनिस जीता में दोहरा खिताब

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (नि.स.)।** अन्तर्राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा विश्व मास्टर्स लॉन टेनिस का आयोजन जयपुर के जमना टेनिस अकादमी में हुआ। जिसका आज समापन हुआ।

प्रतियोगिता के 60 वर्ष आयु वर्ग में उदयपुर के वेटरन टेनिस खिलाड़ी डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने दोहरा खिताब जीता। सिंगल्स के फाईनल में दीपांकर ने दिनेश फुलवारिया को 6-2,6-3 से हराकर खिताब पर कब्जा कियां।

इसी आयु वर्ग के डबल्स के फाईनल में दीपांकर व दिल्ली के रवीन चौधरी के साथ मिलकर अरूण शर्मा एवं आर जाखड़ की जोड़ी को 6-3,6-3 से हराकर डबल्स के खिताब पर भी कब्जा किया। इस जीत में खिलाड़ियों को अतिरिक्त 100 अंक प्राप्त हुए।

# डोल का बाढ़ वन क्षेत्र बचाये जाने की मांग, हाडिया ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

बढ़ता राजस्थान

- हजारों पेड़ों और पक्षियों का आशियाना है डोल का बाढ
- 2500 पेड़ों की कटाई पर्यावरण के लिए विनाशकारी : राजेश हाडिया

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** जयपुर के डोल का बाढ़ वन क्षेत्र में फिनटेक पार्क एवं मॉल और रेजिडेंशियल स्पेस बनाने के लिए 2500 पेड़ों की कटाई की योजना बनाई गई है। इस वन क्षेत्र को बचाये जाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार हाडिया ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है और मुख्यमंत्री से पेड़ों की कटाई को रोकने की मांग की। पत्र में लिखा है कि डोल का बाढ़ हजारों पेड़ों और पक्षियों का आशियाना है। यह क्षेत्र एक घना वन है, जिसे कुंज कहा जाता है, और यह शहर के बीचों-बीच स्थित है। यह 40 हैक्टेयर में फैला वन क्षेत्र है, जिसमें करीब ढाई हजार पेड़ और 80 से अधिक प्रजातियों के हजारों पक्षी निवास करते हैं।

इनमें अनेकों औषधीय पेड़ पौधे भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में फिनटेक पार्क एवं मॉल और रेजिडेंशियल स्पेस के लिए 2500 पेड़ों की कटाई की योजना बनाई गई है, जो कि पर्यावरण के लिए विनाशकारी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस प्रोजेक्ट को यहां से हटाये या इसमें बदलाव किए जाएं, जिससे पेड़ों की कटाई रोकी जा सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाते हुए लिखा है कि पेड़ों की कटाई से न केवल पर्यावरण को नुकसान होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और उनकी सांसें भी प्रभावित होंगी।

हाडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर ध्यान दें और पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं। हाडिया ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस मुद्दे पर सरकार से सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद की हैं।

## नाथद्वारा में मां तुलसी मानव सेवा संस्थान की अनूठी पहल

### पशु-पक्षियों के लिए प्याऊ और परिंडे

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा जहां जरूरतमंद इंसानों के लिए प्याऊ लगाना एक आम बात है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना बहुत कम लोग सोचते हैं। लेकिन नाथद्वारा में मां तुलसी मानव सेवा संस्थान इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्थान द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में पशुओं के लिए पानी की टंकियां रखवाई जा रही हैं और पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे बांधे जा रहे हैं। मां तुलसी मानव सेवा संस्थान के पदाधिकारी और सदस्यों ने सुखाडिया नगर, गणेश टेकरी, श्रीनाथ कॉलोनीए, श्रीनाथ कॉलोनी बी, लालबाग सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर गौ माता के लिए 10 पानी की टंकियां स्थापित की हैं। इसके साथ ही, उन्होंने 100 से अधिक पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे बांधकर उनके लिए भी पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

## ठेका कर्मचारियों को जल्द मिलेगी राहत, संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में: गजेंद्र सिंह राठौर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** राज्य के हजारों ठेका कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर ने सोमवार को कार्मिक विभाग के सचिव केके पाठक से मुलाकात कर ठेका प्रथा को समाप्त करने और कर्मचारियों को संविदा पर लेने की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की। राठौर ने मीटिंग में पूर्व बजट घोषणाओं और वर्तमान में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से जारी हो रहे नियुक्ति पत्रों की जानकारी ली।

उन्होंने सचिव से यह भी जानना चाहा कि कर्मचारियों को कब तक ठेका प्रथा से मुक्ति मिल पाएगी। कार्मिक सचिव केके पाठक ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्रक्रिया पूरी कर कर्मचारियों को संविदा पर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है और शीघ्र ही इसका परिणाम दिखेगा।मीटिंग में चिकित्सा विभाग वार्षिक निविदा ठेका कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, कुलदीप यादव, शैलेंद्र शर्मा, बीकानेर से वीरेंद्र कुमार सहित कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सभी ने सचिव को कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार यदि इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेती है, तो यह हजारों अस्थायी कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा लेकर आएगा।

## फोर्टी की मुहिम, चीन से आयात और मलेशिया- तुर्की में पर्यटन कम

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** केंद्र सरकार ने 7 मई को देशभर में युद्ध की स्थिति में सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आदेश दिया है। फोर्टी संरक्षक सुरजाराम मील ने सभी उद्यमियों और प्रदेश की आम जनता को प्रोटोकॉल का पालन करने का आह्वान किया है। मील का कहना है कि ऐसे वक्त में देश और प्रदेश की समस्त जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है, सरकार की ओर से उठाए गए सभी कदमों का पुरजोर तरीके से समर्थन करना है।

फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) की ओर से पाकिस्तान के सहयोगियों के विरोध का ऐलान किया है। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि पूरी दुनिया के देश पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ हैं, लेकिन चीन, मलेशिया और तुर्की अज़रबैजान आतंकियों की कायराना हरकत पर पाकिस्तान का पक्ष ले रहे हैं। इसलिए फोर्टी ने फैसला किया है कि चीन से वस्तुओं के आयात को कम से कम किया जाए, साथ ही प्रदेश के सभी व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि चाइनीज उत्पादों का रोजगार के जीवन में कम से कम इस्तेमाल करें और कम से कम खरीदारी करें, उनकी जगह भारतीय या मित्र देशों के उत्पादों को ही बाजार से खरीदें।

मलेशिया और तुर्की अज़रबैजान की अर्थव्यवस्था की धुरी वहां का पर्यटन उद्योग है। मलेशिया जाने वाले कुल विदेशी पर्यटकों में से सबसे ज्यादा 28 प्रतिशत भारतीय होते हैं। इसलिए फोर्टी देश- प्रदेश के सभी उद्योगपति और व्यापारियों से अपील करता है कि मलेशिया और तुर्की अज़रबैजान जी मैं यू व्हाट्सएप व्हाट्सएप अकाउंट को अपने टूरिज्म प्लान से बाहर करे और इन देशों से व्यापार भी कम किया जाए।

## वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम सांगटेड़ा के एक निजी विधालय में मंगलवार को समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में वंदे मातरम कार्य म का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवाओं ने एक स्वर में कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान की सेना ने कायरतापूर्ण पर्यटकों के धर्म पूछकर गोली चलाई है। इसके बदले देश के प्रधानमंत्री युद्ध का आदेश भारतीय सेना को देते हैं और ऐसे में भारतीय सेना में ना करें कोई घायल हो, फिर भी कोई भारतीय जवान घायल होता है तो प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री से ग्राम सांगटेड़ा के युवाओं का खुन राष्ट्र के नायकों के लिये तैयार है, हमें देश की सेवा करने का मौका दिया जायें।

### नेशनल हाईवे से चिमनपुरा सड़क निर्माण का मामला

# कोटपूतली कस्बे का गोपालपुरा रोड बना विभागीय खींचतान का शिकार

**सवाल ये है:**

- कब खत्म होगा विभागों का टकराव?
- 16 करोड़ का ये प्रोजेक्ट कब बनेगा आमजन के लिए राहत का कारण



### 16 करोड़ की लागत, लेकिन हाल बेहाल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** शहर में 16 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा गोपालपुरा रोड विकास की बजाय अब विभागीय टकराव और लापरवाही की पहचान बनता जा रहा है। सड़क के बीचों-बीच खड़े बिजली के पोल न सिर्फ निर्माण में बाधा बन रहे हैं, बल्कि आम जनता के लिए रोज़मर्रा की परेशानी का कारण भी बन चुके हैं। पोल शिफ्टिंग को लेकर पहले से कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई, जिसका खामियाजा अब जनता भुगत रही है।

**जिम्मेदारी से बचते विभाग, फंसा निर्माण**

पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हैं बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता का कहना है कि पीडब्ल्यूडी ने न तो कार्ययोजना दी है और न पूरी राशि जमा कराई है वहीं पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता राम अवतार कुमावत दावा कर रहे हैं कि 14.50 लाख रुपये पहले ही दे दिए गए हैं, लेकिन बिजली विभाग का रवैया बेहद सुस्त है। बैठकों का कोई असर नहीं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कई बार समीक्षा बैठकें की हैं, लेकिन परिणाम ज़ीरो। विभागों के बीच आपसी समन्वय की भारी कमी और कमजोर मॉनिटरिंग की वजह से निर्माण अधर में लटका हुआ है। जनता परेशान, प्रशासन बेपरवाह धूल,कीचड़ और ट्रैफिक जाम ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। स्थानीय निवासी कहते हैं, जो सड़क राहत देने वाली थी, वही अब रोज़ की मुसीबत बन गई है। अधिकारी कुर्सियों पर बैठे एक-दूसरे को कोस रहे हैं और जनता परेशान हो रही है।

# पति को जान से मारने का प्रयास करने वाली पत्नी-प्रेमी सहित 3 गिरफ्तार

**पोटेशियम दवा भरी दो सिरिंज, खाली इंजेक्शन व वारदात प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में पत्नी, प्रेमी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से पोटेशियम दवा भरी दो सिरिंज, खाली इंजेक्शन व वारदात प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उप महानिरीक्षक (जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक) आनंद शर्मा ने बताया कि जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमी के साथ मिलकर पति को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में मनीषा गुर्जर (26)निवासी चंदवाजी जिला जयपुर हाल जमवारामगढ़ जिला जयपुर, उसके प्रेमी पवन कुमार पाठक (37) निवासी महुआ जिला दौसा और अनुज शर्मा (30) निवासी खेरली जिला अलवर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पोटेशियम दवा भरी दो सिरिंज, खाली इंजेक्शन व वारदात प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद की है।

चंदवाजी थानाधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया कि चार मई की रात निम्स अस्पताल से सूचना मिली थी कि अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण के दो अज्ञात व्यक्तियों की ओर से वार्ड में आकर इंजेक्शन लगाने का प्रयास किया गया है जिनको पकड़ रखा है।

सूचना पर पुलिस निम्स अस्पताल पहुंची, जहां पर निम्स अस्पताल स्टाफ व गार्ड द्वारा पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो निम्स अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण गुर्जर को रात्री तीन बजे बाद एक नर्सिंग कर्मी की ड्रेस में आये युवक द्वारा इंजेक्शन लगाने का प्रयास करने के बारे में बताया। दोनों संदिग्ध व्यक्ति पवन कुमार पाठक और अनुज शर्मा से डिटेन कर पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने ही महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर में नर्सिंग कर्मी है। वहीं आरोपी पवन कुमार पाठक व अनुज शर्मा के निम्स अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण से कोई सम्बन्ध नहीं होना व ना ही कोई आपसी रंजिश होना पाया गया। साथ ही आरोपी पवन कुमार पाठक का अस्पताल में भर्ती मरीज देवनारायण की पत्नी मनीषा से एक वर्ष से प्रेम सम्बन्ध होना सामने आया।

आरोपित मनीषा अपने पति देवनारायण को रास्ते से हटाने के लिए पवन कुमार पाठक से मिलकर पोटेशियम का हेवी डोज इंजेक्शन देकर मारने की योजना बनाई। ताकि अस्पताल में भर्ती मरीज की इलाज के दौरान ही मृत्यु हो जाये और वह मृत्यु बिमारी के कारण साधारण मृत्यु लगे। ताकि किसी पर कोई संदेह नहीं हो।

## गुरुग्राम के मोहित गृह मंत्रालय में बने सहायक अनुभाग अधिकारी

### सैनी युवा जागृति मंच संबंधित समाज उत्थान न्यास ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम (बिल्लूराम सैनी)।** यहां के निवासी मोहित सैनी पुत्र सुनील सैनी ने एसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा उत्तीर्ण की है। वे गृह मंत्रालय में अंतर राज्य परिषद सचिवालय में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद आसीन हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच संबंधित समाज उत्थान न्यास की ओर से सम्मानित किया गया।संस्था की ओर से संरक्षक सूबे सिंह, बुधराम सैनी, सलाहकार महाबीर सैनी, संगठन सचिव गौतम सैनी, अध्यक्ष गगनदीप सैनी, महासचिव हितेश सैनी, चीफ कॉन्सलर कुलवंत, कॉन्सलर राकेश सैनी, कोषाध्यक्ष विकास, सचिव रवि, प्रचार सचिव केशव, विजय कुमार सैनी, सुरेंदर सैनी, राजकुमार, विपिन सैनी सोशल मीडिया प्रमुख नवीन मंडल बीजेपी, सचिन, दीपांशु, चिराग, सुमित व वरुण उनके आवास पर पहुंचे। सभी ने मोहित सैनी की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उनकी दीर्घायु की कामना की। संरक्षण सूबे सिंह, बुधराम सैनी व अन्य संस्था के सदस्यों ने कहा कि मोहित सैनी ने समाज का नाम देश में रोशन किया है। गृह मंत्रालय में उनकी नियुक्ति समाज के लिए गौरवपूर्ण है।

## गुढ़ा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** हालही में झुंझुनू में डीटीओ के पद पर कार्यरत मक्खन लाल जांगिड़ द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर पूर्व विधायक राजेंद्र गुढ़ा द्वारा उनके कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए आपत्तिजनक एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग किए जाने पर प्रदेश के संपूर्ण जांगिड़ समाज में राजेंद्र गुड़ा के खिलाफ भारी आक्रोश है। जिसको लेकर सोमवार को प्रदेश भर में जांगिड़ समाज के लोग उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कोटपूतली बहरोड जिला अध्यक्ष नेकीराम जांगिड़ के नेतृत्व में जांगिड़ समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन देकर गुढ़ा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अलवर जिलासभा महामंत्री सत्य प्रकाश जांगिड़, बैराठ तहसील अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद जांगिड़, बानसूर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जांगिड़, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी महेश जांगिड़, डॉ मनोज कुमार जांगिड़, ग्यारसी लाल जांगिड़, पप्पू राम जांगिड़, कोटपुतली के पूर्व तहसील अध्यक्ष धर्मपाल जांगिड़, पूर्व विश्वकर्मा मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल जांगिड़, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय कुमार जांगिड़, विनोद कुमार जांगिड़, महासभा पूर्व मंत्री रामनिवास जांगिड़ सहित समाज के गणमन लोग मौजूद रहे।

## मोबाइल चोर गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यात्रियों को धारदार हथियार दिखाकर डरा-धमकाकर मोबाइल और कीमती सामान चुराते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार स्मार्टफोन और एक धारदार कटर बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले चोर गिरोह आरोपी 24 वर्षीय ताहिर निवासी संजय कॉलोनी भट्टा बस्ती और 22 वर्षीय मोनू सिंह जैत मथुरा यूपी हाल सिरसी रोड बिंदायका को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि वह बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों की नींद या असावधानी का फायदा उठाकर मोबाइल व अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते हैं।

**राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्**
(तृतीय तल, बी-ब्लॉक, उद्योग भवन, जयपुर फोन- 0141-2227723 Email- rajeevika@rajasthan.gov.in)

F.2(108)/RD/RGAVP/ Short Term Cons./2015/1500 Dated :- 05/05/2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Interior Work of "Female Toilet Main Lobby, RMN Toilet, Tile Work, Plumbing Work etc, Fals Celling Work and Wooden Panelling Lobby & Room in RGAVP Office" are invited from interested bidders up to 06.00 P.M. 20.05.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state; and **http://www.rajeevika.rajasthan.gov.in.** The approximate value of the procurement is Rs 11,75,000.

**NIB NO.: RGA2526A0019, UBN:-RGA2526WSOB00027**

**Project Director (Admin), RGAVP**

Raj.Samwad/C/25/1823

### गुजरात की ताला-चाबी गैंग का भंडाफोड़

# गैंग के 3 शातिर बदमाश गिरफ्तार

- चाबी बनाने के बहाने अलमारी से चुराते थे नकदी और जेवरात
- पुलिस ने जब्त किया चुराए गए सामान
- पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताला-चाबी ठीक करने के बहाने घर मे घुस कर चोरी करने वाली गुजरात की ताता-चाबी गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराया गया सोने—चांदी के जेवरात सहित नकदी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताला-चाबी ठीक करने के बहाने घर मे घुस कर चोरी करने वाली गुजरात की ताता-चाबी गैंग के शातिर बदमाश सरदार सतनाम सिंह (29) निवासी दाहोद गुजरात, सन्नी सिंह उर्फ सरदार सन्नी देवल (30) निवासी दाहोद गुजरात और सरदार राजेन्द्र सिंह (35) निवासी कोतवाली डूंगरपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी का माल एक आर्टिफिशियल चैन, एक आर्टिफिशियल मंगलसूत्र, अन्य आभूषण एवं आधार कार्ड—की बरामद किया गया है।

पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

**पैदल घूमते हुए ताले-चाबी ठीक करने का बहाना कर करते थे वारदात**

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि वारदात करने के लिए गुजरात से आकर होटल में ठहरते थे और गैंग के सदस्य कॉलोनियों में पैदल घूमते हुए ताले-चाबी ठीक करने का बहाना कर वारदात करते थे। घर में अकेली महिला या सुनसान मकान देखकर दो सदस्य घर के अंदर जाते हैं और एक बाहर निगरानी रखता है। अंदर जाकर अलमारी का ताला ठीक करने के बहाने घरवालों का ध्यान भटकाते हैं और मौका देखकर कीमती सामान चुराकर फरार हो जाते हैं। सीसीटीवी से हुई पहचान पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकडने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपियों की गतिविधियां कैमरों में कैद हुई। जिन्हें ट्रेस कर पुलिस ने उन्हें दादी का फाटक क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस उनसे अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है, जिससे कई और चोरी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-मालपुरा**

क्रमांक : 122 दिनांक : 25.04.2025

**निविदा सूचना संख्या : 04/2025-26 खण्ड-मालपुरा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला टोंक में टोडारायसिहं में बाईपास की डीपीआर कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में (Working Consultants) से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.: NIB Code PWD8526A0271
1. PWD2526WSOB00848

**अधिशाषी अभियंन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा**

## सम्पादकीय

# आतंक के आका का हो स्थायी उपचार

पहलगाम के वीभत्स आतंकी हमले को एक पखवाड़े से अधिक हो गया है। तबसे पूरा देश उचित प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा में है। समूचा राष्ट्र एकसमान भावनाओं से ओतप्रोत है कि हमें पूरी क्षमता से जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। वैसे तो हमें सरकार के आश्वासन पर भरोसा है कि उचित कार्रवाई अवश्य की जाएगी। फिर भी, उसकी प्रतीक्षा अधीर किए हुए है। यह भी सही है कि ऐसे विषय अत्यंत संवेदनशील होते हैं और उनके संदर्भ में आवश्यक सावधानी बरतनी ही चाहिए। इस समय समाज में सबसे अधिक मंथन इसी पहलू पर जारी है कि भारत को कब, क्या और कैसे कार्रवाई करनी चाहिए। तार्किक दृष्टिकोण तो यही कहता है कि पाकिस्तान पर निरंतर प्रयासों से बहुस्तरीय शिकंजा कसा जाए। उसे सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक सभी मोर्चों पर आघात दिए जाएं। पाकिस्तान के जिस क्रूर एवं कुरूप चेहरे से हम हमेशा से परिचित रहे हैं, वह हाल के वर्षों में पूरे विश्व के समक्ष भी बेनकाब हो गया है। लंबे समय से कहा जाता रहा है कि पाकिस्तान के लोग तो शांति चाहते हैं, परंतु सेना के संरक्षण में सक्रिय डीप स्टेट ने आतंकवाद को एक राज्य नीति के रूप में अपनाया हुआ है। ऐसी स्थिति में हमारी सैन्य कार्रवाई में उस डीप स्टेट को ही निशाना बनाना होगा। अपनी संभावित कार्रवाई में भारत आतंकियों के शिविर नष्ट करने से आगे बढ़ते हुए पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को भी लक्ष्य बनाए। पाकिस्तान में गरीबी और कट्टरपंथ की पैठ को देखते हुए वहां प्रशिक्षित आतंकियों का कभी अकाल नहीं पड़ने वाला। इसलिए हमें अपने देश को आहत करने वाले आतंकियों को निपटाते रहने के साथ ही उन्हें पोषित करने वाली पाकिस्तानी सेना को भी अपनी कार्रवाई के दायरे में लाना होगा। जब दूसरे देशों को आघात पहुंचाने वालों को खुद मानवीय क्षति उठानी पड़ेगी तो यह उनके युद्धोन्माद से निपटने में एक कारगर निवारक साबित होगा। ऐसे अभियान निःसंदेह अत्यंत दुष्कर होते हैं और उनसे एक व्यापक युद्ध छिड़ने का जोखिम भी बना रहता है। इसके बावजूद समय की मांग है कि एक प्रभावी एवं अपेक्षित कार्रवाई की जाए। दशकों से हम जनसंहार के अपराधियों के प्रत्यर्पण के निरर्थक प्रयासों में लगे हैं। उपयुक्त यही होगा कि आतंक के इन आकाओं को उन्हें शरण देने वाले देशों में ही प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से निशाना बनाएं। कई परिस्थितियों में धारणा भी विशेष महत्व रखती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि इस लड़ाई में हम न केवल जीतें, बल्कि जीतते हुए दिखें भीं।

निःसंदेह हमारा प्रतिरक्षा तंत्र और सशक्त होना चाहिए। भले ही अभी पूरा ध्यान जवाबी हमले पर है, किंतु इसी दौरान हमें उन आंतरिक कमियों का भी विश्लेषण करना होगा, जो इस हमले से उजागर हुई हैं। हमें अपनी सीमाओं को अभेद्य बनाने, बाह्य-आंतरिक खुफिया ढांचे को सुधारने के साथ ही आतंकियों को मिलने वाले किसी भी समर्थन पर भी अंकुश लगाना होगा।

दशकों से हम पाकिस्तान की वास्तविकता उजागर करने में लगे हैं। हमारे कूटनीतिक प्रयास सफल भी हुए हैं। जैसे पारंपरिक रूप से पाकिस्तान के सहयोगी रहे सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरीखे देशों ने भी पहलगाम हमले की तत्काल निंदा की। अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों ने न केवल हमले की भर्त्सना की, बल्कि भारत से सांत्वना जताते हुए हरसंभव समर्थन का आश्वासन भी दिया। फिर भी केवल इतना पर्याप्त नहीं है। हमारे प्रयास ऐसे हों कि पाकिस्तान को न केवल कूटनीतिक स्तर पर अकेला किया जाए, बल्कि उसे आर्थिक रूप से भी चोट पहुंचाई जाए। क्या हम अपनी अर्थव्यवस्था और बाजार के आकार का लाभ पाकिस्तान को हानि पहुंचाने के लिए उठा सकते हैं? यह किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान के संरक्षक देश कौन हैं। किनकी मेहरबानी से उसे वित्तीय खैरात मिलती रही है और कौन उसे सैन्य उपकरण उपलब्ध कराते हैं? पहला नाम अमेरिका का आता है। इस समय मोलभाव में लगे अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हमें व्यापार से जुड़े करार में भले ही कुछ समझौते करने पड़ें और उनसे खरीदारी बढ़ानी पड़े।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 7 मई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- 1355 में, टोलेडो के 100 से अधिक यहूदियों की ट्रास्टामारा के काउंट हेनरी द्वारा हत्या कर दी गई थी।
- 1579 में नीदरलैंड में कोलोन कांग्रेस का गठन हुआ।
- 1644 में फ्रांस के लुई XIV ने वर्सेल्स पैलेस का उद्घाटन किया।
- 1700 में विलियम पेन ने अफ्रीकी स्वतंत्रता कार्यकर्ताओं के लिए नियमित बैठकें शुरू कीं।
- 1718 में, जीन-बैप्टिस्ट ले मोयने डी बिएनविले ने न्यू ऑरलियन्स की स्थापना की।
- 1727 में रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने यहूदियों को यूक्रेन से निष्कासित कर दिया।
- 1789 में प्रथम अमेरिकी राष्ट्रपति उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।
- 1800 में इंडियाना क्षेत्र का गठन किया गया।
- 1847 में अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन का गठन किया गया।
- 1914 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा मातृ दिवस की स्थापना की गई थी।

**खेल आयोजन**

- 1922 में बेल्जियम की फुटबॉल टीम ने नीदरलैंड को 1-2 से हराया।
- 1945 में, ब्रांच रिकी द्वारा अमेरिकी नीग्रो बेसबॉल लीग के गठन की घोषणा की गई थी
- 1991 में हरियाणा ने रणजी क्रिकेट ट्रॉफी के फाइनल में बॉम्बे को 2 रन से हराया।

**कला एवं संस्कृति कार्यक्रम**

- 1947 में अमेरिकी ड्रामा श्रृंखला 'क्राफ्ट टेलीविज़न थिएटर' का प्रीमियर एनबीसी पर हुआ।
- 2011 में 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन: ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' का प्रीमियर हुआ।
- 2017 में 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' 120 मिलियन डॉलर की कमाई करने वाली सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई।

विशेष आलेख

# रवीन्द्रनाथ टैगोर: रोशनी जिनके साथ चलती थी

रवीन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती - 7 मई, 2025

**भारत का राष्ट्र-गान 'जन गण मन' और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बाङ्ला' के रचयिता एवं भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती हर साल 7 मई को मनाई जाती है। वे एक महान एवं विश्वविख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। उन्हें बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा, युगस्रष्टा एवं युग-निर्माता माना जाता है।**



– ललित गर्ग

रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी अनूठी, हृदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रचनाओं के लिए लोग गुरुदेव कहकर पुकारते हैं। उनका जन्मदिन केवल जन्म का जश्न मनाने के लिए नहीं है, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को याद करने और उनके सद्भाव, संपूर्णता और अखंडता के आदर्शों और आकांक्षाओं के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का भी एक अवसर है। टैगोर एक ऐसे दिव्य एवं अलौकिक व्यक्ति एवं समाजक्रांति के प्रेरक थे, रोशनी जिनके साथ चलती थी।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुईं थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रुवपद शैली से प्रभावित ये गीत मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं के अलग-अलग रंग प्रस्तुत करते हैं।

गुरुदेव टैगोर की कविताओं में हमें अस्तित्व के असीम सौन्दर्य, प्रकृति और भक्ति के दर्शन होते हैं। उनकी बहुत-सी कविताएं प्रकृति के सौन्दर्य से जुड़ी हैं। गुरुदेव ने जीवन के अंतिम दिनों में चित्र बनाना शुरू किया। इसमें युग का संशय, मोह, क्लान्ति और निराशा के स्वर प्रकट हुए हैं। मनुष्य और ईश्वर के बीच जो चिरस्थायी सम्पर्क है, उनकी रचनाओं में वह अलग-अलग रूपों में उभरकर सामने आया। टैगोर और महात्मा गाँधी के बीच राष्ट्रीयता और मानवता को लेकर हमेशा वैचारिक मतभेद रहा। जहां गांधी पहले पायदान पर राष्ट्रवाद को रखते थे, वहीं टैगोर मानवता को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते थे। लेकिन दोनों एक दूसरे का बहुत अधिक सम्मान करते थे। एक समय था जब शान्ति निकेतन आर्थिक कमी से जूझ रहा था और गुरुदेव देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधीजी ने टैगोर को एक बड़ी राशि का अनुदान का चेक दिया था।

टैगोर के कई गीतों और कहानियों ने मानव चेतना को बदलने और कार्य करने के लिए साहस और प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। उन्होंने कला का अभ्यास कला के लिए नहीं किया, न ही आत्म-अभिव्यक्ति के तरीके के रूप में और कम से कम मनोरंजन के लिए तो कत्तई नहीं किया, बल्कि उनकी कला भी नये मानव एवं नये विश्व की संरचना से प्रेरित थी। उनकी कला जीवन के गहरे अर्थ को स्पष्ट करने और आत्मा को ठीक करने की पेशकश थी। अपने शिल्प के उस्ताद के रूप में, टैगोर ने कविता की शुद्धता को जीने के उद्देश्य के साथ जोड़ा। उन्होंने न केवल अपने जीवन में मृत्यु, अवसाद और निराशा के कारण अनुभव किए गए दुख और पीड़ा को ठीक किया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के भीतर अन्याय और असमानता के घावों को भरने के लिए भी काम किया। उन्होंने उन्नत कृषि, अच्छे स्कूलों, आरामदायक आर्थिक स्थितियों और बेहतर जीवन स्तर के माध्यम से मानव समुदायों के बाहरी विकास के लिए काम किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आत्मा के नवीनीकरण, आत्मा की देखभाल, हृदय को पोषण और कल्पना को पोषित करने के माध्यम से आंतरिक विकास पर जोर दिया। वे एक ऐसे पुरुषार्थी पुरुष का महापुरुष के रूप में जाना पहचाना नाम है, जिन्होंने हर इंसान के महान् बनने का सपना संजोया और उसके लिये उनके हाथ में सुनहरे सपनों को साकार होने की जीवनशैली भी सौंपी।

टैगोर गहन आध्यात्मिक एवं साधक पुरुष थे, उन्होंने अध्यात्म के गहन रहस्यों को उद्घाटित किया। उनके अनुसार मौन की भाषा शब्दों की भाषा से किसी भी रूप में कमजोर नहीं होती, बस उसे समझने वाला चाहिए। जिस प्रकार शब्दों की भाषा का शास्त्र होता है, उसी प्रकार मौन का भी भाषा विज्ञान होता है। मौन को समझा तो जा सकता है, पर समझाया नहीं जा सकता। संभवतः इसीलिए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि मौन अनंत की भाषा है। टैगोर अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे। टैगोर ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक कल्याण के साथ आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता व्यक्त की। एक के बिना दूसरा एक पैर पर चलने जैसा है। वे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व निर्माण के प्रेरक थे। इस संतुलित और समग्र विश्वदृष्टि की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और लचीले भविष्य के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता एवं शर्त है।

# आतंकवाद पर बड़ा प्रहार
## पाकिस्तान के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा भी महत्वपूर्ण



– संजीव ठाकुर

**भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है पर वर्तमान में जब पाक समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या कर दी गई है,भारत का यह देशवासियों के प्रति बनता है कि देशवासियों की रक्षा करे और उन आतंवादियों और उनको पनाह देने वाले व्यक्ति और देश को समूल नष्ट करे। भारत यदि पाकिस्तान पर हमला कर युध्य करता है तो यह भारत की तरफ से आक्रमण नही आत्म-सुरक्षात्मक आवश्यक कदम होगा,फिर यदि उसमे आतंकवादी मरें या कोई देश नेस्तनाबूद हो भारत को बिल्कुल भी फिक्र करने की जरा भी जरूरत नही है।**

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक असंवेदनहीन,लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग चारों देशो के लाखों लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है।

भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है पर आज बांग्लादेश भारत का बड़ा दुश्मन बन चुका है, मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है।

# क्या था पूरा मामला जिसके कारण कांग्रेसी नेताओं को बार बार माफ़ी मांगनी पड़ी है

अशोक भाटिया

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों पर अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस की गलतियों को स्वीकारते हुए कहा कि वे पार्टी के इतिहास में हुई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं, भले ही यह घटना उनके राजनीति में आने से पहले की हो। यह बयान उन्होंने वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में आयोजित एक सत्र के दौरान दिया, जब एक सिख युवक ने उनसे तीखे सवाल किए।सिख युवक ने राहुल गांधी से पूछा, आपने कहा था कि बीजेपी राज में सिखों को कड़ा पहनने और पगड़ी बांधने से रोका जा सकता है, लेकिन कांग्रेस ने खुद भी सिखों को अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी। क्या आप 1984 के दंगों सज्जन कुमार जैसे नेताओं को बचाने की पार्टी की भूमिका की जिम्मेदारी लेंगे?

एक युवक ने ट्वीट करते हुए लिखा, %21-04-25 को ब्राउन यूनिवर्सिटी में सिखों के लिए राहुल गांधी के मगरमच्छ के आंसू एक अपमान हैं! वह दावा करते हैं कि क्क्ष्क्क पगड़ी और कड़ा को खतरे में डालती है, लेकिन कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के सिख विरोधी दंगों को अंजाम दिया - पूरे देश में 3,350+ मारे गए, अकेले दिल्ली में 2,800 मारे गए।%युवक ने आगे लिखा, %कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को 2018 में दिल्ली छावनी में हुए हत्याकांड में दोषी पाया गया था। आरोप है कि कांग्रेस ने सालों तक उन्हें बचाया। कांग्रेस पर ये भी आरोप है कि वो दंगों के आरोपियों को बचाती है और सिखों की बोलने की आजादी पर हमला क राहुल गांधी ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 1984 के दंगों को लेकर सदन में अपना रुख स्पष्ट किया था और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी ये कर चुकी हैं। मैं मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी की बातों का पूरी तरह समर्थन करता हूं। मैंने भी पहले इस पर अपना रुख स्पष्ट रूप से साफ किया है।

गौरतलब है कि अगस्त 2005 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दंगों के लिए संसद और देश से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, 'मुझे न केवल सिख समुदाय बल्कि देश से भी माफी मांगने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। देश में जो कुछ हुआ, उसके लिए मैं शर्म से अपना सिर झुकाता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'ज1984 में जो हुआ वह हमारे संविधान में निहित राष्ट्रीयता की अवधारणा का खंडन है।' उन्होंने कहा, 'जब 1984 की दुखद घटना घटी, उस दुखद शाम को गुजरालजी तत्कालीन गृह मंत्री पीवी नरसिम्हा राव के पास गए और उनसे कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि जल्द से जल्द सेना को बुलाने की जरूरत है। अगर उस सलाह पर ध्यान दिया जाता तो शायद 1984 के दंगों को टाला जा सकता था।'

1980 से घटनाओं पर ध्यान दे तो सिख अलगाववाद, एक स्वतंत्र खालिस्तान के लिए आंदोलन, भारतीय राजनीति में एक काला अध्याय है। यह एक क्लासिक और बहुत हिंसक सबक है कि क्या होता है जब धार्मिक कट्टरपंथियों को क्षणिक और अस्थायी राजनीतिक लाभ के लिए करीब लाया जाता है। इसकी परिणति पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या में हुई। इससे पहले, श्रीमती गांधी को इन सिख आतंकवादियों की ताकत को हराने के लिए अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा था। भिंडरावाले स्वर्ण मंदिर में छिपा हुआ था। यह महसूस करते हुए कि खालिस्तानी आंदोलन को खत्म किए बिना खत्म करना मुश्किल है, इंदिरा गांधी ने सेना प्रमुख अरुण कुमार वैद्य को स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसने एक सैन्य अभियान भी चलाया और उसमें भिंडरावाले मारा गया। कार्रवाई के प्रतिशोध में दोनों मारे गए। एक खुद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हैं। और अन्य सामान्य चिकित्सक। 1986 में, उनकी सेवानिवृत्ति के सिर्फ छह महीने बाद, सिख हत्यारों ने पुणे की एक व्यस्त सड़क पर जनरल वैद्य की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे इंदिरा गांधी की हत्या की यादें ताजा हो गईं। यह पता चलने के बाद कि श्रीमती गांधी की उनके अपने सिख सुरक्षा गार्डों द्वारा हत्या कर दी गई थी, देश भर में सिखों के खिलाफ गुस्सा था। राजधानी दिल्ली में उनका सिर कलम कर दिया गया। खून बहाया गया। जगदीश टाइटलर, यह सज्जन कुमार जैसे कांग्रेसी नेता थे जिन्होंने श्रमिकों को उकसाया और सिखों के खिलाफ हिंसा भड़काई।राजीव गांधी की प्रतिक्रिया थी कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो छोटी झाड़ियाँ उसके नीचे दब जाती हैं। एक तरह से उन्होंने सिखों के सिर काटने का समर्थन किया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन मिलाजुला परिणाम देने वाला है। भविष्य से जुड़े फैसले सावधानी से लें। व्यापारिक स्थिति में उतार-चढ़ाव संभव है। माता-पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न करें।

**वृष**

आज का दिन नए अवसरों से भरपूर होगा। जरुरतों की वस्तुएं उपलब्ध होंगी। पारिवारिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। विरासत में संपत्ति मिल सकती है। हालांकि, ऑफिस के कुछ कार्यों को पूरा करने में खूब मेहनत करनी पड़ेगी।

**मिथुन**

पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। बिजनेसमेन को सोच-समझकर इनवेस्ट करना चाहिए।

पारिवारिक जीवन की समस्याओं को ज्यादा बढ़ने दें।

**कर्क**

आज का दिन खास रहने वाला है। महत्वपूर्ण कार्यों को टाइम पर पूरा करने की कोशिश करें। लॉन्ग टर्म प्लान पर फोकस करें। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। जरुरी कार्यों में दोस्त आपकी मदद कर सकते हैं।

**सिंह**

आज का दिन शुभ रहेगा। नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। कार्यों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। धन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**

कड़ी मेहनत और लगन के साथ सभी कार्यों को पूरा करें। प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को खूब मेहनत करना चाहिए। व्यापार में मुनाफा होगा। अटका हुआ धन वापस मिलेगा। धन-संपत्ति को लेकर वाद-विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों से दूरी बनाएं।

**तुला**

घर के किसी सदस्य के विवाह में बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। धन का लेन-देन करते समय सावधानी बरतें। कुछ जातकों को ससुराल पक्ष में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**

गाड़ी चलाते समय सावधान रहें, ख़ास तौर पर मोड़ पर। नहीं तो किसी और की ग़लती का ख़ामियाज़ा आपको भुगतना पड़ सकता है। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक़ नहीं होगा। शाम को साथियों का साथ मज़ेदार रहेगा।

**मकर**

हाल की घटनाओं से आपका मन बेचैन हो सकता है। शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग फ़ायदेमंद साबित होंगे। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है।

**कुंभ**

अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हँसी-ख़ुशी और सुकून भरा रहेगा।

आपको कमीशन, लाभांश या रोयल्टी के ज़रिए फ़ायदा होगा।

**मीन**

आप महसूस करेंगे कि आस-पास के लोग बहुत ज़्यादा मांग करने वाले हैं। लेकिन जितना आप कर सकते हैं, उससे ज़्यादा करने का वादा न करें और केवल दूसरे को ख़ुश करने के लिए ख़ुद को तनाव से नहीं थकाएँ। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक़ नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अलर्ट: सवाई माधोपुर में आज होगी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल

## तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर समन्वय बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 7 मई (बुधवार) को जिले में सिविल डिफेंस अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन परिस्थितियों में सिविल डिफेंस सहित प्रशासनिक विभागों की प्रतिक्रिया, क्षमता और आपसी समन्वय के आकलन के लिए यह अभ्यास गांव स्तर तक विस्तारित होगा। इस मॉक ड्रिल का एक प्रमुख उद्देश्य आम जनता, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं में आपदा प्रबंधन की समझ विकसित करना भी है।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार हो रहे इस अभ्यास के लिए बेहतर समन्वय कर आपातकालीन स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास करें। साथ ही, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करें, जिससे इस राष्ट्रव्यापी ड्रिल का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुँचाया जा सके।

### मॉक ड्रिल के उद्देश्य

कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि पूर्व अभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण, भारतीय वायुसेना के साथ हॉटलाइन/रेडियो लिंक की कार्यशीलता की जाँच, नियंत्रण कक्षों की तत्परता और प्रशासनिक समन्वय क्षमताओं का मूल्यांकन, आम नागरिकों एवं छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में व्यवहार हेतु प्रशिक्षित करना, ब्लैकआउट जैसे रणनीतिक उपायों की तैयारी सुनिश्चित करना है।

### 01 अस्पतालों में जरूरी दवाओं की व्यवस्था के निर्देश

कलक्टर ने मॉक ड्रिल के समय और उसके बाद आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को अस्पतालों में जरूरी दवाओं की व्यवस्था करने तथा मेडिकल स्टाफ को समुचित प्रशिक्षण देने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही रसद विभाग को आवश्यकतानुसार भोजन प्रबंधन, अग्निशमन विभाग को आग बुझाने वाले वाहनों सहित अन्य उपकरणों के समुचित संचालन आदि के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों और जिला स्तरीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को जिले की सुरक्षा योजना का गहन अध्ययन करने और उसके अनुसार आपात परिस्थिति के लिए जरूरी संसाधन तैयार करने के भी निर्देश दिए।

### एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण

जिला कलक्टर ने एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों के आपात योजना से संबंधित प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि यह लोग अपने आस-पड़ोस और आमजन को विशेष परिस्थिति से निपटने में मदद करने की सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी होंगे। उन्होंने इसके लिए एनसीसी एवं स्काउट अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को आपात स्थिति का सामना करने के लिए तैयार किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडब्ल्यू ओमप्रकाश मीना सहित प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग, सिविल डिफेंस अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस प्रतिनिधि, स्वयंसेवकों तथा समस्त उपखण्ड अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

## जामडोली को यथावत रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर झा को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत जामडोली के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच सत्यनारायण पंचोली के नेतृत्व में जामडोली को यथावत ग्राम पचायत रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर सौम्या झा व एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत जामडोली वर्तमान में ग्राम पंचायत है परंतु पंचायत परिसीमन में जामडोली को ग्राम पंचायत दत्तवास में जोडने् का प्रस्ताव किया गया है। जबकि जामडोली में पहले सक ही अटल सेवा केन्द्र व पंचायत का भवन सहित कई सरकारी दफ्तर है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर जामडोली को यथावत ग्राम पंचायत रखने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में सत्यनारायण शर्मा, नेता भाजपा भरतलाल, जगदीश रैगर, जन्सीलाल, रामकेश व जगदीश पटेल सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जल शक्ति अभियान के तहत सूरवाल बांध पर चला स्वच्छता अभियान

### जल स्रोतों की सफाई को लेकर प्रेरणादायक पहल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' के अंतर्गत 1 से 7 मई तक संचालित जलाशयों की सफाई कार्यक्रम के तहत सूरवाल बांध, तहसील सवाईमाधोपुर में विशेष सफाई एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का आयोजन जल संसाधन खंड, सवाईमाधोपुर द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का नेतृत्व अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा द्वारा किया गया। उनके साथ सहायक अभियंता खेमचंद सैनी, जितेंद्र खंडेलवाल, कनिष्ठ अभियंता विनोद, अमन सुलेखा एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सफाई अभियान के तहत सूरवाल बांध क्षेत्र की गाद, प्लास्टिक अपशिष्ट, खरपतवार आदि की सफाई की गई तथा स्थानीय लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान न केवल जल स्रोतों की सतत सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण है, बल्कि जल आपूर्ति एवं पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। जल संसाधन विभाग की यह पहल आने वाले मानसून सीजन में जल संचयन की क्षमता को बेहतर बनाएगी तथा कैच द रेन अभियान के उद्देश्यों को मूर्त रूप प्रदान करेगी।

## फर्जी शादी, हुई ठगी: लुटेरी दुल्हन 14 दिन में ही लगा गई ठिकाने

### मानटाउन थाने में दुल्हन और उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के सवाई माधोपुर में एक लुटेरी दुल्हन ने ठेले वाले युवक को शादी के 14 दिन बाद ही ठग लिया। उसने ससुराल वालों को नशीला पदार्थ खिलाकर सवा लाख रुपए के जेवरात, 30 हजार रुपए नकदी और एक मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गई. पीड़ित पति ने मानटाउन थाने में दुल्हन और उसके सहयोगियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मानटाउन थाना इलाके की आईएचएस कॉलोनी निवासी विष्णु शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा के साथ यह धोखाधड़ी हुई। विष्णु ने 20 अप्रैल को शीतला माता मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से अनुराधा पुत्री इंद्रजीत यादव निवासी खंडवा (मध्य प्रदेश) के साथ शादी की थी। यह शादी दलाल पप्पू मीणा निवासी जीनापुर ने 2 लाख रुपए लेकर करवाई थी।

शादी से पहले 19 अप्रैल को दलाल ने अनुराधा, उसकी कथित मौसी सुनीता यादव और मौसा श्याम राजपूत निवासी डग (झालावाड़) को कलेक्ट्रेट में विष्णु से मिलवाया! दोनों पक्षों की सहमति से वकील ने विवाह सहमति पत्र तैयार किया, जिसमें अनुराधा ने प्रेम विवाह की सहमति दी।

विष्णु के अनुसार, अनुराधा ने बताया कि वह खंडवा की रहने वाली है, उसके पिता का देहांत हो चुका है, एक बहन रेणु की शादी हो चुकी है और भाई करण अविवाहित है। शादी के बाद अनुराधा 14 दिन तक ससुराल में हंसी-खुशी रही और किसी को शक नहीं हुआ कि वह फरार हो सकती है।

3 मई 2025 की रात को अनुराधा ने ससुराल वालों के लिए खाने में नशीला पदार्थ मिलाया। विष्णु और परिवार के अन्य सदस्यों ने खाना खाया और बेहोश हो गए। रात करीब 2 बजे अनुराधा ने घर से 30 हजार रुपए नकदी, 30 हजार रुपए की सोने की अंगूठी, 50 हजार रुपए का सोने का मंगलसूत्र, 20 हजार रुपए का सोने का टिकला, 25 हजार रुपए की 250 ग्राम चांदी की पायल और 30 हजार रुपए का मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गई।

## मूक पक्षियों के दाने-पानी की व्यवस्था करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा: डॉ. दीप्ति मीणा

### संयुक्त निदेशक के निर्देश पर पशु चिकित्सालय राजमहल में परिंडे बांधे




बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण दाने-पानी के लिए परेशान हो रहे बेजुबान पक्षियों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझते हुए पशु चिकित्सालय राजमहल की प्रभारी डॉ. दीप्ति मीणा आगे आई। इसी के तहत उनहोंने मंगलवार को पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा के निर्देश पर पशुचिकित्सालय राजमहल में पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने को लेकर परिंडे बांधे और चिकित्सालय के कार्मिकों को परिंडों की नियमित साफ-सफाई एवं इनमें प्रतिदिन दाना-पानी भरने के निर्देश दिए। प्रभारी डॉ. मीणा ने कहा कि इन मूक परिंदों को दाने-पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़े इसके लिए हम सभी को इस पूनित कार्य में आगे आना होगा।

प्रभारी डॉ. दीप्ति ने परिंडे बांधने के अवसर पर ग्राम के पशुपालकों एवं चिकित्सालय कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में मनुष्य तो बोलकर अपनी भूख-प्यास की पीड़ा को व्यक्त कर सकता है लेकिन हमारे और प्रकृति के सच्चे मित्र अपनी पीड़ा को नहीं बता सकते है। इन मूक पक्षियों के दाने-पानी की व्यवस्था करना हमारे नैतिक दायित्व के साथ-साथ सबसे बड़ा धर्म व पुण्य का काम है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने घरों के आँगन, छत एवं सार्वजनिक स्थानों पर इन बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उनमे प्रतिदिन दाना-पानी रखे। प्रभारी मीणा ने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही आने वाली भावी पीढ़ियां ऐसे पुण्यकार्य करने के लिए प्रेरित होंगी। डॉ. मीणा ने कहा कि बेजुबान पशु-पक्षी प्रकृति के दूत हैं, पक्षी हमारे पर्यावरण को बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि दाने-पानी से भरे हुए परिंडे, पशु चिकित्सालय में वाले पक्षियों की भूख-प्यास बुझाने में लाभदायक साबित होंगे।

## कुहू स्कालरशिप कम एडमिशन टेस्ट 25 मई को, आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी( राकेश शर्मा )।** शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान राज्य में अपना विशेष योगदान देने पर मुख्यमंत्री द्वारा प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड से सम्मानित कुहू इंटरनेशनल सीनियर सैकंडरी स्कूल गंगापुर सिटी द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए कुहू स्कालरशिप कम एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि इस परीक्षा में राज्य के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 25 मई को होगा ।परीक्षा 25 मई को कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जाएगी, जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई रखी गयी है, परीक्षा का समय प्रातः 10.30 से 12.00 तक रखा गया है । विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मिथलेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी निम्न वेबसाइट https://forms.gle/nFRAh&ZPZtUPMdGe| पर जाकर परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भर सकते हैं अथवा निम्न नंबर 8432094572 पर सम्पर्क कर परीक्षा की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 5, 6, 7, 8, 9, 10 एवं हिंदी माध्यम के कक्षा 5, 6, 7, 8, 9, 10 के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे।

## भारतीय बाल अधिकार अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन का 'मेडल ऑफ ऑनर' सम्मान

### सहयोगी संगठन सिकोइडकोन के साथ मिलकर टोंक जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भारत के प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन द्वारा 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें डोमिनिकन रिपब्लिक में आयोजित वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में प्रदान किया गया, जिसमें 70 से अधिक देशों से आए 1500 से अधिक विधिवेत्ता और 300 वक्ता शामिल हुए।भुवन ऋभु इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता बने हैं। डब्ल्यूजे द्वारा दिया गया यह पुरस्कार अब तक विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला और रूथ बेडर गिन्सबर्ग जैसी वैश्विक हस्तियों को मिल चुका है।



भुवन ऋभु का राजस्थान, विशेष रूप से टोंक जिले से गहरा संबंध रहा है, जहां वे ग्राम चेतना केन्द्र के साथ मिलकर बाल विवाह, बाल तस्करी और यौन शोषण की रोकथाम के लिए कार्य कर रहे हैं। उनकी कानूनी विशेषज्ञता और रणनीतिक मार्गदर्शन से जिले में बच्चों की सुरक्षा हेतु प्रभावशाली बदलाव देखने को मिले हैं। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं।

सिकोइडकोन के निदेशक पीएम पॉल ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह केवल भुवन ऋभु का नहीं, बल्कि उन हजारों जमीनी कार्यकर्ताओं का सम्मान है जो बच्चों के लिए सुरक्षित और गरिमामय भविष्य सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। यह सम्मान हमारे अभियान को नई गति देगा और हम 2030 तक टोंक जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के अपने संकल्प को और दृढ़ता से आगे बढ़ाएंगे।

## पंच कुंडीय महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन

### कलशयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**सिरस (नि.स.)।** सन्यास दस नाम जूना अखाड़ा आश्रम सिरस पपलाज माता व बालाजी मंदिर में चल रहे पंच कुंडीय महायज्ञ मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। 4 मई से शुरू हुए यज्ञ में समापन पर वैदिक मंत्रोच्चारण हवन व पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व



श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। यज्ञ में हवन में भी काफी श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ में कई संतों ने प्रवचन देते हुए यज्ञ व उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्णाहुति के बाद महाआरती में कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजनकर्ता संत सुखानंद महाराज व सोमगिरि महाराज ने यज्ञ संपन्न करवा कर सभी को बुराई छोडने् व अच्छाई को ग्रहण करने का संकल्प दिलवाया।

इस अवसर केसर सिंह, देवराज सिंह, दुर्गा सिंह, रामदयाल जाट व पायलट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** स्थानीय पंचायत समिति के सभागार में गुरूवार को प्रधान रामअवतार लांगडी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव ने बताया कि बैठक में बिजली, पानी, चिकित्सा, सडक एवं गत बैठक की कार्रवाई की पालना रिर्पोट सहित स्वच्छता योजना, सिंचाई योजना, खाद्य एवं आपूर्ति योजना, राजस्व विभाग योजना, समाज कल्याण योजना, पशुपालन योजना, मनरेगा योजना, वार्षिक कार्य योजना, बजट 2024-25 का अनुमोदन एवं मौसमी बीमारियों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## बरसात होने से मौसम हुआ खुशनुमा



**निवाई (का.स.)।** उपखण्ड मुख्यालय पर सोमवार की रात अचानक हुई बरसात से मौसम सुहावना हो गया। जिससे पिछले एक माह से हो रही तेज धूप व गर्मी से लोगों को निजात मिली। बुधवार को भी सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। जिससे तापमान में गिरावट रही और मौसम खुशनुमा हो गया। जिससे गर्मी से राहत मिली। आसमां में घने काले बादल छाने से दिन में भी अंधेरा रहा।

### सामाजिक कुरीति के विरुद्ध प्रेरणादायक कदम

# मृत्युभोज की राशि विद्यालय विकास हेतु दान का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सामाजिक सुधार की दिशा में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आटून कला निवासी स्वर्गीय मथुरालाल मीणा की स्मृति में उनकी पत्नी श्रीमती राजबाई मीणा तथा पुत्रगण भरतलाल एवं इंदरराज मीणा ने सामाजिक कुरीति 'मृत्युभोज' के विरुद्ध एक साहसिक निर्णय लिया है। उन्होंने मृत्युभोज पर व्यर्थ खर्च करने के स्थान पर पाँच लाख रुपये की राशि ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम के राजकीय विद्यालय के भौतिक विकास हेतु दान करने का संकल्प लिया।



एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह प्रेरक पहल जिला कलक्टर शुभम चौधरी के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित भविष्य की उड़ान अभिनव कार्यक्रम से प्रभावित होकर की गई। भविष्य की उड़ान का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, सुधार और जनसहभागिता के माध्यम से विद्यालयों को भौतिक रूप से सशक्त बनाना है। यह दान न केवल इस अभियान को गति प्रदान करेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी का नया दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करेगा। स्वर्गीय मथुरालाल मीणा के परिजनों का यह निर्णय एक सामाजिक बदलाव की शुरुआत है क्योंकि मृत्यभोज जैसी कुरितियां समाज में दिखावे और आर्थिक बोझ का कारण बन चुकी हैं। ऐसे में इस कुरीति को त्याग कर शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में सहयोग करना वास्तव में मृत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय को दान की गई 5 लाख रुपए की राशि को विद्यालय द्वारा यदि मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजनान्तर्गत जमा किया जाता है तो विद्यालय को राज्य सरकार से 60 प्रतिशत अतिरिक्त अंशदान के रूप में 7 लाख 50 हजार सहित कुल 12 लाख 50 हजार की राशि विद्यालय को प्राप्त होगी जिससे विद्यालय का भौतिक एवं शैक्षिक संसाधनों की व्यवस्था की की जा सकेगी। इससे विद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्राप्त होगा।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने विद्यालय स्टाफ के साथ स्वर्गीय मथुरालाल मीणा के घर जाकर उनके परिजनों द्वारा इस अनुकरणीय संकल्प के लिए भामाशाह के रूप में उनकी पत्नी एवं परिजनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान अनीता जैन, सुबोध कुमार जैन, चेतराम मीना, कृष्णगोपाल महावर, अशोक महावर, प्रेमलता मीना, अमिता सिंह अभिभावक शिक्षक समन्वयक सी एल रांवल, अनेक ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

लायंस क्लब अलवर मत्स्य की वर्ष 2025-26 की अध्यक्ष एमजेएफलायन डॉ. मंजू अग्रवाल सचिव लायन सुधा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष लायन यामिनी गुप्ता मनोनीत

# मानव सेवा करके प्राप्त आत्म संतुष्टि, लाखो रुपये कमाने पर भी नहीं मिलती: शशि गोयल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य की साधारण सभा का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। मीटिंग का प्रारम्भ वर्ष 2024-25 की अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने विधिवत गैंगगोवल बजाकर किया तदपश्चात् लायन शकुन्तला धनावत ने ध्वज वंदना का पठन कर एक मिनट के लिए विश्व शांति हेतु प्रार्थना करवाई और राष्ट्रगान पश्चात् अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए लायन साथियों का स्वागत उद्बोधन में साल भर मानव सेवा में किये कार्यो के लिए धन्यवाद दिया क्योकि आगामी 10,11 मई 2025 को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में होने वाले वर्ष 2025.26 के लिए डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के इलेक्शन से पूर्व की यह आखरी मीटिंग थी। सचिव लायन सुधा अग्रवाल द्वारा क्लब की एक्टिविटी का पठन किया गया।

पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शशि गोयल ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों द्वारा किये जा रहे शानदार मानव सेवा कार्यो के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस कर्तव्य पथ पर चलकर आप बहुत आगे जा सकते है आपको जो मानव सेवा करके आत्म संतुष्टि मिलती है उसकी तुलना लाखो रुपये कमाने पर भी नहीं मिलती।

लायंस क्लब अलवर मत्स्य की वर्ष 2024-25 की अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सदन के समक्ष सभी गतिविधियों की सराहना करते हुए स्पेशली एम.जे.एफ लायन डॉ.एससी.मित्तल को मित्तल हॉस्पिटल टीम द्वारा युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होमियोपैथी कॉलेज एवं हॉस्पिटल एअलवर में आयोजित लगातार हर माह की 25 तारीख को होने वाले निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर हेतु धन्यवाद दिया

लायन गिरीश ने बतायास कि उन्हें अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल द्वारा नॉमिनेशन कमेटी 2025-26 का चेयरमैन नियुक्त किया था तथा उन्होंने अपनी कमेटी के सदस्यों पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शशि गोयल एमजेएफ लायन डॉ.एससी मित्तल, एमजेएफ लायन चन्द्रप्रकाश गुप्ता द्वारा नयी टीम तय करके वर्ष 2025 - 26 के अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार एमजेएफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल, दूसरी बार सचिव लायन सुधा अग्रवालए कोषाध्यक्ष लायन यामिनी गुप्ता मनोनीत किया गया है । कार्यक्रम संयोजक लायन भावना अग्रवाल एवं लायन सरोज बंसल द्वारा बेहतरीन खेलो से सभी को मनोरंजित कर दिया इस मौके पर कई सदस्यों को अवाड्र्स देकर सम्मानित किया।

## कीटला गांव को अन्य ग्राम पंचायत में शामिल करने की आंशका, ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति के धीरोड़ा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को मिनी सचिवालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ग्रामीण हीरालाल व दिनेश चंद्र गुर्जर ने बताया की कीटला गांव तहसील टहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत धीरोडा में आती है। लेकिन ग्राम वासीयों को विश्वस्त सुत्रो से जानकारी मिली है की ग्राम कीटला को ग्राम पंचायत धीरोडा से हटाकर अन्य ग्राम पंचायत में शामिल किया जा रहा है।

जो ग्रामवासियो के हित में नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि धीरोड़ा ग्राम पंचायत से कीटला गांव की दूरी महज दो सौ मीटर है, जबकि श्यालूता ग्राम पंचायत करीब 5 किलोमीटर दूर है जहां यातायात के कोई निजी व सरकारी वाहन भी संचालित नहीं है। कीटला गांव को धीरोड़ा पंचायत में ही रहने दिया जाए। किसी अन्य प्रस्तावित व पुरानी पंचायत में नहीं जोड़ा जाए।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भिवाड़ी में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# समावेशी आर्थिक विकास तभी संभव है जब हर हाथ को काम और हर व्यक्ति को आय का अवसर मिले, यही आत्मनिर्भरता की सच्ची दिशा: राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को रिको गेस्ट हाउस सभागार भिवाड़ी में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच सके और वास्तविक जरूरतमंद वर्ग सशक्त हो सके। उन्होंने योजनाओं के समयबद्ध, प्रभावी और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल बागडे ने जल जीवन मिशन, पीएम सूर्य घर योजना, कुसुम योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित राजीविका, डेयरी एवं सहकारिता के विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में हीट वेव के संबंध में की गई तैयारियों एंव स्वास्थ्य सेवाओं और सूचकांकों की समीक्षा करते हुए पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में सार्थक पहल तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग को सम्मानजनक रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि 'हर हाथ को काम और हर व्यक्ति को आय' की भावना को आत्मनिर्भर भारत की नींव मानते हुए हमें नीतियों और योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में राजीविका और सहकारिता विभाग की योजनाओं के माध्यम से सशक्त बने समूहों की सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक सशक्तिकरण की रोशनी पहुंचे इस दिशा में कार्य किया जाए।

बागडे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना का प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जाएं।

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए ड्राई जोन में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन की पहुंच सुनिश्चित की जाए, साथ ही उनकी कार्यात्मक स्थिति भी सुनिश्चित की जाए तथा योजना के तहत शेष रहे गांवों में त्वरित रूप से योजनांतर्गत कार्य करते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्येष्ठा मैत्रेयी, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंदर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ता सम्मेलन समीक्षा बैठक क्या हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड जिले की बहुजन समाज पार्टी जिला कोटपूतली बहरोड के तत्वाधान मे सेठ लालचंद मोरिजावाला धर्मशाला व नेशनल हाईवे 48 पर बीडीएम अस्पताल के पास कोटपूतली में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि मान्यवर नर्मदा प्रसाद अहिरवार केन्द्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर व प्रदेश प्रभारी मान्यवर भगवान सिंह बाबा केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रदेश प्रभारी मान्यवर एडवोकेट प्रेम बारूपाल प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान अतिथि मान्यवर सीताराम गोठवाल जौन प्रभारी एवं मान्यवर दीपचंद आर्य जिला प्रभारी व कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय दीवान चंद जोया मौजूद रहे।मुख्य अतिथि ने बताया कि पार्टी की विचार को प्रचार-प्रसार बहुजन समाज पार्टी की नीति और रीति को जन जन तक पहुंचाना एवं कार्यकर्ताओं के योगदान का मूल्यांकन और भविष्य की रणनीति पर विचार विमर्श यह अभियान एवं ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी की जोड़कर मजबूत करना होगा, और पार्टी एक मिशन है जो समाज के शोषित वंचित और उपेक्षित वर्ग को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।मान्यवर भगवान सिंह बाबा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक न्याय की विचारधारा बसपा हर व्यक्ति को समानता और सम्मान का अधिकार दिलाने के लिए लड़ती है। और लड़ती रहेगी।

# स्वरांजली संगीत क्लब, अलवर द्वारा एक संगीतमय शाम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** स्वरांजली संगीत क्लब, अलवर द्वारा एक संगीतमय शाम का आयोजन होटल बिल्खा मे आयोजन किया गया जिसमे स्वरांजली मेंबर्स ने शिरकत की । स्वरांजली मेंबर्स ने फिल्मी गीतों को प्रस्तुत किया जो की निम्न प्रकार है 1. डॉ रीटा ग्रोवर . मिलो ना तुम तो हम घबराये, 2. निर्मल मोदी चल अकेला चल अकेला 3. तनु श्री देवडा और सचिन सिंह . हाल कैसा है जनाब का, 4. दीपाली झिरीवाल फजा भी है जवाँ जवाँ, 5. सचिन सिंह और नीमा सचिन सिंह, तुम पर हम है अटके यारा, 6. डॉ जी. डी. मेहंदीरत्ता, वो शाम कुछ अजीब थी, 7, पूनम जैन और विजय शर्मा, तुम तो धोखेबाज हो, 8. अमित गोयल और कविता जैन, तेरा फूलों जैसा रंग, 9. उमा मालपानी, जाने जान ओ मेरी जाने जान, 10, डॉ.ओ प्रदीप आर्य और उमा खंडेलवाल, अच्छा जी मे हारी, 11, पंदीप शर्मा, ऐ काश के हम, 12. खेम चंद गोयल, एक रोज मैं तडप कर, 13. जतन अग्रवाल, बड़ी मुश्किल है, 14. भावना सैनी, पूछो जरा पूछो, 15 एवं डी. शर्मा, दूर रह कर ना करो बात, 16. अभिषेक सिंघल, मेरे रंग मे रंगने वाली, 17. चंचल थरेजा सजना है मुझे, 18 एन. एस. भूटानी याद किया दिल ने जगजीत सिंह पर गाया।

कार्यक्रम की शुरुआत एन.एस. भूटानी की मधुर आवाज मे सरस्वती भजन के साथ स्वरांजली क्लब की महिला मेंबर्स के द्वारा माँ सरस्वती के चरणों मे दीप जला कर हुई। कार्यक्रम मे मंच संचालन डॉ. जी.डी. मेहंदीरत्ता द्वारा हुआ जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को बाँधकर रखा।

## दिल्ली मुंबई एक्सप्रेक्स वे पर हादसा

### डिवाइडर से कार टकराकर पलटी, आधा दर्जन लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस वे पर पिनान के निकट सोमवार रात कार पलट गई। कार में सवार 3 बच्चे व दो महिलाओं सहित 6 जने घायल हो गए। एक छोटी बालिका को जयपुर रैफर कर दिया। बच्चों को भी चोटें लगी हैं। ये सब लोग जयपुर शादी समारोह में जा रहे थे। कार ड्राइवर योगेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुग्राम से जयपुर से जाते समय उनकी कार पिनान के पास पलट गई। असल में यहां हाइवे के बीच में पीले रंग के डिवाइडर लगे थे। जब डिवाइडर के बगल से कार को लेने लगे तो अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद कार हाइवे पर ही पलट गई। जिसके कारण तीन बच्चों को चोट लगी है। जिनमें दो महिला थी। एक बालिका को अधिक चोट लगी है। जिसे अलवर से जयपुर रैफर कर दिया।

## राष्ट्रीय पक्षी मोर की बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति क्षेत्र के गांव नीमला में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर को रेसक्यू कर हॉस्पिटल मे इलाज करवा कर वन विभाग चौकी राजपुर बड़ा मे सुपुर्द कर दिया। पशु पक्षी प्रेमी नेमी नीमला ने बताया की मंगलवार शाम 6 बजे ब्यढ़वाल की ढाणी मे एक राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तो ने घायल करने की सूचना श्रीराम,खुशीराम, लोकेश मीना ने सूचना दी। सूचना पाते ही तत्काल पहुँच कर राष्ट्रीय पक्षी मोर को ले जाकर निजी हॉस्पिटल मे इलाज करवाया और उसको वन विभाग कार्यालय राजेश सैन व दुर्गादान को सुपुर्द कर दिया।



## जन्म से लेकर कफ़न तक टैक्स देते हैं, फिर भी हमें राहत नहीं: यादव

### बाजार में 20 रूपये का नोट बिक रहा 24 रूपये में! बेंकों पर लगाया आरोप!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के बानसूर नगर पालिका क्षेत्र स्थित बैंकों में दीपावली के बाद से ही लोगों को 10रूपये, 20रूपये, 50रूपये के नोटों के लिए दर -दर भटकना पड़ रहा है। पीड़ित राजीव गाँधी पंचायत राज के ब्लॉक अध्यक्ष अजयसिंह यादव ने अपनी पीड़ा बताते हुए बैंकों को मिडिया के कटघरे में खड़ा किया है!उ न्होंने आरोप लगाया कि मैं पिएनबी की शाखा में गया था वहाँ मुझे उक्त नोट नहीं मिले! जब मुझे जानकारी मिली कि एसबीआई में आपकी समस्या का समाधान हो सकता है, तो मैं वहाँ गया तो उन्होंने भी हमें सिर्फ 50के नोटों की गड्डी देने की हामी भरी !लेकिन वहाँ 40मिनिट तक मैं लाईन में लगा रहा पर मुझे कोई राहत नहीं मिली।

यादव ने कहा कि जब कोषाधिकारी और शाखा प्रबंधक से सम्पर्क कर राहत देने की अपील की तो उन्होंने मेरा तिरस्कार किया। उन्होंने कहा कि हम जन्म से लेकर कफ़न तक टैक्स देते हैं फिर भी हमारे साथ ऐसा व्यवहार क्यों ? यादव ने कहा कि जब बैंकों में भारतीय करेंसी नहीं है तो बाजार में कहाँ से आ गई !हालात यह है कि 20रूपये की करेंसी 24रूपये में बाजार में उपलब्ध है। किसान -मजदूर के घरों में विवाह -शादियों का कार्यक्रम चल रहा है!बहन बेटियों और रिश्तेदारों की मनुहार(मान-सम्मान) करने के लिए खुले रुपयों की जरुरत होती है जो कहाँ से लेकर आए। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया को समबंधित बैंक प्रबंधकों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं स्टेट बैक ऑफ़ इण्डिया के शाखा प्रबंधक ने वार्तालाप के जरिए कहा कि हम वर्जन देने के लिए अधिकृत नहीं हैं जो बैंक के सीसीटीवी फुटेज में भी मिल जाएंगे। शाखा प्रबंधक बानसूर कस्बे के ही मूल निवासी हैं उनका नाम है आशुतोष शर्मा।

उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद से ही हमारे पास 10व 20रूपये के नोट नहीं आए, अन्यथा हमें क्या प्रॉब्लम थी। दीपावली पर हमने खुलकर नोट बाँटे जिसको जिस तरह की करेंसी चाहिए। आखिर रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया को इसकी जाँच कर कार्यवाही जरूर करनी चाहिए! क्योंकि यह देश के लोगों को ही 20प्रतिशत अधिक देकर 20रूपये का नोट ख़रीदा जा रहा है।

# जिला कलक्टर ने ली वीसी के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### रास्ता खोलो अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 50-50 रास्ते एक माह में खुलवाने का दिया लक्ष्य

- 50 और चाइल्ड फ्रेंडली आंगनबाडी विकसित कराने के दिए निर्देश
- हर ब्लॉक में लगेंगे पीएम सूर्यघर योजना के शिविर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले में संचालित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराने एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमित रूप से कार्यालय में आमजन की परिवेदनाओं को सुने। साथ ही जनसुनवाई एवं विभिन्न माध्यमों से आने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग कर सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने के निर्देश दिए।

### रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को राहत पहुंचाए

जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रा में बाधित रास्तों को समन्वय स्थापित कर आमजन की सहमति से खुलवाना सुनिश्चित करें। रास्ते खुलने से आवागमन सुगम होने के साथ कृषि आदि कार्य में भी सहूलियत होगी। उन्होंने तहसीलवार एक माह में 50-50 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य देकर विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन रास्तों में ग्रेवल सडक की आवश्यकता है वहां ग्रेवल सडक बनाने के प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं।

### 50 और आंगनबाडी बनेगी चाइल्ड फ्रेंडली

जिला कलक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय कर सरकारी व सीएसआर मद से प्रत्येक ब्लॉक में 5-5 आंगनबाडी चिन्हित कर चाइल्ड फ्रेंडली आंगनबाडी के रूप में विकसित करावे। इन आंगनबाडियों की मरम्मत, चाइल्ड फ्रेंडली रंगरोगन व फर्नीचर की व्यवस्था कराने के साथ यह सुनिश्चित करें कि इनमें अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं अच्छी गुणवत्ता की रहे।

### मनरेगा व मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन के कार्यों में लाए प्रगति

उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देशित किया कि मानसून से पूर्व मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना व मनरेगा योजना में स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करावे। साथ ही उन्होंने एमजेएसए के प्रगतिरत कार्यों में आगामी दस दिवस में 50 फीसदी प्रगति लाने के निर्देश दिये तथा इसी प्रकार मनरेगा योजना में प्रगतिरत कार्यों को 25 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा पूर्ण कार्यों को जेएसजेबी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में संचालित मेवात विकास योजना एवं सांसद व विधायक निधि कोष के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति आदि कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराकर कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करावे। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर सहित वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी बैठक से जुडे तथा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक महेश गुप्ता व जिला शिक्षा अधिकारी मनोज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## केशवपुरा अग्निकांड

# कोटा व्यापार महासंघ ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं पीड़ितों के पुनर्वास की मांग

### पीड़ित व्यापारियों को शीघ्र मुआवजा दे प्रशासन, अग्निशमन विभाग व केईडीएल की लापरवाही से हुआ हादसाः महासंघ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा शहर के केशवपुरा क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर कोटा व्यापार महासंघ ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे अग्निशमन विभाग और (कोटा इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड) की घोर लापरवाही का परिणाम बताया है।

महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी के नेतृत्व में महासंघ के सचिव मुकेश भटनागर एवं अन्य पदाधिकारी, केशवपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष दिनू बंजारा के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



**घटना का विवरण** व्यापारियों ने बताया कि कल दिनभर बिजली की बार-बार ट्रिपिंग के कारण बिजली के खंभों पर स्पार्किंग हो रही थी। शाम को एक मोबाइल की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। शुरुआत में आग धीमी थी, लेकिन समय रहते नियंत्रण न होने के कारण उसने भीषण रूप धारण कर लिया और पास की सात अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। सचिव मुकेश भटनागर ने बताया कि घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड विभाग को दी गई, परंतु दमकल वाहन 40 मिनट की देरी से पहुंचे। स्थिति यह रही कि पहली दमकल का नोजल खराब था और वह पानी नहीं डाल सकी। दूसरी दमकल के आने में भी 10 से 15 मिनट का विलंब हुआ, जिससे आग बेकाबू हो गई।

#### व्यापारियों ने लापरवाही के खिलाफ की शिकायत

केशवपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष दीनू बंजारा ने बताया कि पीड़ित व्यापारियों ने आज दादाबाड़ी थाने में जाकर चश्वष्टरुके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनका कहना है कि अगर बिजली की आपूर्ति और अग्निशमन विभाग की व्यवस्था चुस्त होती, तो यह दुर्घटना रोकी जा सकती थी।

#### व्यापार महासंघ ने की पुनर्वास व जांच की मांग

कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी ने पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना प्रशासन और संबंधित विभागों की सुव्यवस्था की विफलता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि पीड़ित व्यापारियों को तत्काल राहत और उचित मुआवजा दिया जाए ताकि वे अपने व्यवसाय को पुनः शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए, अग्निशमन विभाग को अपने उपकरणों का नियमित रख-रखाव करना चाहिए और केईडीएल को बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए।

#### प्रतिपक्ष नेता ने दिया साथ, जांच और सहायता का आश्वासन

नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी भी घटनास्थल पर पहुंचे और व्यापारियों की व्यथा सुनी। उन्होंने कहा कि वे इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, जिला प्रशासन से मुआवजा और पुनर्वास की प्रक्रिया जल्द शुरू करवाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



# कुख्यात गैंगस्टर शिवराज सिंह साथियों सहित गिरफ्तार

### सभी आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच किया कोर्ट में पेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मंदिर की जमीन को लेकर फरियादी पुजारी को धमकाने के मामले में कुख्यात गैंगस्टर शिवराज सिंह और उसके साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, खेड़ली फाटक इलाके में पुलिस ने गैंगस्टर शिवराज सिंह हाडा को उसके घर से गिरफ्तार किया। गैंगस्टर शिवराज के घर पर पुलिस के आला अधिकारियों के साथ 4 से 5 थानों की पुलिस पहुंची।

मंदिर के पुजारी विनय गोस्वामी को गैंगस्टर शिवराज सिंह ने धमकाया था। वहीं आज भारी पुलिस जाप्ते के बीच गैंगस्टर शिवराज सिंह हाड़ा और उसके साथियो को अदालत में किया पेश किया। जहां पर पुलिस ने सभी आरोपियों का पीसी रिमांड मांगा है। जानकारी में सामने आया है कि पाटनपोल इलाके में स्थित मंदिर की जमीन जो की अर्जुनपुरा इलाके में मौजूद है। इस जमीन को अपने कब्जे में लेने के लिए फरियादी को धमकी दे रहा था।

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** उपखंड क्षेत्र के गैंता माखिदा रोड पर सोमवार रात को ट्रक व चारे से भरी पिकअप में टक्कर हो गई। जिससे पिकअप में भरे चारे में आग लग गई और पिकअप चलकर राख हो गई।

हालांकि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई। देईखेड़ा पुलिस हेड कांस्टेबल हिम्मत सिंह ने बताया कि सोमवार देर को रात को माखिदा गांव के पास हादसे में पिकअप के जलने की सूचना मिलने पर मय जाब्ते के मौके पहुच कर लाखेरी से दमकल को बुला कर पिकअप में लगी आग को बुझाया। इस दौरान दोनों वाहन चालक मौका देख कर फरार हो गए। ट्रक में सीमेंट भरा था और पिकअप में सुखा चारा मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




#### सड़क हुई जाम

हादसे के बाद पिकअप में भरे चारे में आग लगने से वाहनो का आवागमन बाधित हो गया और सड़क पर दोनों वाहनों की लंबी कतार लग गई यह सड़क एक्सप्रेस वे सड़क से कोटा बारा व मध्यप्रदेश के श्योपुर को जोड़ती है ऐसे में थोड़ी देर में यंहा वाहनों की लम्बी कतार लग गई बाद में पुलिसकर्मियों ने यातायात बहाल करवाया।

#### चार दिन में दूसरी घटना

जिम्मेदारों के मौन होने या फोरी कार्यवाही के कारण ओवरलोड चारे से भरे वाहन बन रहे है दुर्घटना का कारण। सड़क पर दिनभर में दर्जनों ओवर लोड ट्रेक्टर व पिकअप सूखे चारे का परिवहन करते नजर आते हैं।जो पूरी सड़क को घेर कर चलते है जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। अभी शनिवार को भी माखिदा रोड पर ही अनियंत्रित होकर चारे से भरे ट्रॉली के पलटने से चालक युवक की मौत हो गई थी।

# कोटा के एमबीएस अस्पताल में सफल ब्रेन ट्यूमर सर्जरीः 4 वर्षीय वंश को मिली नई जिंदगी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** संभाग के सबसे बड़े एमबीएस अस्पताल में डॉक्टर्स की टीम ने एक 4 वर्षीय मासूम बालक के मस्तिष्क का दुर्लभ व जटिल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। न्यूरोसर्जन डॉ. एस. एन. गौतम और उनकी टीम ने इस अत्यंत कठिन सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

भवानीमंडी निवासी वंश को पिछले चार महीनों से लगातार सिरदर्द की शिकायत थी। सीटी स्कैन में मस्तिष्क में पानी भरने की स्थिति (हाइड्रोसेफेलस) और



मस्तिष्क के पिछले हिस्से (पोस्टीरियर फोसा) में गांठ पाई गई। इसके बाद मरीज को तुरंत एमबीएस अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग में रेफर किया गया।

डॉ. एस. एन. गौतम की देखरेख में तुरंत एमआरआई जांच करवाई गई, जिसमें मेडुलोब्लास्टोमा नामक दुर्लभ और खतरनाक ब्रेन ट्यूमर की पुष्टि हुई।

# उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित

### रावतभाटा आर सी शर्मा का आने पर किया गया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** मंगलवार को शादी समारोह में रावतभाटा आगमन पर प्रसिद्ध रसायन विज्ञान लेखक रमेश चंद्र शर्मा का पार्षद मनीष गिरी ने स्वागत किया, जानकारी देते हुए पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि रमेश चंद्र देश के जाने माने लेखक है जिन्होंने 12 वी रसायन विज्ञान एवं कई अन्य पुस्तक लेखन में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है इनके द्वारा लिखी गई किताबें एवं इनके द्वारा शिक्षित विद्यार्थी आज देश विदेश में ऊंचे मुकाम पर कर कर रहे हैं इनके द्वारा पढ़ाए गए विद्यार्थी आई ए एस, आई पी एस एवं अन्य उच्च पदों पर अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

आर सी शर्मा पूर्व में कानपुर में स्थित सुभाष स्मारक कॉलेज में विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान एवं प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवा दे चुके है साथ ही प्रयागराज शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के रसायन विज्ञान पाठ्यक्रम समिति के सदस्य रह चुके है इन्हें उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की ओर से महामहिम



राज्यपाल द्वारा 'राज्य अध्यापक पुरस्कार' से भी सम्मानित किया जा चुका है साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने पर कई अन्य राज्य के राज्यपालों द्वारा सम्मानित किया गया है वर्तमान में शर्मा द्वारा लखनऊ में भारत स्काउट और गाइड में सहायक प्रादेशिक आयुक्त के पद पर अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। रमेश चंद्र शर्मा ने रावतभाटा को सुंदर टाऊन शिप बताया पार्षद मनीष गिरी ने स्कूलों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के पश्चात रमेश चंद्र शर्मा को विधार्थियों के लिए मोटिवेशन क्लास लेने के लिए आमंत्रित किया जिसे उन्होंने सहजता से स्वीकार किया ।रमेश चंद्र शर्मा से भेट करने एवं उनके विचारों को सुनने बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी रिक्रिएशन क्लब में एकत्रित हुए थे।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी राजपाल जादौन कोटा केडडवाडा का निवासी है।

शहर में अपराधियो द्वारा अवैध फायर आर्म्स रखने एवं उपयोग करने तथा सोशल एप पर फायर आर्म्स की फोटो वायरल करने की घटनाओं को देखते हुए जिला मुख्यालय द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया है। शहर एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि भीमगंजमण्डी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर आम लोगों में भय पैदा करने वाले आरोपी राजपाल जादौन को गिरफ्तार किया है।

जो डडवाडा कोटा में रहता है जिसने सोशल मीडिया एप पर अवैध हथियार के साथ अपनी फोटो अपलोड कर रखी है। जिसके पास उसका कोई हथियार का लाइसेंस नहीं है।

# लघु उद्योग भारती की सभी इकाइयों की आगामी सत्र के लिये नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद्र जी भाईसाहब के सानिध्य में अंचल अध्यक्ष पवन गोयल ने कोटा की सभी इकाइयों के लिए नवीन कार्यकारणी की घोषणा करी। कोटा वृहद् इकाई में अंकुर गुप्ता अध्यक्ष, संदीप जांगीड सचिव, संदीप बाकलीवाल कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए।

कोटा महिला इकाई में चाँदनी पोद्दार अध्यक्ष, निहारिका गुप्ता सचिव एवं अलका अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए।कोटा रानपुर इकाई में मनोज अग्रवाल अध्यक्ष , नभ शर्मा सचिव एवं पूरण गुप्ता कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए।

# कोटा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या, परिजनों ने किया हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा के राजीव गांधी कोचिंग क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात मंगलवार शाम को हुई,



जिसकी लाइव तस्वीरें सामने आई हैं। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बाइक से भागते नजर आ रहे हैं। मृतक की पहचान हरिओम वैष्णव के रूप में हुई है, जो पनवाड़ इलाके का निवासी था और कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ एक प्राइवेट नौकरी



भी कर रहा था।

आरोपियों ने एक मोबाइल और स्टेशनरी की दुकान में घुसकर हरिओम को गोली मारी और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि हत्या का कारण जीजा-साले के बीच चल रहा आपसी विवाद था। आरोपी आदतन अपराधी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां आज पोस्टमार्टम किया जाएगा।

घटना के बाद बुधवार सुबह एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर परिजनों और समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलाने, उचित मुआवजा देने और जमीन विवाद की जांच की मांग की। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। फिलहाल जवाहर नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# कोटा में मॉक-ड्रिल आज

### शहर में 11 जगह सायरन बजेंगे, कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद कोटा में भी आज मॉक ड्रिल होगी। मॉक ड्रिल को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां की है। शहर में अलग-अलग जगह लगे हुए 11 सायरन को चेक कर टेस्टिंग की गई। साथ ही नागरिक सुरक्षा के उपकरणों व व्यवस्थाओं को भी चेक किया गया।

मॉक ड्रिल को लेकर जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी, सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन, ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने शाम के समय मीडिया से बात की। कलेक्टर गोस्वामी ने बताया कि सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल जब होती है तो हमें तैयार रहना पड़ता है। कल मॉक ड्रिल की जाएगी ये पहली मॉक ड्रिल होगी। इसके बाद हम रेगुलर मॉक ड्रिल करेंगे। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का मतलब है कि अभ्यास करेंगे कि कभी ऐसी घटना होती है उसे समय हम कैसे रिस्पॉन्ड करें। आम जनता से अपेक्षा है कि जब सायरन बजे उस समय सुरक्षित स्थान पर रहे। बाहर या जो स्ट्रक्चर गिर सकते हैं, उसके आसपास नहीं रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें। पुख्ता सूचना के ऊपर ध्यान दें। कल मॉक ड्रिल का सायरन दिन में बजेगा। उसे समय जनता सुरक्षित स्थान पर रहे।

# कोटा में डबल मर्डर के दोषी को उम्रकैद की सजा

### प्रेम प्रसंग के चलते प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी और बेटे की गोली मारकर की थी हत्या

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** डबल मर्डर के करीब 7 साल पुराने मामले में न्यायाधीश जिला एवं सेशन न्यायालय (डीजे कोर्ट) ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी चंद्रकांत पाठक निवासी मुरैना एमपी को आजीवन कारावास की सजा और करीब 60 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी ने प्रेम प्रसंग के चलते घर में घुसकर प्रोपर्टी डीलर की पत्नी व उसके 12 साल के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

लोक अभियोजक मनोजपुरी ने बताया कि फरियादी नवीन पाराशर ने जनवरी 2018 में भीमगंजमंडी थाने में शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि वो चोपड़ा फार्म गली नंबर 2 के निवासी हैं। 21 जनवरी शाम साढ़े 6 बजे करीब के बाजार में सब्जी लेने गया था। पत्नी सोहिनी पाराशर, बेटा पीयूष और बेटी मान्या घर पर ही थी। सब्जी खरीदकर 5 मिनट बाद पत्नी को फोन किया। तो पत्नी ने फोन नहीं उठाया। मैं सीधा घर आ गया। देखा तो कमरे में बाहर दरवाजे पर बेटा पीयूष खून से लथपथ पड़ा था। पास ही बेड के पास फर्श पर पत्नी सोहिनी खून से लथपथ पड़ी हुई थी। मेरे चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। महिला की कनपटी व बच्चे के सीने में गोली लगी थी। फरियादी ने आरोपी चंद्रकांत पाठक के खिलाफ नामजद शिकायत दी थी। फरियादी ने बताया कि आरोपी ने कुछ समय पहले उन्हें व परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी।

घटना के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। जिसके आधार पर चंद्रकांत पाठक निवासी मुरैना, एमपी के बारे में पता चला। चंद्रकांत का कोटा में आना जाना और होटल में ठहरना पाया गया।

मनोज पूरी ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में 50 गवाहों के बयान करवाए।

# कोटा सोशल वेलफेयर फोरम ने स्कूल को भेंट किए पेडस्टल फैन

**कोटा (का.स.)।** इन दिनों प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कोटा सोशल वेलफेयर फोरम द्वारा मानवता और सेवा के भाव से एक सराहनीय कदम उठाया गया। संस्था की ओर से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीमगंजमंडी, कोटा जंक्शन में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए दो पेडस्टल फैन (खड़े पंखे) भेंट किए गए।

# मोबाइल चोर गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यात्रियों को धारदार हथियार दिखाकर डरा-धमकाकर मोबाइल और कीमती सामान चुराते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार स्मार्टफोन और एक धारदार कटर बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी करने वाले चोर गिरोह आरोपी 24 वर्षीय ताहिर निवासी संजय कॉलोनी भट्टा बस्ती और 22 वर्षीय मोनू सिंह जैत मथुरा यूपी हाल सिरसी रोड बिंदायका को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि वह बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों की नींद या असावधानी का फायदा उठाकर मोबाइल व अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते हैं।

विरोध करने पर नुकीले हथियार दिखाकर डराते हैं और भाग जाते हैं। आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में पूर्व में भी दर्जनों आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। (उपनिरीक्षक) थानाधिकारी श्याम सुन्दर ने बताया कि सिंधीकैम्प निवासी गुड्डू पेंटर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि वह 4 मई की रात बस स्टैंड के वेटिंग रूम में सो रहा था। तभी 3-4 युवक वहां पहुंचे और उसके मोबाइल (रियलमी कंपनी) के साथ-साथ मोबाइल कवर में रखे 6 हजार रुपये चुरा लिए। जब उसने विरोध किया तो एक युवक ने उसके हाथ की अंगुली काट ली और लोहे का नुकीला हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने ईयरफोन भी छीन लिया और भाग निकले। इस पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया और फिर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों ताहिर और मोनू सिंह को गिरफ्तार किया।

# देशभर के साथ धौलपुर में भी 7 मई को होगी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल

## तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर समन्वय बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 7 मई, बुधवार को जिले में सिविल डिफेंस अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन परिस्थितियों में सिविल डिफेंस सहित प्रशासनिक विभागों की प्रतिक्रिया, क्षमता और आपसी समन्वय के आकलन के लिए यह अभ्यास गांव स्तर तक विस्तारित होगा। इस मॉक ड्रिल का एक प्रमुख उद्देश्य आम जनता, विशेषकर विद्यार्थियों और युवाओं में आपदा प्रबंधन की समझ विकसित करना भी है।

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार हो रहे इस अभ्यास के लिए बेहतर समन्वय कर आपातकालीन स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास करें।

### मॉक ड्रिल के उद्देश्य

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि पूर्व अभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण, भारतीय वायुसेना के साथ हॉटलाइन/रेडियो लिंक की कार्यशीलता की जाँच, नियंत्रण कक्षों की तत्परता और प्रशासनिक समन्वय क्षमताओं का मूल्यांकन, आम नागरिकों एवं छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में व्यवहार हेतु प्रशिक्षित करना, ब्लैकआउट जैसे रणनीतिक उपायों की तैयारी सुनिश्चित करना है।

### अस्पतालों में जरूरी चिकित्सा व्यवस्था के निर्देश

जिला कलक्टर ने मॉक ड्रिल के समय और उसके बाद आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के क्रम में अस्पतालों में जरूरी दवाओं की व्यवस्था करने तथा मेडिकल स्टाफ को समुचित प्रशिक्षण देने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही रसद विभाग को आवश्यकतानुसार भोजन प्रबंधन, स्थानीय स्वशासन को अग्निशमन वाले वाहनों सहित अन्य उपकरणों के समुचित संचालन आदि के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को जिले की सुरक्षा योजना का गहन अध्ययन करने और उसके अनुसार आपात परिस्थिति के लिए जरूरी संसाधन तैयार करने के भी निर्देश दिए।



### एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण

जिला कलक्टर ने एनसीसी और स्काउट गाइड विद्यार्थियों के आपात योजना से संबंधित प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि यह लोग अपने आस-पड़ोस और आमजन को विशेष परिस्थिति से निपटने में मदद करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होंगे। उन्होंने इसके लिए एनसीसी एवं स्काउट अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को आपात स्थिति का सामना करने के लिए तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि बुधवार को होने वाले पूर्व अभ्यास के लिए पुलिस विभाग को अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय करना होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, एसडीएम धौलपुर साधना शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन 176 रोगी लाभान्वित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में लगाए गए दो दिवसीय निशुल्क योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में चर्मरोग हृदयरोग उच्च रक्तचाप सिरदर्द माइग्रेन स्पांडलाइटिस फ्रोज़न शोल्डर अनिद्रा आदि रोगों का 176 से अधिक रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर के समापन के अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की सभी सुविधाओं का लाभ आमजन को अधिक से अधिक मिल सके उसके लिए समय-समय पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर उपचार सुविधा उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा शिविर में आए सभी रोगियों को संतुलित खान-पान एवं नियमित रूप से दिनचर्या में योग व्यायाम करने की सलाह दी। शिविर में दूर दराज से आए रोगियों ने उपचार से लाभ मिलने पर शिविर पुनः लगाए जाने की बात कही और शिविर की व्यवस्थाओं और सेवाओं की सराहना की। शिविर प्रभारी डॉ प्रियंक शर्मा ने दो दिवसीय शिविर की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। शिविर में डॉ निमिका कौशिक मेल नर्स भगवान सिंह रजनीश लता गरिमा जगनलाल आदि अधिकारी कर्मचारियों एवं बी एन वाई एस और बी एस सी नर्सिंग के छात्र छात्र-छात्राओं द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ कुलदीप शर्मा द्वारा किया गया।

# धौलपुर में पंचायत पुनर्गठन बना विवाद का अखाड़ा, दो गांवों में गहराया आक्रोश

**धौलपुर/सरमथुरा।** धौलपुर जिले में पंचायत पुनर्गठन प्रक्रिया के बीच सरमथुरा क्षेत्र के दो गांवों में गहरा विवाद उत्पन्न हो गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। खैरारा और हुलासपुरा समेत चार गांवों के लोग अपनी मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं और एसडीएम सुधा रानी मीणा को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। खैरारा गांव के ग्रामीण पंचायत पुनर्गठन से नाखुश हैं। उनका कहना है कि उन्हें ग्राम पंचायत खुर्दिया में शामिल किया गया है, जो उनके गांव से 10 किलोमीटर दूर है और मानसून में यह दूरी बढ़कर 15 किलोमीटर तक हो जाती है। ग्रामीणों को राशन लाने के लिए भी हर महीने 11 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

# बाइक से ससुराल जा रहे पति-पत्नी से बदमाशों ने फायरिंग कर की लूटपाट



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के वन विहार रोड पर बाइक सवार दंपति से हथियारों के बल पर मारपीट करने और पत्नी के गहने लूट कर ले जाने के साथ फायरिंग की घटना में पति-पत्नी को छर्रे लगने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पर सदर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के अतिराजपुरा की खिरकारी निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र कन्हैयालाल गुर्जर अपनी पत्नी प्रिया और प्रिया की बड़ी बहन के लड़के 6 वर्षीय कृष्णा के साथ सोमवार की शाम बाइक से अपनी ससुराल धौलपुर जा रहा था। जैसे ही नरेंद्र बाइक से गजपुरा चौराहे से वन विहार रोड पर मुड़े। पीछे से पल्सर बाइक पर सवार होकर आए तो डाटा लगाए बदमाशों में उनकी बाइक पर पीछे से पत्थर फेंके। जब उन्होंने अपनी बाइक को और तेज किया तो आरोपी तेज गति में बाइक को भागते हुए लाये और उनके आगे आकर खड़े हो गए और जबरन बाइक को रुकवा लिया। रुकने के बाद उन्होंने कट्टा तान कर उनसे छीना-झपटी की जब इसका विरोध किया तो कट्टे से फायर कर दिया। जिससे छर्रे लगने से दोनों पति-पत्नी चोटिल हो गए। इसके बाद नकाबपोश बदमाशों ने उनकी पत्नी के जबरन गहने छीन लिए। इस दौरान कुआखेड़ा रोड की तरफ से एक बाइक आती दिखी तो बदमाश फायरिंग करते हुए भाग गए।घटना के बाद बाइक सवार लोगो को उन्होंने लूट की बताया तो वे चोटिल पति-पत्नी को लेकर सदर थाना पहुंचे। जहां पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# हीट वेव प्रबंधन को लेकर जिला प्रभारी डॉ. खंडेलवाल ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू तापघात से आमजन के बचाव तथा उपचार की तैयारियों को लेकर जमीनी हाल जानने हेतु निदेशालय जयपुर से जिले के प्रभारी डॉ अनमोल खंडेलवाल सोमवार से धौलपुर दौरे पर है। डॉ. खंडेलवाल ने विगत दो दिन में जिले के करीब एक दर्जन से अधिक चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर लू ताप घात से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा भी उनके साथ रहे। निरीक्षण के क्रम में डॉ. खंडेलवाल ने सोमवार को जिला अस्पताल बाड़ी, सीएचसी सरमथुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का निरीक्षण किया। साथ ही मंगलवार को जिला अस्पताल धौलपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनियां, ट्रॉमा सेंटर मनियां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सा संस्थानों पर हीटवेव से बचाव एवं उपचार की व्यवस्थाओ की समीक्षा की गई। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, पीने का पानी, वाटर कूलर आदि क्रियाशील मिले। चिकित्सा संस्थानों पर सभी व्यवस्थाएं माकूल पाई गई। लू ताप घात के अतिरिक्त उन्होंने चिकित्सा संस्थानों पर प्रत्येक वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष , जांच कक्ष तथा उपलब्ध संसाधनों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मिल रही सेवाओं को लेकर मरीजों तथा उनके परिजनों से फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पतालों के बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित निस्तारण के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मौके पर ही चिकित्सा संस्थानों से रोजाना बायोमेडिकल वेस्ट उठाने हेतु बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक को दूरभाष पर निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों के आरएमएस का लेखा-जोखा देखा और आवश्यकता अनुसार मरीज की सुविधा विस्तार हेतु उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक दवाइयों की शत प्रतिशत उपलब्धता पर जोर देते हुए हीट वेव से बचाव हेतु सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सघन प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए आम जान में सघन प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ धर्म सिंह मीणा ने बताया कि डॉ खंडेलवाल आगामी 10 मई तक जिले के विभिन्न उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पीएचसी का निरीक्षण कर जिला व राज्य स्तर पर अपना फीडबैक देंगे जिसके अनुसार आगामी सुधार के प्रयास किए जाएंगे। डॉ मीणा द्वारा सभी अस्पतालों को राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ हीट वेव प्रबंधन के निर्देश जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।





# बाड़ी में 10 मई को लोक अदालत: डिस्कॉम ने 12.47 करोड़ बकाया वसूली के लिए 3257 उपभोक्ताओं को भेजे नोटिस, विवादों का होगा समाधान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के एडीजे कोर्ट किला परिसर में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें आपसी समझौते से पुराने मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जयपुर विद्युत वितरण निगम ने बिजली चोरी, बिल विवाद और पुराने बकाया मामलों के समाधान के लिए 3257 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। डिस्कॉम के सहायक अभियंता आरडी मीणा के अनुसार, धौलपुर एसई और बाड़ी एक्सईएन के निरीक्षण में यह कार्रवाई की जा रही है। कुल 12.47 करोड़ रुपए के बकाया में से बाड़ी शहरी क्षेत्र के 521 उपभोक्ताओं पर 2.21 करोड़ और ग्रामीण क्षेत्र के 2736 उपभोक्ताओं पर 10.26 करोड़ रुपए बकाया है।

डिस्कॉम की टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को नोटिस दे रही हैं। सहायक अभियंता आरडी मीणा, कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा और कुलदीप शर्मा की टीमें शहर के तुलसीवन रोड, गंज दरवाजा और मलक पाड़ा सहित विभिन्न मोहल्लों में जा रही हैं। वे उपभोक्ताओं से लोक अदालत में आकर मामलों का निपटारा करने और डिस्कॉम की छूट योजना का लाभ लेने की अपील कर रहे हैं।

### *पूर्व निपटे 100 फीसदी मामले, राजस्व की हुई थी जबरदस्त प्राप्ति*

*पूर्व में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ था। जिसमें भी डिस्कॉम ने काउंटर लगाकर उपभोक्ताओं पर चल रहे विभिन्न मामलों में सुनवाई की थी और 50त्न छूट का लाभ दिया था। जिसमें डिस्कॉम को पहले ही दिन 558 मामलों के निस्तारण के साथ करीब डेढ़ करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई।*

# शहर के आजाद गेट पर थाने से 400 मीटर की दूरी पर किराने की दुकान में चोरी

## चोरो ने ताले तोड़कर सरिये से उखाड़ा शटर, नगदी के साथ हजारो का माल किया पार

## दो दिन में बाईपास क्षेत्र में चोरी की दूसरी वारदात, क्षेत्र के नागरिको में चोरो का भय




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में चोर अब बेलगाम होते नजर आ रहे हैं। कोतवाली थाने से जुड़े बाईपास क्षेत्र में इछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की घटनाये सामने आ रही है। दो दिन में बाईपास के आसपास लगातार चोरी की वारदात होने से जहां दुकानदार भयभीत है वहीं आम नागरिक भी अपने आप को आशंकित महसूस कर रहा है। ताजा मामला सोमवार की रात का है। जहां बाईपास पर आजाद गेट के ठीक बगल में स्थित एक किराने और कोल्डड्रिंक की दुकान में चोरों ने धावा बोला है। दुकान की शटर के ताले तोड़कर सरिये से शटर को खोलकर चोर अंदर घुसे और दुकान में रखी कोल्डड्रिंक,सिगरेट एवं अन्य कीमती सामान के साथ पेटी में रखी हजारों रुपए की राशि को पार कर ले गए। मंगलवार सुबह जब पीड़ित सुरेश कुशवाहा पुत्र रामलाल निवासी होद अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसे दुकान के ताले इधर-उधर टूटे पड़े मिले। जब शटर को खोलकर देखा तो अंदर रखा समान और पेटी में रखे पैसे गायब मिले। इस पर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना के बावजूद भी पुलिस ने मौका निरीक्षण नहीं किया उल्टे पीड़ित को ही एफआईआर लाने की सलाह दी। ऐसे में पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दी है। चोरी की घटना में पीड़ित ने दुकान से सिगरेट के पैकिट, कोल्डरिंग की बोतल, गुटको के पाउच, बीड़ी, नमकीन के पैकिट,बिस्कुट एवं अन्य सामान के साथ पेटी में रखी पांच हजार रुपए की नगदी के पार होने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### *क्षेत्र में लगातार 2 दिन से चोरी*

*शहर के बाईपास क्षेत्र में लगातार 2 दिन से चोरी की वारदातें हो रही हैं। सोमवार को दिनदहाड़े चेतन नगर काली माई मंदिर के पास किसान शिवधीश भारद्वाज पुत्र बालमुकुंद के प्लॉटनुमा छप्परपॉश घर से ताले तोड़कर टंकी से गेहूं की 07 बोरी की चोरी और ट्रैक्टर के सामान की चोरी हुई थी। जिसका मामला भी पुलिस में दर्ज कराया गया है।*

# संस्कार युक्त समाज निर्माण के लिए महापुरुषों के जीवन से ले प्रेरणा-पंडित रामकिशन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भ्रष्ट्राचार से सभी लोग परेशान है , शिकायत भी करते है लेकिन सबसे पहले हमें अपने नजदीकी भ्रष्ट्राचारियों को रोकने का प्रयास करना चाहिये। यह कहना है शताब्दी पुरुष और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन गत दिवस कस्वा हलैना में ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान परशुराम शोभा यात्रा एवं सम्मान समारोह के अवसर पर अपना उदबोधन दे रहे थे । आमजन को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये तभी जयन्ती मनाने का मतलब सार्थक होता हैं % उन्होंने बढ़ते हुऐ घिनौने अपराधों पर चिन्ता जताई कहा कि समाज और परिवारों में सबसे पहले अपने बच्चो को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है । समाज में बुजुर्गो और महिलाओं की इज्जत करे, जहां स्त्रियों का सम्मान होता है वह देवता निवास करते हैं। सभी को मिलकर अपने अपने टूटते परिवारों को बचाना चाहिये। समाज में मासूम दो दो साल के बच्चों के साथ घर्णित अपराध हो रहे है जो किसी भी सभ्य समाज के लिये निंदनिय है, हम सभी को ऐसे अपराधों को रोकने की कोशिश करनी चाहिये बगैर अच्छे संस्कार के ये सम्भव नहीं है ।

### पर्यावरण को शुद्ध रखना सबसे बड़ी जरूरत

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना सबसे बड़ी जरुरत है। इसके लिये हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पैड़ लगाने चाहिये । उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को रोकने की जरूरत बताई। कार्यक्रम में अपने जीवन के सौ वर्ष पूरे करने बाले शतायू पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और पानी आन्दोलन के लिये किसान नेता इन्दल सिंह जाट का ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में ब्रह्मण समाज ग्रामीण अध्यक्ष गुलाव बैद, डा. सुरेन्द्र सिंह, पंड़ित राजदेव शांडिल्य डहरा बाले, नरेन्द्र शर्मा, भग्गी पंड़ित, सरवन फौजी, अनिल शर्मा भल्लू , रामनिवास शर्मा, मिथलेस मास्टर, श्री गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय के निदेशक राजेन्द्र पाण्डेय, श्रीकांत शर्मा पूर्व सरपंच, मनीष शर्मा पंकज शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, पवन लवानिया, लखन पाठक न्यौठा, अजय कटारा, मदन मोहन, हर्ष लवानिया नदवई, राजेश हन्तरा, गिरधारी मुखैना ने हिस्सा लिया।

# कोतवाली पुलिस ने दिखाई मानवीयता: थाने की मेस में खाना बनाने वाले की दो बहनों का भरा मायरा, 41 हजार और कपड़े किए भेंट

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी कोतवाली थाने में रसोइए का काम करने वाले महेंद्र सिंह की दो बहनों की शादी में पुलिस ने सहयोग किया है। थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने आपस में धनराशि जुटाई ओर सोमवार शाम गांव उमरेह पहुंच मायरा भरा। उपनिरीक्षक हरवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम उमरेह गांव स्थित महेंद्र के घर पहुंची। टीम ने दोनों बहनों की शादी के लिए 41 हजार रुपए की नगद राशि दी। साथ ही शादी के कपड़े और अन्य उपहार भी भेंट किए। महेंद्र सिंह कई वर्षों से थाने में भोजन बनाते हैं। वह पुलिस अधिकारियों और जवानों को आत्मीयता से भोजन कराते हैं।

# आयुष्मान आरोग्य योजना में अधिकाधिक लाभार्थी जोड़कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाये चिकित्सक : संयुक्त निदेशक डॉ. सम्पत सिंह जोधा

## आईएमए हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में चिकित्सकों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति के उद्देश्य से मंगलवार को आईएमए हॉल में संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, अजमेर जोन, डॉ. सम्पत सिंह जोधा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त निदेशक डॉ. सम्पत सिंह जोधा ने आयुष्मान आरोग्य योजना में अधिकाधिक पैकेज बुक करने पर जोर देते हुए आमजन को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा संस्थानों पर लू-तापघात व मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में पूर्ण तैयारी रखने, नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना की प्रगति को बढाने, परिवार नियोजन के लिए नसबंदी, पीपीआईयूसीडी व अंतरा के दिये गये लक्ष्य अर्जित करने, पूर्ण टीकाकरण, एनसीडी, आभा आईडी, तम्बाकू नियंत्रण, राष्ट्रीय अंधता व फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम में बेहतर लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों को दिये। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग कर योजनाओं की प्रगति पर सतत निगरानी रखें और उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों के अनुभव साझा करें। इस दौरान उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले की अधिकाधिक ग्राम पंचायतों को शामिल कर छह प्रमुख इंडीकेटर्स के आधार पर समन्वित प्रयास करने को कहा। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित ड्रेस कोड में समय पर संस्थानों में उपस्थिति दर्ज करवाते हुए नि:शुल्क चिकित्सा, जांच व दवा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। डॉ. जोधा ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत जिले के समस्त संस्थानों को मानकों पर खरा उतरने और प्रसव पूर्व देखभाल, शिशु स्वास्थ्य सहित सात श्रेणियों में सेवा स्तर सुधारने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत चयनित संस्थान को प्रमाण-पत्र मिलने के बाद, केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक संस्थान को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने स्लाईड शो के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान डॉ0 गोस्वामी ने आयुष्मान योजना के ई-केवाईसी, कार्ड वितरण, 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के पंजीकरण जैसे विषयों पर तेजी लाने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। उन्होंने एएनएम, आशा व सीएचओ कार्यकर्ताओं को सक्रिय मोड में काम करने को कहा। बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे नियमित फिल्ड में विजिट कर सभी योजनाओं की समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करें और लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करें। बैठक में अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झारवाल, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया, प्रभारी अधिकारी, जिला ड्रग वेयर हाउस डॉ. अशोक खटवानी, उप जिला चिकित्सालयों के पीएमओ, समस्त बीसीएमओ, सीएचसी/पीएचसी प्रभारी तथा सीएमएचओ कार्यालय के अनुभाग अधिकारी उपस्थित रहे।




# वन्यजीव संरक्षण पर रहे जोर : अतिरिक्त जिला कलक्टर



## जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी।** जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बूंदी शहर में आवारा श्वानों की बढ़ती आबादी पर चिंता व्यक्त की गई और इसे नियंत्रित करने के लिए अगले 15 दिनों में प्रभावी कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मवेशियों को चारा डालने के लिए शहर में उपयुक्त स्थानों को चिन्हित करने पर भी सहमति बनी। वन विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि वे लव कुश वाटिका में पशु चिकित्सक की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करें। नंदी शाला की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध तरीके से कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए गए। शहर में सांप पकड़ने वालों (स्नेक केचर) की एक सूची नगर परिषद को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे सांपों के निकलने की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जा सकें। जिला परिवहन अधिकारी और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ समन्वय स्थापित कर मवेशियों के सींगों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि रात के समय दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बैठक में घायल बंदर, मोर और अन्य वन्यजीवों के रेस्क्यू पॉइंट बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य जानवरों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष पुरूषोत्तम लाल पारीक ने समिति की नियमित बैठक करवाने, पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली से समिति को सम्बद्ध करवाने, घायल पशु पक्षियों के उपचार व चिकित्सा के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करवाने, चारागाह भूमि को पशुओं के अनुकूल बनवाने की बात कहीं। बैठक में पुलिस उप अधीक्षक अरुण कुमार, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल मीणा, जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा, नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के कोषाध्यक्ष पुरूषोत ?तम लाल पारीक, सदस्य विठ्ठल सनाढ्य, पृथ्वी सिंह राजावत, दौलतराम मालव, मोहनलाल कुम्हार, अशोक विजय आदि मौजूद रहें।

# झालावाड़ : कंजर समुदाय की बैठक में फायरिंग और मारपीट, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र के लाखाखेडी व बामनदेवरिया कंजर डेरो के कंजर समुदाय के लोगों के बीच हाजडिया कंजर डेरे मे आपसी विवाद व पैसों की लेन देन को लेकर हुई बैठक के दौरान फायरिंग हो गई। दोनों पक्षों में हुई फायरिंग व मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चौमहला सीएचसी व उन्हेल के पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाया।जहां से गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। मामले में जानकारी के अनुसार लाखाखेड़ी व बामनदेवरिया इलाके के कंजर डेरो के लोगों के बीच आपसी लेनदेन के विवाद को लेकर हाजडिया कंजर डेरे के एक मंदिर के पास बातचीत कर रहे थे। इस दौरान विवाद के निपटारे के लिए दोनों पक्षों सहित आसपास के कंजर डेरो के लोग भी इस बैठक में पहुंचे थे। लेकिन इस दौरान विवाद निपटाने की बैठक में पहुंचे कुछ कंजर समुदाय के लोगों के पास हथियार भी थे। बैठक के दौरान हुई कहासुनी देखते ही देखते खूनी झड़प में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस हमले में कुछ लोगों ने बंदूक से फायरिंग भी कर दी जिसमें छर्रे लगने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई बाद में सभी घायलों को पास के चौमेहला के सीएचसी लाकर भर्ती करवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर उन्हेल गंगधार पुलिस भी मौके पर पहुंचे और घायलों से बयान लेकर घटना की जानकारी ली ।वही इस मामले मै उन्हेल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# जिला स्तरीय अधिकारियो की साप्ताहिक बैठक का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। इस दौरान उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणा पर चर्चा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने शिक्षा विभाग से मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिये। बैठक में सार्वजनिक विभाग से प्रधानमंत्री सड़क योजना और अटल पथ की प्रगति की समीक्षा की। महिला अधिकारिता विभाग से लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी ली, नगर परिषद से शहरी आजीविका मिशन, शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। उद्योग विभाग से विश्वकर्मा योजना के तहत आये आवेदनों के बारे में जानकारी ली। वन विभाग को पौधारोपण कार्यक्रम के तहत नर्सरी में पौधे की तैयारी करने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था करने और टैंकरों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कोषाधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक

# विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं, विभागीय कार्यों व बजट घोषणाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई । जिला कलक्टर ने सरकार की फ्लैगशिप व जनकल्याणकारी योजना की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए जिले में नल से जल कनेक्शन से शेष रही आंगनबाड़ियों व स्कूलों में जल्द नल कनेक्शन करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी के तहत आवंटित लक्ष्यों की तुलना में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने पीएम सम्मान निधि, मातृ वंदन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना व कुसुम योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने जिले में राज्य सरकार की 2025-26 की बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन सहित अन्य कार्यों को त्वरित रूप से करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवतिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा, सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 12 मई 2025 को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिले के लिए पीएम नेशनल अप्रेंटिसषिप मेला का आयोजन 12 मई को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होगा।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहायक शिक्षुता सलाहकार एवं उप निदेशक ने बताया कि मेले में विभिन्न व्यवसायों से आई.टी.आई. उर्त्तीण अभ्यर्थी भाग ले सकते है, जिन्हें शिक्षुता अधिनियम 1961 के तहत शिक्षुओं का नियोजन जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में किया जायेगा। अभ्यर्थी आवश्यक मूल दस्तावेज एवं बायोडेटा सहित उपस्थित हो सकते है।

# विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री व आपदा प्रबंधन मंत्री को किसानों की फसलें आगजनी से नष्ट होने पर एसडीआरएफ के तहत आर्थिक सहायता दिलाने के लिए लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व आपदा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया कि, प्रदेश में कई बार अज्ञात कारणों से किसानो की फसलें आगजनी से जलकर नष्ट हो जाती है। जिसपर कोई सहायता राशि नहीं मिलती है। आपदा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के द्वारा दिनांक 1 दिसंबर 2020 को जिला कलेक्टर गंगानगर को फसल आगजनी के सम्बंध में मार्गदर्शित किया कि खड़ी फसल में आगजनी होने पर गिरदावरी करवाई गई है तो परीक्षण कर एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार सहायता राशि हेतु कार्यवाही की जा सकती है। खड़ी फसल ना होने पर एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार सहायता राशि हेतु कार्यवाही नही की जा सकती है। इस हेतु अज्ञात कारणों से आगजनी की ओर ध्यान दिलाते हुए निवेदन किया कि, खड़ी फसलों में आग लगने से किसान की फसल नष्ट होती है ओर खलियान में रखी फसलों के आगजनी होने पर भी किसान की फसल नष्ट होती है। जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है कि आगजनी से फसल नष्ट होने पर ऐसे मुश्किल समय में वह किसान की मदद करे। प्रदेश में कई किसानों की फसलें अज्ञात कारणों से आग लगने पर जल कर नष्ट हो जाती हैं, उनके नुकसान हेतु आवेदन करने पर अधिकांशत: कोई सहायता राशि देय नहीं है, जिससे किसान हताश होकर बैठ जाता है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, एक पत्र के माध्यम से पता चला है कि किसान के द्वारा कटी हुई फसल को खलियान में रखने पर अज्ञात कारणों से आगजनी होने पर भी फसल नष्ट होती है, किंतु कोई सहायता राशि देय नही है। उपरोक्त पत्र के परिपेक्ष्य में निवेदन है कि जानबूझ कर कोई किसान अपनी फसल को नष्ट नहीं करना चाहता है। अज्ञात कारणों से खड़ी फसल में आग लगने पर भी फसल नष्ट होती है और फसल को किसान द्वारा इकट्ठी कर एक जगह रखने पर अज्ञात कारणों से आग लगने पर भी फसल नष्ट ही होती है। दोनों स्थितियों में कृषक को ही नुकसान होता है। खड़ी फसल में आग लगने पर उसको नियंत्रित की जा सकती है, किंतु कटी फसल के खलियान में आगजनी होने पर उसको नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, पूरा ढेर देखते ही देखते कुछ देर में राख हो जाता है। जिससे किसान को भारी नुकसान होता है।

# जालमपुरा इंडियन ऑयल डिपो में मॉक ड्रिल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** जालमपुरा स्थित इंडियन ऑयल डिपो में मंगलवार को एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किसी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य की तैयारी का आकलन करना था। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए इस प्रकार की मॉक ड्रिल आयोजित करता है, ताकि किसी भी प्रकार की आपदा आने की स्थिति में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इस मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सुरक्षा अधिकारी व कर्मचारी, अग्निशमन विभाग के अधिकारी व जवान शामिल हुए। मोक ड्रिल के दौरान यह अभ्यास किया गया कि डिपो में आगजनी या विस्फोट जैसी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति में किस प्रकार से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। इसके तहत रेस्क्यू ऑपरेशन, दमकल की त्वरित कार्रवाई, घायल लोगों को प्राथमिक उपचार पहुंचाना और आपातकालीन सेवाओं की तैनाती जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस मॉक ड्रिल को देखकर अधिकारीगण संतुष्ट नजर आए और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की सराहना की।

# वक्फ सुधार जन जागरण अभियान को लेकर कपासन में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत रविवार सांय नगर में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एवं वक्फ सुधार जनजागरण जिला टोली सहसंयोजक सैयद एजाज अली ने बताया कि नगर में स्थित ऑक्सफोर्ड स्कुल में विधानसभा स्तरीय वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य वक्ता जोधपुर के पूर्व महापौर राजेन्द्र कुमार गहलोत ने वक्फ संशोधन से मुस्लिम समाज को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी।कार्यशाला में कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर,अभियान के जिला संयोजक निम्बाहेडा पुर्व विधायक अशोक नवलखा,जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष एमडी शेख ने अपने विचार रखे। सम्भाग प्रभारी हमीद खां ने कार्यशाला को सम्बोधित किया। कार्यशाला की शुरूआत में वक्फ अधिनियम बिल संशोधन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव, कपासन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, शनिमहाराज मण्डल अध्यक्ष रतननाथ योगी,भाजयुमो के युवा नेता रामलाल माली भोपाल सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, शराफत हाजी,मुख्तियार पटेल,मंसुर अहमद,शरीफ अंसारी,कलीम मन्सुरी,कल्लु खां,शेख सिराजुद्दीन,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चन्देल,किसान मोर्चा अध्यक्ष शम्भुलाल बागड़ा,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मेहबूब शाह एवं विधानसभा से आये हुवे अल्पसंख्यक कार्यकर्त्ता एवं भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा किया गया।



# कॉन्सर्ट विवाद पर सोनू निगम ने मांगी माफी



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एंजेसी )।** बैंगलोर में हुए एक कॉन्सर्ट के चलते सोनू निगम विवादों में आ गए। मंच पर भड़कते हुए कन्नड़ में गाने की अपील पर दिए गए सोनू निगम के बयान के बाद उन्हें कन्नड़ इंडस्ट्री से बैन कर दिया गया। हालांकि अब सोनू निगम ने माफी मांगते हुए इस विवाद पर विराम लगा दिया है। सोनू निगम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, 'सॉरी कर्नाटक, आपके लिए मेरा प्यार, मेरे ईगो से ज्यादा बड़ा है। हमेशा प्यार।' इसके अलावा भी सोनू निगम ने एक और पोस्ट शेयर की है। इसमें एक्टर ने पूरे मामले में अपना नजरिया रखा। उन्होंने लिखा, नमस्कार, मैंने भाषा, संस्कृति, संगीत, संगीतकारों, राय और लोगों को अभूतपूर्व प्यार दिया है, न केवल कर्नाटक में बल्कि दुनिया में कहीं भी। वास्तव में मैंने हिंदी सहित अन्य भाषाओं के गीतों की तुलना में अपने कन्नड़ गीतों का अधिक सम्मान किया है। सोशल मीडिया पर सैकड़ों वीडियो इस बात के प्रमाण हैं। मेरे पास एक घंटे से ज्यादा के कन्नड़ सॉन्ग हैं, जिन्हें मैं कर्नाटक में होने वाले हर कॉन्सर्ट के लिए तैयार करता हूं। हालाँकि, मैं कोई युवा नहीं हूं जो किसी से अपमान सहूं। मैं 51 साल का हूं, अपने जीवन के दूसरे हिस्से में हूं और मुझे इस बात पर नाराज होने का हक है कि मेरे बेटे जैसे युवा ने मुझे हजारों लोगों के सामने भाषा के नाम पर धमकाया, वो भी कन्नड़ में जो मेरे काम के मामले में मेरी दूसरी भाषा है। आगे सिंगर ने कहा, वो भी कॉन्सर्ट के मेरे पहले गाने के ठीक बाद! उसने कुछ और लोगों को उकसाया। उनके अपने लोग शर्मिंदा थे और उन्हें चुप रहने के लिए कह रहे थे, मैंने उन्हें बहुत विनम्रता और प्यार से कहा कि शो अभी शुरू हुआ है, यह मेरा पहला गाना है और मैं उन्हें निराश नहीं करूंगा, लेकिन उन्हें मुझे कॉन्सर्ट जारी रखने देना होगा जिस तरह से मैंने योजना बनाई है। हर कलाकार के पास गानों की एक सूची तैयार होती है ताकि संगीतकार और टेक्नीशियन तालमेल बिठा सकें। लेकिन वे हंगामा मचाने और मुझे बेतहाशा धमकाने पर आमादा थे। मुझे बताओ कि गलती किसकी है? अपनी पोस्ट में सिंगर ने आगे लिखा है, एक देशभक्त होने के नाते मैं उन सभी लोगों से घृणा करता हूं जो भाषा, जाति या धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की कोशिश करते हैं, खासकर पहलगाम में जो कुछ हुआ उसके बाद। मुझे उन्हें समझाना था, और मैंने ऐसा किया, और हजारों छात्रों और शिक्षकों ने इसके लिए मेरी जय-जयकार की। मामला खत्म हो गया और मैंने एक घंटे से ज्यादा समय तक कन्नड़ गाया। यह सब सोशल मीडिया पर है, मैं यह कर्नाटक के समझदार लोगों पर छोड़ता हूं कि वे तय करें कि यहां कौन दोषी है। मैं आपके फैसले को विनम्रता से स्वीकार करूंगा। मैं कर्नाटक की कानून एजेंसियों और पुलिस का पूरा सम्मान करता हूं और उन पर भरोसा करता हूं और मुझसे जो भी अपेक्षा की जाएगी, उसका पालन करूंगा। मुझे कर्नाटक से दिव्य प्रेम मिला है और आपका फैसला चाहे जो भी हो, मैं इसे बिना किसी द्वेष के हमेशा संजो कर रखूंगा। सोनू ने हाल ही में बैंगलोर के एक कॉलेज में परफॉर्मेंस दी थी। सिंगर अपने आइकॉनिक हिंदी गाने गा रहे थे, इसी बीच एक फैन जोर-जोर से चिल्लाते हुए कन्नड़-कन्नड़ बोलने लगा। ये सुनते ही सोनू निगम ने अपनी परफॉर्मेंस बीच में ही रोक दी और लड़के को जमकर फटकार लगाई। फैन को फटकार लगाते हुए सोनू ने कहा, मुझे अच्छा नहीं लगा कि वहां पर एक लड़का, जिसकी उम्र उतनी नहीं होगी, जितने सालों से मैं कन्नड़ गाने गा रहा हूं। ये कितना रूड था कि वो भीड़ से चिल्ला रहा था- कन्नड़-कन्नड़।

## जावेद अख्तर पर बिगड़े पाकिस्तानी एक्ट्रेस के बोल..

# शर्म करो, मरने में 2 घंटे बचे हैं, पहलगाम आतंकी हमले पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एंजेसी )।** जावेद अख्तर ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात कही थी। उनके इस बयान पर अब पाकिस्तानी एक्ट्रेस बुशरा अंसारी का रिएक्शन सामने आया है, जिसमें उन्होंने जावेद अख्तर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। रिव्यू इट की रिपोर्ट के अनुसार, बुशरा अंसारी ने जावेद अख्तर पर कहा है, हमारे सो-कॉल्ड राइटर, उनको तो बहाना ही चाहिए था। दरअसल, उनको तो मकान किराए पर नहीं मिलता था बॉम्बे में। पता नहीं क्या-क्या बोल रहे हैं। कोई शर्म करें। मरने में आपको दो घंटे रह गए हैं, ऊपर से आप इतनी फिजूल बातें कर रहे हैं। आगे बुशरा अंसारी ने कहा, इतना भी क्या कोई डरे, इतना लालच करे। चलो जी चुप करिए आप। नसीरुद्दीन शाह भी तो हैं, वो चुप बैठे हैं ना। और भी तो चुप बैठे हैं ना। जिसके दिल में जो है वो रखा रहे। ये तो पता नहीं क्या कह रहे हैं। दिल्ली में फिक्की के एक कार्यक्रम में जावेद अख्तर ने कहा, 'आतंकवादी आखिर आते कहां से हैं? ये कोई जर्मनी से तो नहीं आते। हम उनकी सीमाओं से जुड़े हुए हैं और यह बात नजरअंदाज नहीं की जा सकती। पहलगाम की घटना एक अहम मोड़ होनी चाहिए। जब इस तरह की घटनाएं बार-बार होती हैं, तो तनाव तो लाजमी है। लगभग हर कुछ दिनों में या फिर हर साल में कोई न कोई ऐसी दुखद घटना सामने आती है।% जावेद अख्तर ने कहा कि भारत में सरकार किसी भी पार्टी की रही हो, चाहे वह कांग्रेस हो या भाजपा, सभी की मंशा हमेशा से शांति स्थापित करने की ही रही है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए कहा कि वाजपेयी जी तो खुद पाकिस्तान गए थे, दोस्ती का हाथ बढ़ाया था, लेकिन बदले में पाकिस्तान ने क्या किया? उन्होंने उसी जमीन को धो डाला, जहां हमारे प्रधानमंत्री ने कदम रखा था। क्या इसे दोस्ती कहते हैं? जावेद अख्तर ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान से संवाद कैसे संभव है, जब उसने कारगिल युद्ध के दौरान अपने ही सैनिकों के शव लेने से इनकार कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी जम्मू-कश्मीर के 99 प्रतिशत लोग भारत के प्रति वफादार हैं।





### पाकिस्तानी कलाकारों पर भारत में लगा बैन

बताते चलें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सभी पाकिस्तानी कलाकारों पर बैन लगा दिया गया है। फवाद खान की बॉलीवुड कमबैक फिल्म अबीर गुलाल पर रोक लगा दी गई है, वहीं हानिया आमिर को दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार 3 से निकाल दिया गया है।

# रेप की शिकायत दर्ज होने के बाद ऐजाज खान फरार

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एंजेसी )।** बिग बॉस 7 का हिस्सा रह चुके एक्टर ऐजाज खान के खिलाफ 4 मई को रेप की शिकायत दर्ज हुई है। चारकोप पुलिस ने एक्टर की तलाश शुरू कर दी है, हालांकि शिकायत दर्ज होते ही ऐजाज खान फरार हो चुके हैं। नवभारत टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चारकोप पुलिस ऐजाज खान की तलाश में उनके घर पहुंची थी, हालांकि एक्टर घर में नहीं मिले। जब उनके नंबर पर कॉल किए गए तो नंबर भी बंद मिला। पुलिस अब एक्टर की तलाश में जुट गई है। इस मामले में जल्द ही ऐजाज खान की गिरफ्तारी हो सकती है। जानकारी के अनुसा 30 साल की महिला ने चारकोप पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि ऐजाज खान ने उन्हें हाउस अरेस्ट शो को होस्ट करने का ऑफर दिया था। शूटिंग के दौरान ऐजाज खान ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया और फिर बाद में अपने घर ले गए, जहां उन्होंने 25 मार्च को महिला से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। महिला का दावा है कि ऐजाज खान ने कई बार उनके साथ जबरदस्ती की है। ऐजाज ने उनसे कहा था कि उनके धर्म में 4 शादियां करने की इजाजत है, ऐसे में वो उनकी पूरी जिम्मेदारी उठाएंगे। ऐजाज खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 63, 64 (2रू), 69 और 74 के तहत शिकायत दर्ज हुई है। शिकायत करने वाली महिला की उम्र 30 साल बताई जा रही है।

### *शो में लड़कियों से करवाई अश्लील हरकत, शिकायत दर्ज*

*रियलिटी शो हाउस अरेस्ट को उल्लू एप पर स्ट्रीम किया जा रहा था, जिसे ऐजाज खान होस्ट कर रहे हैं। 29 अप्रैल को शो का एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें शो के होस्ट ऐजाज खान फीमेल कंटेस्टेंट्स से कपड़े उतारने को कह रहे हैं। इतना ही नहीं वो लड़कियों से कामसूत्र के पोज करने के लिए कहते हैं। उनकी बात मानते हुए लड़कियों पोज करने लगती हैं। क्लिप वायरल होने के बाद महिला आयोग और पॉलिटिकल पार्टियों ने तुरंत शो और इसके मेकर्स के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की।*






सवाल- 'किसी का भाई किसी की जान' आपको कैसे मिली थी? शूट के बाद सलमान खान से कोई फीडबैक मिला था?

सलमान खान बहुत ज्यादा दयालु हैं। वो हर किसी को लेकर विनम्र हैं। वो हमेशा कहते हैं कि तुम सब बहुत अच्छा काम कर रहे हो। मैं तुम लोगों का काम देखकर गर्व महसूस कर रहा हूं। वो फिल्म मुझे बिग बॉस की वजह से मिली। मैं बिजली-बिजली गाने को प्रमोट करने के लिए बिग बॉस की सेट पर गई थी। तब मैं सलमान सर से मिली और उन्हें मुझे देखकर कुछ लगा होगा। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या तुम किसी का भाई किसी की जान करना चाहोगी? मेरा रिएक्शन था कि मैं चार महीने सलमान सर के आसपास रह सकती हूं और उसके लिए मुझे पैसे मिलेंगे। मैंने झट से हां बोल दिया था। मैं सलमान सर की बहुत बड़ी फैन हूं। उनके आसपास रहने के लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं।

सवाल- आपको इंडस्ट्री की अच्छी और बुरी बात क्या लगती है? क्या बदलना चाहेंगी?

इंडस्ट्री की सबसे अच्छी चीज ये हैं कि आप कहीं से भी हो, अगर आप अपना काम अच्छे से करोगे तो इंडस्ट्री आपको अपना लेगी। आपको ऑडियंस का भी प्यार मिल जाएगा। इंडस्ट्री की बुरी बात ये हैं कि बतौर एक्टर हम गैर जरूरी चीजों को ज्यादा वैल्यू देते हैं। मैटेरियलिस्टिक चीजों को भाव देते हैं। जो कि नहीं होना चाहिए। हमें इस पर काम करने की जरूरत है।

## बॉलीवुड के दो दिग्गजों के साथ काम कर चुकीं पलक

# सलमान खान के बाद संजय दत्त संग 'द भूतनी' में आ रहीं नजर, बताया अनुभव

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एंजेसी )।** पलक तिवारी इंडस्ट्री की एक उभरती हुई सितारा हैं। करियर की शुरुआत म्यूजिक वीडियो से करने वाली पलक अब तक दो फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों ही फिल्मों में उन्हें बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर सलमान खान और संजय दत्त का साथ मिला। जल्द ही पलक की फिल्म 'रोमियो' आने वाली है। एक्ट्रेस ने दैनिक भास्कर से बातचीत में इंडस्ट्री, करियर और फैमिली को लेकर बात की है। पढ़िए इंटरव्यू के प्रमुख अंशज

सवाल- पलक, 'बिजली-बिजली' गाने के बाद 'द भूतनी' में आप एक बार फिर से सुपर नेचुरल किरदार में दिख रही हैं। कैसा फील हो रहा है?

हां, आपने मुझे एहसास दिलाया कि मैंने दो सुपर नेचुरल किरदार निभा लिया है। शायद कोई कनेक्शन हैं। 'द भूतनी' में मौनी के पास सारे सुपर पावर होते हैं। मैं एक आम लड़की होती हूं, जो सिचुएशन की वजह से सुपर नेचुरल एक्टिविटी करने लगती है। लाइफ बहुत बोरिंग है, ऐसे में जब कुछ जादुई होता है, तब मजा आता है। मैं इस तरह की फिल्म या म्यूजिक वीडियो का हिस्सा बनकर बहुत एंजॉय करती हूं।

सवाल- आजकल ऑडियंस को हॉरर कॉमेडी जॉनर बहुत पसंद आ रहा है। आपको ये जॉनर कितना पसंद है?

मुझे हंसना बहुत पसंद है। आपको सच बताऊं तो मैं जल्दी रो देती हूं। अभी हाल ही में मैं बच्चों की फिल्म 'नार्निया' देख रही थी। शुरुआत के दस मिनट में ही रोने लगी। किसी को समझ नहीं आया कि मैं क्यों रो रही हूं। मैं जल्दी रोती हूं इस वजह से मुझे कुछ ऐसा चाहिए होता है कि जिसे देखकर मैं ना रोऊं। मुझे लगता है कि अगर आपको रोना नहीं है तो हॉरर कॉमेडी से बढ़िया कुछ नहीं होता है। हंसना और डराने का जो कॉम्बिनेशन है, वो कमाल होता है। आप डरते हैं फिर हंस देते हैं, ये इमोशन का एक अच्छा रोलर कोस्टर होता है। मेरे ख्याल में ये बेस्ट कॉम्बिनेशन है, जिसकी वजह से सबको पसंद आता है।

सवाल- फिल्म में तो आप सबका बॉन्ड बहुत अच्छा दिख रहा है। सेट पर माहौल कैसा होता था?

हमारी फिल्म में बहुत मस्ती है इसलिए सेट का माहौल भी वैसा ही होता था। हम सबकी लाइन्स भी इतनी फनी थी कि अगर किसी का मूड में खराब भी हो, तो वो हंस देता था। सेट पर हर दिन खुशनुमा था। हमारे डायरेक्टर सिद्धांत सचदेवा सर भी काफी फनी हैं। उन्होंने भी फिल्म में कुछ लाइन्स लिखे हैं। हमारी फिल्म के जो डायलॉग राइटर हैं, उन्हें लंबे समय तक कॉमेडी सर्कस में काम किया है। अब आप इससे समझिए की फिल्म इतनी फनी कैसे है। हम सबको शूट के हर दिन मजा आया है। फिल्म में जितने भी एक्टर हैं, असल जिंदगी में सब काफी मजाकिया हैं। चाहे वो निक हों, आसिफ हों या सनी। सबने खूब मस्ती की है।

सवाल- सनी प्रैंक करने के लिए भी जाने जाते हैं। आपके साथ उन्होंने कोई प्रैंक किया?

मैंने उन्हें परेशान करने ही नहीं दिया। उल्टा मैंने ही उन्हें परेशान कर दिया। सनी को जब तक डायलॉग नहीं दिया जाए, वो कम बात करते हैं। मैं बहुत बातूनी हूं। वो तो आपको अभी पता लग भी गया होगा। मैं पूरे समय सनी के कान में कुछ न कुछ बोलते रहती थी। इस वजह से उनका दिमाग चल ही नहीं पाता था कि वो मेरे साथ प्रैंक कर पाए। पहली बार उन्हें कोई टक्कर का मिला था।

सवाल- सेट की कोई खूबसूरत या यादगार बात बताना चाहेंगी?

सेट का माहौल इतना अच्छा था कि हर दिन हमने यादें बनाई हैं। लेकिन आखिरी दिन का किस्सा मैं आपको बताना चाहूंगी। उस दिन मैं फूट-फूट कर रोई हूं। सेट पर सारे लोग हैरान थे कि मैं इतना रो क्यों रही हूं। मैं उन्हें कह रही थी कि मुझे सबकी बहुत याद आने वाली है। इसके अलावा निक और आसिफ के साथ मेरा एक सीन था, जिसमें मुझे रोना था और उन्हें मुझे पकड़ कर कहीं ले जाना था। इस पूरे सीन के लिए मैंने एक घंटा लगा दिया था। सीन शुरू होते ही मैं आसिफ और निक की लाइन सुनकर हंसने लगती थी। उस सीन में मेरा फेस भी नहीं दिख रहा था, उनकी तरफ मेरी पीठ थी। आसिफ को मैंने उस एक सीन के लिए इतना परेशान किया कि वो बाद में गुस्सा हो गया। मैं अब भी आसिफ को सॉरी कह रही हूं।

सवाल- संजय दत्त के साथ काम का अनुभव कैसा रहा? उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला?

मैं बहुत लकी हूं जो मुझे संजय सर के साथ काम करने का मौका मिला। हम सब संजू नाम सुनकर बड़े हुए हैं। सर इतने ज्यादा फेमस है और बड़े स्टार हैं कि शुरू मैं उनसे थोड़ी डरी हुई थी। जब मैं सेट पर गई तो उनसे बहुत पॉजिटिव वाइब मिली और वो बहुत प्यार हैं। अगर आप उनसे यंग हो तो वो आपसे इतने अच्छे से बात करते हैं। उनको देखकर लगता नहीं लेकिन वो बहुत क्यूट हैं। उनकी स्माइल बहुत प्यारी है। जब हंसते हैं तो इतने क्यूट लगते हैं। वो बहुत ज्यादा गिविंग एक्टर हैं। शूट के समय एक्टर स्क्रीन पर नहीं है तो उसकी लाइन असिस्टेंट डायरेक्टर, बॉडी डबल दे देता है। लेकिन संजू सर के साथ ऐसा नहीं था। हम सब बेहतर करें इसके लिए वो हमें हमेशा लाइन्स खुद देते थे। वो बड़े स्टार हैं और फिल्म के प्रोड्यूसर भी, उनको ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं थी। इतनी कम उम्र में इतने बड़े स्टार से इतनी इज्जत मिलना, काफी मोटिवेट करने वाला पल था। वो बहुत अच्छे इंसान है। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा।

सवाल- आपने संजय दत्त से कोई टिप्स ली?

मुझे टिप्स लेने की जरूरत नहीं पड़ी। वो सेट पर जिस तरह से पेश आते थे, उनका बिहेवियर देखकर ही मेरे मन में था कि मुझे भी ऐसा बनना है। मैं किसी दिन बहुत बड़ी स्टार बन जाऊंगी फिर मैं संजय सर की तरह सबके साथ पेश आऊंगी। किसी को फील नहीं होने दूंगी कि सामने वाला मेरे से कमतर है या उसका सीन मेरे से कम है। वो बहुत अच्छे इंसान हैं। वो सेट पर सबका हालचाल पूछते थे। सेट से जाते वक्त सबको बाय बोलकर जाते थे।

सवाल- फिल्म के लिए सबसे प्यारा फीडबैक या कॉम्पलीमेंट जो आपको मिला हो?

मेरी मां और फैमिली मेरे लिए बहुत ज्यादा इंपोर्टेंट हैं। मैं कोई भी काम करूं मेरे दिमाग रहता है कि उन्हें पसंद आना चाहिए। मेरी मां से वैलिडेशन मिलना मेरे लिए बहुत जरूरी है। उन्हें मेरी फिल्म काफी अच्छी लगी। मैं खुद को अपना बड़ा क्रिटिक्स मानती हूं, उसके बाद मेरी मां हैं। उनको मेरा काम पसंद आया, ये मेरे लिए बड़ी बात है।

सवाल- पहली फिल्म आपने सुपरस्टार सलमान खान के साथ और दूसरी संजय दत्त के साथ की है। ये आपने संजय दत्त को बताया?

नहीं, संजू सर से मेरी ज्यादा बात नहीं हो पाई क्योंकि उनके साथ मेरे ज्यादा सीन्स नहीं थे। मैं जब किसी का भाई किसी की जान शूट कर रही थी, तब मुझे ये फिल्म मिली। मैंने इस फिल्म के बारे में सबसे पहले सलमान सर को बताया था। मैं उनके पास गई और उनसे कहा कि मेरी अगली फिल्म संजय सर के साथ हैं। वो मेरे लिए बहुत खुश थे। उन्होंने मुझसे कहा तुम्हें संजय के साथ काम करके बहुत मजा आएगा।

# हाथों और बाजूओं में जमा फैट को कम कर देंगे ये एक्सरसाइज

हाथों पर बढ़ता फैट आज के समय में एक आम समस्या है। लेकिन अगर आपको लगता है कि आप रेगुलर एक्सरसाइज करते हैं और इससे छुटकारा पा सकते हैं तो यह इतना आसान भी नहीं है। दरअसल आपने कई बार देखा भी होगा कि किसी भी एक्सरसाइज के शुरुआत में शरीर पर बहुत जल्दी बदलाव आते हैं। लेकिन कुछ समय के बाद यह बदलाव रुक से जाते हैं। आपको महसूस होता है कि एक समय के बाद आपके कुछ शरीर के भाग जैसे हाथ और पैरों का फैट एक स्थान पर जम गया है। जबकि आप लीन बॉडी चाहते हैं। अगर रोजाना एक तरह की एक्सरसाइज करते रहेंगे तो एक अंग का टोन होना थोड़ा कठिन हो सकता है। इसलिए आपको अगर बाजुओं का फैट घटाना है तो बाजुओं से संबंधित कुछ एक्सरसाइज करनी होंगी। यह एक्सरसाइज बिना इक्विपमेंट के घर पर आसानी से की जा सकती है।



### वॉल पुश अप्स

- दीवार के आगे लगभग एक से दो फीट दूर खड़े हो जाएं।
- अब अपनी हथेलियों को दीवार पर रखें और पैरों को दीवार से जितना हो सके उतना पीछे ले जाएं।
- अब दीवार की ओर अपनी छाती लाने का प्रयास करें और इस दौरान आपका सारा वजन आपकी बाजुओं पर होना चाहिए।
- अब पीछे जाएं और ऐसे करने से पुश अप का एक राउंड पूरा हो जाएगा।

### आर्म सर्कल

- सीधे खड़े हो जाएं और अपनी साइड में बाजुओं को रखें।
- अब अपनी बाजुओं को कंधों तक ऊपर उठाएं।
- हाथों को अब गोल गोल दिशा में घुमाते रहें और कोशिश करें कि अपनी कोहनियों को बिना मोड़ें ही यह एक्सरसाइज करें।
- 10 राउंड सीधी तरह से करें और इसके बाद 10 राउंड एंटी क्लॉक वाइस करें।

### ट्राइसेप डिप्स

- किसी बेंच या सोफा पर बैठ जाएं।
- अपने पैरों को एक दूसरे के पास रखें।
- बाजुओं को पीछे रखें।
- इस दौरान उंगलियों आपके शरीर की ओर खुली होनी चाहिए।

### फ्लोर डिप्स

- अपने शरीर को बाजुओं पर बैलेंस करने की कोशिश करें।
- अब अपने हिप्स को बेंच से ऊपर उठाने की कोशिश करें
- अब दो कदम आगे की ओर बढ़ाएं।
- अपने हिप्स को आराम से नीचे की ओर करें।

### फ्लोर डिप्स

- सबसे पहले एक मैट पर बैठ जाएं।
- अपने हाथों को कमर के पीछे रखें।
- हाथ बिल्कुल सीधे रखें।
- दोनों टांगों को एक दूसरे के पास रखें।
- अब अपने हिप्स को ऊपर उठाएं और इस दौरान शरीर का वजन हाथों पर लेने की कोशिश करें।
- अपनी एड़ियों और हथेलियों को जमीन पर ही रखें।
- इसके बाद हिप्स को नीचे जमीन की ओर लाएं और जब जमीन के समीप आ जाएं और वापिस ऊपर उठाएं।

### इंच वार्म

- यह एक्सरसाइज काफी आसान होती है और हाथो के फैट को कम करने के लिए काफी प्रभावी भी।
- इसे करते हुए आपको सबसे पहले जमीन पर खड़े होना है।
- अब आपको जमीन पर अपनी हथेलियां टीका कर अपर प्लैंक की अवस्था में आ जाना है।
- अब अपने हाथों से एक-एक कदम आगे चलें और पैरों को भी साथ में आगे बढ़ाते रहें।
- बस ध्यान रखें कि आपके घुटने जमीन पर न टिक रहे हों।
- 10 से 15 राउंड लगाएं।

### स्पाइडर-मैन पुश अप्स

- यह एक्सरसाइज उसी प्रकार करनी है जैसे कि एक स्पाइडर-मैन चलता है। यानी कि हाथ और पैरों के सहारे। इसमें हाथों की मांसपेशियों की तरफ ध्यान देना है।
- यदि है एक्सरसाइज कर रहे हैं तो पेट के बल लेटकर हाथों में फैला दें।
- प्लैंक वाली अवस्था में आ जाएं। जिसमें कि आपका सिर, पैर और जांघें व सीना उठा रहता है।
- अब शरीर पर खिंचाव डालें।
- कुछ सेकेंड्स इसी अवस्था में रहे फिर वापस पहली वाली अवस्था में आ जाएं।
- 5 से 7 बार ऐसा करें।
- यह एक्सरसाइज आपके हाथों के एक्स्ट्रा फैट को तो कम करेगी ही। साथ ही आपकी अंडर आर्म्स का फैट भी कम हो जाएगा।

### प्लैंक टैप्स

- इस एक्सरसाइज के लिए ऊपरी प्लैंक की अवस्था में आयें।
- अपने सारे शरीर को मजबूत रखें और पेट की मसल को इंगेज कर लें।
- अब अपने दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और बाएं कंधे को छुएं।
- इसके बाद दूसरे हाथ से दाएं कंधे को छुएं। ऐसा आधे से एक मिनट तक करते रहें।

# महिलाओं में सिर दर्द का कारण हो सकता है हार्मोनल का बदलाव



अगर दिन की शुरुआत में ही सिर दर्द होना शुरू हो जाए तो पूरे दिन के काम इससे प्रभावित हो सकते हैं। आपकी प्रोडक्टिविटी कम हो सकती है और आपके घर वालों के साथ झगड़ा होने के भी अधिक चांस रहते हैं। इससे पूरा दिन ही खराब हो जाता है और शरीर में सारी एनर्जी खत्म हुई लगती है मानो आप बीमार हों। सिर दर्द से वैसे तो हर व्यक्ति जूझता है लेकिन पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में सिर दर्द अधिक देखने को मिलता है। महिलाओं में सिर दर्द होने का कारण उनके द्वारा ली जाने वाले गर्भ निरोधक गोलियां, मेंस्ट्रुएशन साइकिल, प्रेग्नेंसी, दूध पिलाना, मेनोपॉज आदि होते हैं। इसका अर्थ है हार्मोन्स में आने वाले बदलाव से महिलाओं को ज्यादा सिर दर्द झेलने पड़ते हैं।

### हार्मोन्स क्यों हैं महिलाओं में सिर दर्द का कारण

सीड्स आफ इनोसेंस, आइ वी एफ एक्सपर्ट, गायनोकोलोजिस्ट, डॉक्टर गौरी अग्रवाल के अनुसार महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम के विकास और उसे रेगुलेट करने के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन जिम्मेदार होता है। एस्ट्रोजन में समय-समय पर बदलाव आते रहते हैं। मेंस्ट्रुअल साइकिल के दौरान भी एस्ट्रोजन लेवल में अचानक से बदलाव आते हैं। इस प्रकार इन हार्मोन्स के बदलाव के कारण सिर में दर्द देखने को मिलता है। मेनोपॉज की शुरुआत में भी आपको अधिक सिर दर्द हो सकता है।

### पीरियड्स से जुड़ा सिर दर्द

प्यूबर्टी आने से पहले लड़के और लड़कियों को एक मात्रा में ही सिर दर्द होता है लेकिन जैसे ही लड़कियों में प्यूबर्टी आती है वैसे ही उनकी मेंस्ट्रुअल साइकिल शुरू हो जाती है और सिर दर्द भी। अगर यह जानना चाहती हैं कि आपके पीरियड्स के कारण कितना सिर दर्द हो रहा है तो इसका एक रिकॉर्ड रखना शुरू कर दें। किस-किस दिन यह दर्द होता है उसे भी याद रखें और आगे के समय में भी ऐसा ही नोटिस करें। अगर सिर दर्द का एक पैटर्न बन जाता है तो आपके डॉक्टर इसे कम करने के लिए पीरियड्स के थोड़े दिन पहले सेवन करने के लिए दवाई दे सकते हैं। ओरल कंट्रेसेप्शन या हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी से भी कुछ महिलाओं को राहत मिल सकती है।

### क्या आपको माइग्रेन है या यह केवल टेंशन से होने वाला सिर दर्द है

अगर आपको माइग्रेन वाला सिर दर्द होगा तो यह दर्द 4 से 72 घंटे के लिए हो सकता है। इसके लक्षणों में स्पॉट्स या जिग जैग वाली लाइंस देखने को मिल सकती हैं। कोई भी शारीरिक गतिविधि करने से दर्द और अधिक बढ़ सकता है, लाइट, साउंड और स्मेल से सेंसिटिविटी महसूस हो सकती है। अगर इसके अलावा एक दिन कुछ ही समय के लिए सिर दर्द हो तो समझ जाएं कि यह माइग्रेन नहीं बल्कि टेंशन से होने वाला सामान्य सिर दर्द है।

### सिर दर्द के उपचार

अगर सिर दर्द खासकर माइग्रेन से राहत चाहती हैं तो आपको कुछ लाइफस्टाइल बदलाव करने होंगे। सबसे पहले स्ट्रेस को मैनेज करें। साथ ही शराब या एल्कोहल पीने की सीमा तय कर दें। अधिक से अधिक पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेट रह सके। ज्यादा कॉफी या एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन भी न करें। नींद पर्याप्त मात्रा में ले रहे हों, इस बात का भी जरूर ध्यान रखें। अगर फिर भी आराम नहीं मिलता है तो फिजिकल थेरेपी भी ले सकते हैं।

# घर पर कैसे करें बालों को ब्लीच? इसे करने के आसान तरीके



इन दिनों हेयर हाइलाइटिंग का फैशन ट्रेंड में है और सिर्फ लड़कियां ही नहीं बल्कि लड़के भी बालों को हाईलाइट करने का शौक रखते हैं। इस तरह से एक स्टाइलिश लुक तो मिलता ही है, साथ ही पर्सनैलिटी भी निखर कर आती है। लेकिन बालों को ब्लीच करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

असल में बालों को ब्लीच करना कहीं न कहीं कुदरती कलर से छेड़छाड़ ही है । ऐसे में यह काम बहुत ध्यान से करने की जरूरत है। वरना आपके बालों को नुकसान भी पहुंच सकता है। लेकिन ध्यान करने वाली बात यह है कि आप ऐसा घर पर भी कर सकते हैं। अगर सही तरीका जानना चाहते हैं तो इस आर्टिकल को पूरा पढ़ना न भूलें।

**सबसे पहले अपने बालों को तैयार कर लें :** ब्लीच सबसे पहले आपके बालों में पहुंच कर मेलानिन के ग्रेन्यूल को ऑक्सीडाइज करती है। यह प्रक्रिया आपके बालों के लिए नुकसानदायक हो सकती है इसलिए सबसे पहले अपने बालों को इस स्थिति में लाएं ताकि ब्लीच के द्वारा उन्हें ज्यादा नुकसान न पहुंच सके।

अगर आपके बाल ड्राई या डेमेज हो चुके हैं तो ब्लीच करने से पहले एक से दो महीना रुक जाएं। बालों को तैयार करने के लिए निम्न टिप्स का पालन करें।

**अपने बालों को किसी भी प्रकार का केमिकल ट्रीटमेंट न दें :** ब्लीच से आपके बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए यह सुनिश्चित कर लें कि यह प्रक्रिया करने से पहले आपके बालों पर किसी तरह का हेयर कलर या फिर केमिकल ट्रीटमेंट न हुआ हो। अगर ऐसा हुआ है तो कम से कम तीन महीना का इंतजार करने के बाद ही ब्लीच करें।

**अपने बालों को कंडीशन करें :** ब्लीच करने से एक से दो हफ्ते पहले अपने बालों में कंडीशनर का प्रयोग करना शुरू कर दें। हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग मास्क का प्रयोग करें।

**नारियल के तेल का करें प्रयोग :** जिस दिन आप ब्लीच कर रही हैं उससे एक रात पहले अपने बालों पर नारियल का तेल जरूर लगा कर सोएं। इससे आपके बालों में प्रोटेक्टिव लेयर एड होती है और अधिक नुकसान होने से बचता है।

# सोच-समझकर कर करें दवाओं का सेवन

आजकल डॉक्टर एकसाथ कई दवाओं का प्रयोग यह सोचकर कर रहे हैं कि एक नहीं तो दूसरी दवा तो काम करेगी ही। लेकिन ये दवाएं कई बार मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं। अगर आपको लगे कि दवाओं की संख्या ज्यादा है तो सेकेंड ओपिनियन लेने से हिचके नहीं।

### जरूरी है विश्लेषण

मंथली इंडेक्स ऑफ मेडिकल स्पेशलिटीज के संपादक डॉ. चन्द्रा गुलाटी कहते हैं कि डॉक्टरों को रोग का विश्लेषण करके जरूरी टेस्टों के बाद ही एंटीबायोटिक लेने की सलाह देनी चाहिए। दर्दनिवारक दवाओं का जरूरी होने पर ही प्रयोग करें।

### सेहत पर भारी

डॉ. चंद्रा के अनुसार आजकल कई डॉक्टर हिट या मिस वाला फार्मूला अपना रहे हैं और एक साथ कई दवाओं का प्रयोग यह सोचकर कर रहे हैं कि एक नहीं तो दूसरी दवा तो काम करेगी ही। जबकि उनको मरीज की सेहत के लिहाज से इस प्रवृत्ति से बचना चाहिए। लिखी गई दवाओं पर शंका हो तो डॉक्टर से एक बार उनके बारे में पूछ लेना चाहिए।

### ये करें मरीज

डॉक्टरी पर्चे को ध्यान से पढ़ें। उन्होंने जो दवाएं लिखी हैं उनके बारे में जान लें कि कौनसी दवा किस काम की है। उनसे रोग के बारे में भी पर्चे पर लिखने को कहें। डॉक्टर जो जांच करवाने को कहे उन्हें करवा लें। आपको लगे कि दवाओं की संख्या ज्यादा है या कॉम्बिनेशन दवाएं लिखी गई हैं तो सेकेंड ओपिनियन लेने में हिचके नहीं।



### सही कॉम्बिनेशन जरूरी

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक गुप्ता के अनुसार कुछ स्थितियां ऐसी होती हैं जिसमें बीमारियों के लक्षण एक-दूसरे से जुड़े होते हैं जैसे जुकाम होने पर बच्चे को अक्सर खांसी और बुखार हो जाता है। ऐसे में यह डॉक्टर की जिम्मेदारी होती है कि वे बच्चे को उचित संयोजन (रेशनल कॉम्बिनेशन) वाली दवाएं ही लिखें। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया भी समय-समय पर डॉक्टरों को शिक्षित करती है कि वे मरीजों को कम से कम और सही दवाएं लिखें क्योंकि एक साथ कई दवाओं का गलत कॉम्बिनेशन शरीर को नुकसान पहुंचाता है और धीरे-धीरे दवाएं बेअसर होने लगती हैं।

### इंट्रेक्शन ऑफ ड्रग्स

फिजिशियन डॉ. जी. डी. पारीक के अनुसार मरीज के लिए कोई भी दवाएं लिखने से पहले डॉक्टर को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन दवाइयों मे इंट्रेक्शन तो नहीं है क्योंकि अगर ऐसा हुआ तो उनमें से किसी एक दवा का असर कम होगा या बढ़ जाएगा।

# अच्छी सेहत का सीक्रेट हैं ये चीजें, हर किसी की डाइट में होना है जरूरी



रोजाना की भागदौड़ और अनियमित खानपान की वजह से हम अक्सर बीमारियों से घिरे रहते हैं। जबकि मानव के जीवन में उसके स्वास्थ्य से अधिक मूल्यवान चीज कुछ भी नहीं है। इसलिए फिट और हेल्दी रहने के लिए संतुलित खाना और साथ ही साथ कुछ नियमों का ध्यान रखना काफी जरूरी है। वैसे तो वजन कम करने के लिए बहुत अलग-अलग तरह की डाइट उपलब्ध हैं, जैसे मेडिटेरेनियन, कीटो आदि। लेकिन सभी डाइट के अपने लाभ और साइड इफेक्ट्स होते हैं। कई बार हम परेशान हो जाते हैं कि कौन सी डाइट का पालन करना हमारे लिए बेस्ट रहेगा। इसलिए आज हम आपको सभी डाइट में पाई जाने वाली कुछ समानताओं के बारे में बताने वाले हैं। ताकि आप लाभों की चिंता किए बिना वह डाइट फॉलो कर सकें। जो आपके लिए सबसे उपयुक्त हो। फल-सब्जियों का सेवन करने से काफी लाभ जैसे कि शुगर लेवल नियमित रहना, वजन नियंत्रंण आदि मिलते हैं।

ओमेगा 6 फैट कई प्रकार के खाने और सप्लीमेंट में होता है। जैसे कि सोयाबीन ऑयल, केनोला ऑयल, कार्न ऑयल (मक्के का तेल) और कॉटन सीड ऑयल आदि ओमेगा 6 फैट से भरपूर कुछ वेजिटेबल ऑयल के प्रकार हैं। लेकिन ओमेगा 6 फैट के कारण कोलेस्ट्रॉल में बढ़ाव हो सकता है। जिसे एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल भी कहते हैं। इसकी वजह से हार्ट स्ट्रोक और अन्य हृदय परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए डाइट के दौरान ओमेगा 6 फैट युक्त वेजिटेबल ऑयल का सेवन न करें। बल्कि उनकी जगह पर ऑलिव ऑयल या फिर किसी कम ओमेगा फैट वाले वेजिटेबल ऑयल का इस्तेमाल करें।

**आर्टिफिशियल ट्रांस फैट को डाइट से हटाए :** वेजिटेबल ऑयल के हाइड्रोजनीकरण से ट्रांस फैट बनाया जाता है। बहुत सारे देशों में ट्रांस फैट को बैन कर दिया गया है। यह फैट प्रोसेस किए गए खाने में पाए जाते हैं। डाइट में ट्रांस फैट का सेवन बिल्कुल भी न करें इससे बहुत सी बीमारियां होने का खतरा रहता जिनमें से दिल की बीमारियां प्रमुख है।

**खाने पर कैलोरीज पर अधिक ध्यान दें :** एक अच्छी डाइट में खाने को कैलोरीज से अधिक महत्व दिया जाता है। वजन कम या कैलोरीज पर प्रतिबंध करने की बजाए हेल्दी डाइट का सेवन करें। ताकि शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहे। कितना खाना खाया जा रहा है इसका ध्यान रखने की बजाय खाने में क्या खाएं, इस बात पर ज्यादा ध्यान देना जरूरी है। साथ ही लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी है।

**अधिक सब्जियां और फाइबर का सेवन करें :** बहुत सारी डाइट में कुछ खाद्य पदार्थों को हटाना पड़ता है या फिर सीमा तय करनी पड़ती है। जैसे कि पीलियो डाइट से अनाज को हटाया किया जाता है और प्लांट वाली डाइट्स से पशु आहार को। दरअसल सब्जियों में बहुत से एंटीऑक्सीडेंट्स, न्यूट्रिएंट्स व बहुत से अन्य फाइबर्स होते हैं। जिनसे बीमारियों का खतरा कम होता है और स्वस्थ शरीर रहता है।

**रिफाइंड कार्ब्स को डाइट में से हटाएं :** रिफाइंड कार्ब्स में एक प्रकार की शुगर होती है। गेहूं के आटे में सबसे ज्यादा रिफाइंड कार्ब्स पाया जाता है। रिफाइंड कार्ब्स से कैलोरीज बढ़ती है और कोई भी न्यूट्रिएंट्स नहीं मिल पाते। अगर होल ग्रेन में फाइबर न हो तो स्टार्च हमारे ब्लड शुगर लेवल को बिगाड़ सकता है। इसके कारण बार-बार खाने का मन करता है और जब ब्लड शुगर लेवल कम होने लगता है तो कुछ घंटों बाद ज्यादा खाने का मन करने लगता है। रिफाइंड कार्ब्स डाइट में खाने से बहुत सी बीमारियां होती है जैसे ज्यादा मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और अन्य हृदय से जुड़ी हुई बीमारियां।

**अलग से शुगर कम मात्रा में लें :** एडेड शुगर स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक मानी जाती है। कुछ लोग कम मीठा खाते हैं परंतु कुछ लोग मीठे पर बिल्कुल भी कंट्रोल नहीं कर पाते।

ज्यादा शुगर खाने से लीवर को परेशानी हो सकती है।

ज्यादा शुगर खाने से लीवर फैट से भर जाता है। डाइट में कम शुगर का सेवन करें। अधिक शुगर खाने से मोटापा, टाइप टू डायबिटीज और अन्य हृदय परेशानियां होती है।

# अगर कमजोर हो रही हैं हड्डियां, तो डाइट में करें बदलाव



हड्डियों से जुड़ी कई ऐसी समस्याएं है जिसके कारण अक्सर लोग परेशान रहते हैं, इससे छुटकारा पाने के लिए लोग हमेशा कुछ न कुछ उपाय अपनाते रहते हैं। आमतौर पर 30 की उम्र के बाद हड्डियां कमजोर होने लगती है। बोन डेंसिटी कम होने की वजह से हड्डियां कमजोर होती है। आज हम आपके लिए कुछ खास फूड के बारे में जानकारी लेकर आए हैं, जो आपकी बोन हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार साबित होंगी।

**कैफीन का ना करें प्रयोग :** कैफीन आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है लेकिन अगर इसका सेवन हद से ज्यादा किया जाए तो आप खुद को कई स्वास्थ्य समस्याओं के साथ देख सकते हैं। कैफीन की बहुत ज्यादा मात्रा शरीर में आपकी हड्डियों को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है।

**धूम्रपान छोड़ दें :** धूम्रपान कई गंभीर बीमारियों को न्योता देने का काम करता है, अगर आप भी बहुत ज्यादा धूम्रपान करते हैं तो इससे संभव है कि आप ऑस्टियोपेनिया की समस्या का शिकार हो सकते हैं। ये आपकी हड्डियों और मांसपेशियों को बुरी तरह से प्रभावित करता है और आपके कई जरूर अंगों को खराब करने का काम करता है।

**डाइट में करें बदलाव :** बेहतर डाइट आपको पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है, स्वस्थ भोजन आपको कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाने का काम करता है। ऐसे ही जब आपकी डाइट में पोषण की कमी या फिर विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होने लगती है तो आप ऑस्टियोपेनिया का शिकार हो सकते हैं। सबसे अधिक समस्या होती है इसलिए इस मौसम में आपको अपनी डाइट में कुछ खास चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए जैसे शकरकंद, मशरूम, मूली, पालक, गाजर, मटर, मखाना, डेरी प्रोडक्ट, विटामिन डी, अंजीर, मूंगफली इन चीजों को अपनी डाइट में शामिल कर आप सर्दियों में अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं।

सही फैसला लेना काबिलियत नही है,
फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## राज्य में 10 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना

# राजस्थान के 6 जिलों में बारिश: 22 शहरों में आंधी-बरसात का अलर्ट; तापमान में गिरावट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को भी पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी रहा। जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, सवाई माधोपुर, टोंक समेत कई जिलों में बारिश हुई। जोधपुर, उदयपुर भीलवाड़ा समेत 7 जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार बुधवार को 6 जिलों में 40 से 70 किलोमीटर की आंधी चलने और बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट है। साथ ही 15 जिलों में येलो अलर्ट है। राज्य में 10 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताते हुए 30 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है।



मंगलवार को उदयपुर में 15.2 एमएम बारिश हुई। बाड़मेर में 3 एमएम, सीकर में 1 एमएम, जबकि कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई।

बारिश-बादल छाने से प्रदेश में गर्मी कम रही। दिन का तापमान औसत से नीचे दर्ज हुआ है। सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर, जैसलमेर में 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गंगानगर में अधिकतम तापमान 36.2, बीकानेर में 35.2, चूरू में 35.7, धौलपुर में 35.1, झुंझुनूं में 34, फतेहपुर में 34.4, हनुमानगढ़, पिलानी में 34.5, अलवर में 34.6 और जयपुर में 32.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।इन शहरों में पारा 30 डिग्री से नीचे

जोधपुर, भीलवाड़ा में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। जोधपुर में अधिकतम तापमान 29.7, प्रतापगढ़ में 29.8, सिरोही में 27.2, उदयपुर में 29, चित्तौड़गढ़ में 29.5, भीलवाड़ा में 27.4 और माउंट आबू में 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में तापमान कम होने से गर्मी और हीटवेव से राहत रही।

# खानों के माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाओं का ऑनलाइन अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू

### व्यवस्था के सरलीकरण और पारदर्शिता की दिशा में खान विभाग का बढ़ता कदम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्य के खान विभाग ने खानों के माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाओं के ऑनलाइन अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रमुख सचिव माइन्स, भूविज्ञान एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य सरकार ने माइनिंग सेक्टर में सरलीकरण और पारदर्शी व्यवस्था की दिषा में एक कदम और बढ़ाते हुए पिछले दिनों एक मई से माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाओं का ऑनलाइन अनुमोदन का निर्णय किया था। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन अनुमोदन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है और जयपुर, ब्यावर, सिरोहीए बारांए बांसवाड़ा, और चुरु में लाइमस्टोन बर्निंग, मेसेनरी स्टोन, ग्रेनाइट, लाइमस्टोन क्रषर और क्वार्टज.फेल्सपार के माइनिंग प्लान व माइनिंग योजनाएं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई है। टी. रविकान्त ने बताया कि नई व्यवस्था से करीब 30 हजार अप्रधान खनिज लीजधारक और क्वारी लाइसेंसधारक लाभान्वित हो सकेंगे। अब उन्हें योजनाओं के अनुमोदन के लिए खनिज विभाग के कार्यालयों में चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अप्रधान खनिजों के माइनिंग लीजधारकों व क्वारी लाइसेंसधारकों को माइनिंग प्लान व माइनिंग स्कीम का अनुमोदन करवाना होता है। नियमानुसार विभाग द्वारा 90 दिवस में अनुमोदन की कार्रवाई पूरी करनी होती है पर अनुमोदन में इससे अधिक समय भी लग जाता है।

निदेषक माइन्स दीपक तंवर ने बताया कि लीजधारक द्वारा माइनिंग प्लान व माइनिंग योजना के अनुमोदन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा।

अनुमोदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने से कार्य में पारदर्शिता, समयवद्धता के साथ ही लीजधारक के समय की बचत व अनावष्यक असुविधा से राहत मिल सकेगी। ऑनलाइन व्यवस्था होने से लीजधारक अनुमोदन प्रक्रिया की प्रगति से भी अवगत हो सकेंगे और तय समयसीमा में ही अनुमोदन कार्रवाई पूरी हो सकेगी।

अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस व प्रभारी पीआर आमेटा ने बताया कि एसीपी जयेष द्वारा विभाग के सभी फील्ड अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया के संबंध में वर्चुअली प्रषिक्षण दिया गया है। माइनिंग इंजीनियर मनीष वर्मा द्वारा अधिकारियों को और अधिक जानकारी दी जाएगी ताकि कि ऑनलाइन आवेदन से लेकर अनुमोदन तक का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से निष्पादित कर सके।

## बागडे ने भिवाड़ी में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# हर हाथ को काम और हर व्यक्ति को आय का अवसर मिले: राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को रीको गेस्ट हाउस सभागार भिवाड़ी में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच सके और वास्तविक जरूरतमंद वर्ग सशक्त हो सके। उन्होंने योजनाओं के समयबद्ध, प्रभावी और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल बागडे ने जल जीवन मिशन, पीएम सूर्य घर योजना, कुसुम योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित राजीविका, डेयरी एवं सहकारिता के विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में हीट वेव के संबंध में की गई तैयारियों एंव स्वास्थ्य सेवाओं और सूचकांकों की समीक्षा करते हुए पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

राज्यपाल ने कहा कि समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में सार्थक पहल तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग को सम्मानजनक रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि हर हाथ को काम और हर व्यक्ति को आय की भावना को आत्मनिर्भर भारत की नींव मानते हुए हमें नीतियों और योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में राजीविका और सहकारिता विभाग की योजनाओं के माध्यम से सशक्त बने समूहों की सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक सशक्तिकरण की रोशनी पहुंचे इस दिशा में कार्य किया जाए।

बागडे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना का प्रचार-प्रसार कर सभी पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए ड्राई जोन में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन की पहुंच सुनिश्चित की जाए, साथ ही उनकी कार्यात्मक स्थिति भी सुनिश्चित की जाए तथा योजना के तहत शेष रहे गांवों में त्वरित रूप से योजनांतर्गत कार्य करते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल बागडे ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने, कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता मानकों का पालन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग द्वारा चलाई जा रही नरेगा योजना की समीक्षा करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने अभियान हरियालो-राजस्थान राजस्थान के तहत जिलेभर में सामूहिक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि आगामी वर्षों तक इन वृक्षों के संरक्षण और समुचित रखरखाव की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लगाए गए हर पौधे को पेड़ बनने का अवसर मिले और पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य साकार हो सके। उन्होंने शिक्षा को मानव कल्याण का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यालयों एवं छात्रावासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बागडे ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि मृदा परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए, ताकि वे स्वयं अपनी भूमि की मृदा जांच कराएं और वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर उत्पादन एवं आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने फार्म पॉन्ड, फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अलवर जिले में चलाए जा रहे निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान नवाचार की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में बेसहारा पशुओं के लिए पानी, छाया और चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सहकारिता की भावना को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य लाभ या हानि नहीं, बल्कि किसान और आमजन को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना है। यही सहकारिता की सच्ची सफलता है।

# बीजेपी प्रशिक्षण शिविर में सीएम भजनलाल अंतिम पंक्ति में बैठे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी के विधायकों और सांसदों के लिए गुजरात के केवड़िया में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन आज तीन सत्र आयोजित हुए। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने विधायकों और सांसदों को सुशासन का पाठ पढाया। तीनों सत्रों में सीएम भजनलाल शर्मा सभी विधायकों के साथ पीछे की पंक्तियों में बैठे।

सीएम को मंच पर और आगे की पंक्तियों में बैठने का आग्रह किया गया। उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। वे तीनों सत्रों में आम विधायक की तरह मौजूद रहे। वहीं, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और विधायक अनिता भदेल मुख्य वक्ता के साथ मंच पर मौजूद रहे। शिविर के दूसरे दिन पहले सत्र में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'राजस्थान के संदर्भ में मोदी सरकार की परिवर्तनकारी नीतियां' विषय पर चर्चा की। उन्होंने विकसित भारत-विकसित राजस्थान की संकल्पना को पूरा करने वाली केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को किस तरह से सफल किया जाए, इस विषय पर जोर दिया। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने बीजेपी और अन्य दलों के बीच वैचारिक मतभेदों और अन्य दलों की विघटनकारी नीतियों से किस तरह से सावधानी बरती जाए, इसकी चर्चा की। उन्होंने बीजेपी विधायक और सांसदों को भाजपा के मूलभूत सिद्धांतों, राष्ट्रीयता और समग्र विकास के दृष्टिकोण के बारे में बताया।

वहीं, तीसरे सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की अध्यक्षता में 'सोशल मीडिया एवं विमर्श निर्माण-हमारी भूमिका' विषय पर चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से किस तरह राष्ट्रीय भावना का निर्माण किया जाए, इसकी जानकारी दी। इससे पहले शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी विधायकों और सांसदों को ठेकेदारों से सावधान रहने की नसीहत दी थी। उन्होंने सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि जिन लोगों से आप 24 घंटे घिरे रहते हो, वो ज्यादा काम आने वाले नहीं है। पार्टी के मूल वोटर पर पकड़ जरूरी है, ऐसे लोगों से घिरे होने की वजह से मूल वोटर नाराज होकर छिटक जाता है।

# राजस्थान में लू से निपटने के लिए जांच अभियान चलेगा, 27 टीमें बनाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में लू की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए दवाओं की आपूर्ति और चिकित्सा उपकरणों के लिए जांच अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए 27 टीमों का गठन किया गया है। दरअसल, पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में लू से लोगों को बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों की पालना में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लूत से बचाव एवं उपचार आदि के संबंध में जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।



आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया- राज्य में हीटवेव की सम्भावनाओं को देखते हुए ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। निगम में कार्यरत विशेषाधिकारी, समस्त कार्यकारी निदेशक, लेखाधिकारी तथा जिला औषधि भण्डार गृह के प्रभारी अधिकारी को जिलों का आवंटन कर यह निरीक्षण करवाए जाएंगे। इसके लिए दो सदस्यीय 27 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें निरीक्षण कर जिले में औषधियों, उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता को लेकर 30 मई 2025 तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट देंगी। समस्त टीमों द्वारा न्यूनतम एक भण्डार गृह, एक जिला चिकित्सालय एवं एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया जाएगा। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आवंटित जिलों में न्यूनतम 2 दिवस तक गहन परीक्षण किया जाना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण में संभाग स्तर पर कार्यरत बायोमेडिकल इंजीनियर, संबंधित प्रभारी अधिकारी एवं फार्मासिस्ट भी सहयोग प्रदान करेंगे।

# कोई महाराज भाग्य बदल देगा, यह फालतू बातें: प्रदीप मिश्रा

### मेरे चक्कर में बिल्कुल मत पड़ो, ट्रेन में मैं टॉयलेट तक नहीं जा पाता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आडंबर में मत पड़ो। कोई महाराज कहे कि मेरे पास आओ, हाथ रख दूंगा। तुम्हारा काम हो जाएगा। तुम्हें कुछ पढ़कर दे दूंगा। तुम्हारा भाग्य पलट दूंगा। ये सब फालतू की बातें हैं। अपनी मेहनत, लगन, परिश्रम और अपने भाग्य पर भरोसा करो। भाग्य बदलने का बल किसी में है तो वह सिर्फ आप में है। अगर भरोसा करना है तो भगवान पर करो। जो अमर है। हम कथा पर भरोसा नहीं करते। शिव पर भरोसा नहीं करते। इधर-उधर के चक्कर में पड़े रहते हैं।

शिवमहापुराण कथा के छठे दिन प्रदीप मिश्रा ने कहा- आप लोगों के चक्कर में मैं कमरे से बाहर नहीं आ पाता। मेरा भी दिल बाहर आने का करता है। कुछ समय पहले मैं ट्रेन के फर्स्ट एसी में सफर कर रहा था। मुझे टॉयलेट जाना था। मालूम चला टॉयलेट के बाहर भी लोग मोबाइल लेकर सेल्फी ले रहे हैं। मैं उनसे कह रहा हूं, मुझे अंदर जाना है। मुझे टॉयलेट तो जाने दो। चैन से जीने दो। मैं टॉयलेट तक नहीं जा पाता। ये नहीं करें। प्रदीप मिश्रा ने कहा- मेरी बात आप लोगों को बुरा लग जाएगी। कई लोग मेरे पास आते हैं। गुरुजी इनको तकलीफ है, आप अपना हाथ रख दो। मेरे हाथ रखने से क्या होगा? हाथ मेरे शंकर का एक बार रखवा कर देखो। तुम्हारी जिंदगी बन जाएगी। मेरे चक्कर में बिल्कुल मत पड़ो।

मैं आप सभी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि मेरे से ये मत कहो कि मेरे ऊपर हाथ रखो दो। मेरा कष्ट दूर हो जाएगा। मेरे शंकर से नाता जोड़ लो। यह शरीर आज है, कल नहीं रहेगा। शंकर अजर-अमर है। आप शंकर की भक्ति को पाने का प्रयास करें।

### बॉलीवुड के कलाकार मंदिर जाकर देते सनातन धर्म का संदेश

प्रदीप मिश्रा ने कहा- मुझे एक अधिकारी की बात अच्छी लगी। महाराष्ट्र में मेरी कथा हो रही थी। वहां के एक बड़े अधिकारी कथा सुनने आए। मैंने उनसे कहा आप इतने बड़े अधिकारी हैं। इतने बड़े पद पर हो। इतना बड़ा कार्यभार संभालते हो। उन्होंने कहा कि जब कोई बड़ा अधिकारी कथा या सत्संग में जाता है, केवल वह अपने लिए नहीं हजारों नवयुवक बेटे-बेटियों को प्रेरणा देता है। हमें सनातन धर्म की ओर बढ़ना है। कोई बड़ा आदमी बड़े पद पर हो तो उसे कुछ क्षण के लिए कथा सत्संग में जाना चाहिए। फिल्मों में काम करने वाले कलाकार, नेता, प्रसिद्ध व्यक्ति अगर बड़े-बड़े मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन करते हैं। उनके फोटो-वीडियो वायरल होते हैं। समाज में संदेश जाता है कि इतना बड़ा कलाकार होकर भी अगर भगवान के चरणों में झुक रहा है। आज की पीढ़ी को झुकना चाहिए। अगर भगवान ने अच्छी काया दी है। इसे भगवान के कर्म में लगाओ। भगवान ने अगर धन दिया है तो उसे सदुपयोग में लगाओ। जिसने काया दी है, उसे उसकी सेवा में लगाओ। भगवान जब धन वैभव दे देता है तो वह उसको भूल जाता है।

### सड़कों पर बैठकर भी कथा सुन रहे हैं

कथा सुनने आई लोगों की भीड़ पर प्रदीप मिश्रा ने कहा- किसी में सामर्थ्य नहीं कि इतनी बड़ी कथा करवा सके। कथा करवाने वाला भी शंकर है। कथा करने वाला भी शंकर है। सुनने वाले भी शंकर। बहुत सारे लोग पांडाल के बाहर बैठे हैं। जिन्हें मैं देख भी नहीं पा रहा। फिर भी वो सड़कों पर बैठकर कथा सुन रहे हैं। उनकी दशा मुझे पता है कि उनकी भी इच्छा है, हम भी पांडाल में व्यासपीठ का दर्शन करें। प्रणाम करें। मैं सभी से कहना चाहूंगा कि समिति ने बहुत बड़ा आयोजन किया है। आप लोगों के आगे कम पड़ गई। उन्हें समझने का प्रयास कीजिए। यह कथा राजस्थान के इतिहास में दर्ज होने जा रही है। इससे पहले इतनी बड़ी कथा यहां नहीं हुई। सड़कों पर बैठी सभी माताओं से कहना चाहूंगा आप जहां से कथा सुन रही हैं, मिट?टी को प्रणाम करके अपने घर जाएं। कथा करवाने वालों को आशीर्वाद दीजिए।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com